CMYK

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, बुधवार, 6 मार्च 2024 । वर्ष – 33 । अंक –307 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु





हिंद महासागर में देशों की स्वायत्तता और संप्रभुता की रक्षा कर रहा भारत : राजनाथ पृष्ठ 3

- युवाओं को मोदी का अनूठा टास्क ; सेल्फी खेंचो- एप्प में डाल तमाशा देखो
- संयुक्त राष्ट्र की विश्व में शांति और सुरक्षा बनाये रखने में विफलता

पृष्ठ 4

- शहबाज ने लिया पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को ठीक करने का संकल्प
- हिजबुल्लाह के हमले में एक भारतीय की मौत, दो अन्य घायल

पृष्ठ 9

शाहबाज नदीम ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास पृष्ठ 10

### कांग्रेस ने चुनावी बॉन्ड पर फिर घेरा

# चुनावी बॉन्ड का सच छुपाने का हो रहा षड़यंत्र

## सच छुपाने एसबीआई ने आंकड़े देने के लिए और समय मांगा

**नई दिल्ली,** 5 मार्च (देशबन्धु)। कांग्रेस ने कहा है कि राजनीतिक दलों को चुनावी बॉन्ड से मिले चंदे के सच पर पर्दा डालने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र का भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) चन्दे की राशि का विवरण देने के लिए समय मांग रहा है, जो डिजिटल इंडिया के युग में अत्यंत अव्यावाहारिक है और बताता है कि सच छिपाने का षड्यंत्र हो रहा है। कांग्रेस सोशल मीडिया एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म की चेयरपर्सन सुप्रिया श्रीनेत में मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सच पर पर्दा डालने का षड्यंत्र हो रहा है और यह बात किसी को हजम नहीं हो रही है कि एक क्लिक में सारा डेटा उपलब्ध हो सकता है, लेकिन उच्चतम न्यायालय के आदेश के पालन को लंबा खींचने के लिए एसबीआई को मोहरा बनाकर चुनाव सम्पन्न होने तक डेटा देने के लिए समय मांगा जा रहा है।

उन्होंने कहा, सुप्रीम कोर्ट ने गत 15 फरवरी को इलेक्टोरल बॉन्ड बैन करते हुए कहा था कि लोकतंत्र में किसने, किस पार्टी को, कितना पैसा दिया– यह सच जानने का हक जनता को है।



सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआई को आदेश दिया था कि 6 मार्च तक इलेक्टोरल बॉन्ड डोनर के नाम सार्वजनिक किए जाएं और चुनाव आयोग के साथ साझा किए जाए लेकिन अब एसबीआई ने कोर्ट से 30 जून तक का वक्त मांगा है क्योंकि वो इलेक्टोरल बॉन्ड का डेटा देने में असमर्थ है।' प्रवक्ता ने कहा, विडंबना देखिए कि डिजिटल बैंकिंग के युग में कंप्यूटर की एक क्लिक पर 22,217 इलेक्टोरल बॉन्ड का डेटा निकालने के लिए एसबीआई को 5 महीने चाहिए। ये वही एसबीआई है जिसके 48 करोड़ बैंक अकाउंट हैं, करीब 66,000 एटीएम और लगभग 23,000 ब्रांच हैं।'

### भाजपा को करीब 6500 करोड़ रुपए मिले

उन्होंने कहा, पिछले वित्त वर्ष के अंत तक करीब 12 हजार करोड़ रुपए इलेक्टोरल बॉन्ड के माध्यम से राजनीतिक पार्टियों को मिले, जिसमें सिर्फ भाजपा को करीब 6500 करोड़ रुपए मिले। भाजपा परेशान थी कि अगर चंदा देने वालों के नाम सार्वजनिक हो गए तो पता चल जाएगा कि उनका कौन सा मित्र कितना पैसा दे रहा था और क्यों दे रहा था। एक रिपोर्ट के अनुसार 30 कंपनियों ने भाजपा को करीब 335 करोड़ रुपए का चंदा दिया था जिनके ऊपर 2018 से 2023 के बीच एजेंसियों की कार्रवाई हुई थी। इनमें से 23 कंपनियां ऐसी थीं, जिन्होंने पहले कभी किसी भी राजनीतिक पार्टी को चंदा नहीं दिया था। श्रीमती श्रीनेत ने सरकार से सवाल पूछा, देश के सबसे बड़े बैंक एसबीआई को सिर्फ 22,217 इलेक्टोरल बॉन्ड की जानकारी देने के लिए 5 माह का समय क्यों चाहिए। इलेक्टोरल बॉन्ड की जानकारी देने की अंतिम तिथि से पहले एसबीआई अचानक से क्यों जागा। एसबीआई पर कौन दबाव बना रहा है।

### शिवकुमार के खिलाफ ईडी का मुकदमा रद्द

उच्चतम न्यायालय ने कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डी के शिवकुमार के खिलाफ 2018 के धनशोधन के एक मुकदमे की कार्यवाही को मंगलवार को रद्द कर दी। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने यह आदेश याचिकाकर्ता उप मुख्यमंत्री शिवकुमार और अन्य के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच जारी रखने के कर्नाटक उच्च न्यायालय के अगस्त 2019 के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर पारित किया। शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें ईडी को अपनी जांच जारी रखने की अनुमति दी गई थी।

# महतारी वंदन योजना की पहली किश्त 7 मार्च को

**रायपुर,** 5 मार्च (देशबन्धु)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2024 के अवसर पर 07 मार्च को सुबह 11 बजे प्रदेश की राजधानी रायपुर के साथ सभी जिला मुख्यालय, ब्लॉक मुख्यालय, नगरीय निकाय क्षेत्रों में महिला सम्मेलन का आयोजन महतारी वंदन सम्मेलन के रूप में किया जाएगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राज्य मुख्यालय, जिला मुख्यालय, ब्लॉक मुख्यालय एवं नगरीय निकायों में आयोजित कार्यक्रमों से सीधे ऑनलाईन जु?कर लोगों को संबोधित करेंगे और हितग्राहियों से बात करेंगे।

राजधानी रायपुर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शामिल होंगे और महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश की सभी पात्र विवाहित महिला हितग्राहियों के खाते में प्रथम बार राशि का अंतरण करेंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय हितग्राहियों से बात कर योजना के लाभ के बारे में चर्चा करेंगे। महिलाओं के खाते में राशि का भुगतान ऑनलाईन डी.बी.टी. मोड के माध्यम से किया जाएगा। इस अवसर पर छत्तीसग? को बाल विवाह मुक्त करने

- **पीएम नरेंद्र मोदी करेंगे महिलाओं को संबोधित**
- **छत्तीसगढ़ को बाल विवाह मुक्त करने के लिए भी होगा अभियान का शुभारंभ**

के अभियान का शुभारंभ भी किया जाएगा।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा प्रदेश की जनता को दी गई गारंटी को पूरा करते हुए राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में 01 मार्च 2024 से नवीन महतारी वंदन योजना लागू की गई है। योजना के तहत 21 वर्ष से अधिक आयु की पात्र विवाहित महिलाओं को 1000 रूपए की मासिक वित्तीय सहायता दी जाएगी। इस प्रकार महिलाओं को 12 हजार रूपए वार्षिक प्राप्त होगा। योजना के तहत 07 मार्च को पहली बार सहायता राशि दी जाएगी। इससे लगभग 70 लाख से अधिक महिलाएं लाभान्वित होंगी।

महतारी वंदन योजना के क्रियान्वयन के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग को नोडल विभाग बनाया गया है। विभाग की संचालक तुलिका प्रजापति के द्वारा सभी कलेक्टरों, जिला कार्यक्रम अधिकारी और जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारियों को महतारी वंदन सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। निर्देश में कार्यक्रम के प्रदेश में सीधा प्रसारण के लिए राज्य मुख्यालय से सभी जिला मुख्यालयों, ब्लाक मुख्यालय और नगरीय निकायों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लिंक करने कहा गया है। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण, नगरीय निकाय के प्रतिनिधिगण, पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधि की सहभागिता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए हैं।

## सार संक्षेप

### राहुल ने उज्जैन में महाकाल मंदिर में दर्शन किए

**उज्जैन।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने आज उज्जैन स्थित विश्व प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन कर पूजा की। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत मध्यप्रदेश के उज्जैन पहुंचे श्री गांधी ने अपरान्ह महाकाल भगवान के दर्शन कर पूजा की। इस दौरान वे केसरिया दुपट्टा गले में धारण किए हुए थे। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। श्री पटवारी ने सोशल मीडिया के जरिए कहा कि श्री गांधी ने बाबा महाकाल के दरबार में पूजा अर्चन कर देशवासियों की खुशहाली के लिए कामना की। उन्होंने इस संबंध में अनेक फोटो भी सोशल मीडिया पर पोस्ट किए हैं।

### उत्तर भारत में बारिश, हिमपात के आसार

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत के कुछ हिस्सों में सात मार्च तक हल्की से मध्यम बारिश और हिमपात होने का अनुमान जताया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र (आईएमडी) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। आईएमडी ने कहा कि पांच-सात मार्च के दौरान पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में छिटपुट हल्की बारिश और हिमपात होने के अलावा देश के अन्य हिस्सों में अगले पांच दिन मौसम शुष्क रहने का अनुमान है।

### रांची में मिले स्वाइन फ्लू के तीन संदिग्ध मरीज, बढ़ा अलर्ट

**रांची।** रांची में स्वाइन फ्लू के तीन संदिग्ध मरीज मिले हैं। इनका इलाज शहर के मेडिका हॉस्पिटल में कराया जा रहा है। इनके सैंपल जांच के लिए भेजे गए हैं, जिसकी रिपोर्ट फिलहाल नहीं आई है। इसे लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। विभाग के अफसरों को स्थिति पर नजर बनाए रखने को कहा गया है। इसके पहले रांची के एक डॉक्टर और उनके पुत्र भी स्वाइन फ्लू से संक्रमित हुए थे, जो इलाज के बाद ठीक हो चुके हैं।

### ओमप्रकाश राजभर समेत 4 मंत्रियों ने ली शपथ

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार के दूसरे कार्यकाल के पहले बहुप्रतीक्षित मंत्रिमंडल विस्तार में सोमवार को चार नए मंत्रियों ने शपथ ली। राजभवन में एक सादे समारोह में राज्यपाल आनदीबेन पटेल ने सुहेलदेव, ओम प्रकाश राजभर, दारा सिंह चौहान, अनिल कुमार और सुनील शर्मा को मंत्री पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

# टिकट को लेकर कांग्रेस में घमासान

## बेटे के लिए बैज के खिलाफ कवासी लखमा ने खोला मोर्चा

**रायपुर,** 5 मार्च (देशबन्धु)। ।लोकसभा टिकट के लिए कांग्रेस में घमासान के चलते अब तक प्रत्याशियों के नाम तय नहीं हो पाए है। 7मार्च को दिल्ली में होने वाली कांग्रेस चुनाव कमेटी की बैठक होगी। जिसमें प्रत्याशियों के नाम पर मुहर लग सकती है। जिसके चलते नए लोगों को अवसर मिलने की उम्मीद कम नजर आ रही है।

सूत्रों की माने तो टिकट को लेकर एक गुट विशेष से जुड़े नेताओ ने प्रदेश की 11में से अधिकांश सीटों पर सिंगल नाम का पेनल बनाया है। जिसमे विधान सभा चुनाव हारने व जितने वालों के नाम है। सिंगल नाम होने के चलते कांग्रेस वर्किंग कमेटी इन नामों पर मुहर लगा सकती है। महासमुंद से धनेंद्र साहू दुर्ग से ताम्र ध्वज साहू, कोरबा से ज्योत्शना महंत, जांजगीर से शिव डहरिया, सरगुजा से शशि सिंह, रायगढ़ से लालजीत सिंह राठिया का नाम तय किया गया है। राजनांदगांव से भूपेश बघेल के नही लड़ने पर छनी साहू को टिकट दिया जा सकता है।कांकेर से अनिला भेड़िया व बिरेश ठाकुर का नाम है। बिलासपुर लोकसभा को लेकर सबसे अधिक घमासान मचा हुआ है। यहां पर दावेदारों की संख्या भी सर्वाधिक है। इस बीच विधायक कवासी लखमा ने बस्तर से अपने पुत्र हरिश लखमा को टिकट दिलाने प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। विधायक का चुनाव हारने वाले दीपक बैज यहां से लोकसभा चुनाव लडना चाहते है। विधानसभा चुनाव में मिली हार के बाद शायद अब कांग्रेस नेता यह मानकर चल रहे हैं कि उनके पास खोने के लिए कुछ नहीं है,तभी तो वे दिल्ली जाकर पार्टी आलाकमान की मुश्किलें बढ़ा रहे हैं। कोई भी सीट ऐसी नहीं हैं जहां पर एक नाम तय हो सके। यहां तक कि प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के नाम पर बस्तर के ही वरिष्ठ विधायक कवासी लखमा ने मोर्चा खोल दिया है। कुछ पूर्व विधायकों व नेताओ को लेकर वे दिल्ली पहुंच गए हैं और हरीश लखमा को टिकट देने की मांग कर रहे हैं। दो टूक कह दिया है कि जो विधानसभा नहीं जीत पाए वह लोकसभा क्या जीतेंगे? वहीं कोरबा सांसद ज्योत्सना महंत के नाम का भी अब विरोध होने लगा है। पूर्व मुख्यमंत्री व कुछ हारे हुए मंत्रियों पर आलाकमान दबाव बना रही है कि वे चुनाव लड़े। जैसे तैसे कांग्रेस को छत्तीसगढ़ से कुछ सीट की उम्मीद है इसलिए वह हर सीट व हर नाम पर गहन विचार कर रही है। लेकिन छत्तीसगढ कांग्रेस के नेता है कि खुलकर विरोध और समर्थन पर उतर आए हैं। कांग्रेस नेताओं की खेमेबंदी ने टिकट को लेकर घमासान मचा दिया है।

### रायपुर में बृजमोहन के खिलाफ भूपेश बघेल होंगे प्रत्याशी



रायपुर सीट से भाजपा ने उच्च शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल को प्रत्याशी बनाया है। आठ बार के विधायक को सांसद टिकट देने की घोषणा के बाद से ही रायपुर में कांग्रेस की चिंता बढ़ गई है। बृजमोहन के सामने किसे चुनाव लड़ाया जाए इस पर पार्टी मंथन कर रही है।काफी विचार के बाद पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने पूर्व सीएम भूपेश बघेल को रायपुर से प्रत्याशी बनाए जाने की सिफारिश की है।7 मार्च को कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक में इस पर मुहर लग सकती है। भाजपा की तरह कांग्रेस भी तीन सीटों पर महिला प्रत्याशी को मौका दे सकती है।

# अपहरण मामले में पूर्व सांसद धनंजय सिंह दोषी करार

**जौनपुर, 5** मार्च (एजेंसियां)। पूर्व सांसद धनंजय सिंह व सहयोगी संतोष विक्रम को अपहरण व रंगदारी मांगने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश शरद त्रिपाठी द्वारा मंगलवार को दोषी करार दिया गया। सजा के प्रश्न पर सुनवाई बुधवार को होगी।

मुजफ्फरनगर निवासी जौनपुर के नमामि गंगे के प्रोजेक्ट मैनेजर अभिनव सिंघल ने 10 मई 2020 को लाइन बाजार थाने में अपहरण, रंगदारी मांगने व अन्य धाराओं में धनंजय सिंह व उनके साथी संतोष विक्रम पर प्राथमिकी दर्ज कराई थी। कहा था कि संतोष विक्रम दो साथियों के साथ वादी का अपहरण कर पूर्व सांसद के आवास पर ले गया। वहां धनंजय सिंह वादी को कम गुणवत्ता वाली सामग्री की आपूर्ति करने के लिए दबाव बनाया। इनकार करने पर धमकी देते हुए रंगदारी मांगी। मामले में एफआईआर दर्ज कर पुलिस ने धनंजय सिंह को गिरफ्तार कर लिया था, हालांकि बाद में जमानत मिल गई। पुलिस ने रिपोर्ट न्यायालय में प्रेषित किया था। बुधवार को मामले में सुनवाई करते हुए न्यायालय ने दोनों को दोषी करार दिया।

# कांग्रेस ने केंद्रीय चुनाव समिति की कल बैठक बुलाई

**विंध्यवासिनी त्रिपाठी**

**नई दिल्ली,** 5 मार्च (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने अपने 195 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। इसके बाद अब कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवारों की पहली सूची का इंतजार हो रहा है। इस बीच पता चला है कि 7 मार्च को कांग्रेस पार्टी के केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक होने जा रही है। कांगेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अगुवाई में हो रही इस बैठक में 150 से ज्यादा उम्मीदवारों के नामों पर मुहर लग सकती है। इसके बाद पहली सूची जारी कर दी जाएगी। इस बैठक में सभी उत्तर-पूर्वी राज्यों, दिल्ली, हरियाणा, मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, केरल कर्नाटक और तेलंगाना के लिए स्क्रीनिंग समितियों ने पिछले हफ्तों में संभावित उम्मीदवारों के नामों की जो सूची बनाई थी, केंद्रीय चुनाव समिति उसी सूची पर विचार कर अंतिम फैसला करेगी। कांग्रेस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, छत्तीसगढ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंह देव को क्रमशः राजनादगांव और बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र से चुनावी मैदान में उतारा जा सकता है। इसके अलावा बस्तर से राज्य इकाई प्रमुख दीपक बैज, कोरबा से ज्योत्सना महंत, दुर्ग से ताम्रध्वज साहू, रायपुर से विकास उपाध्याय और जांजगीर-चांपा से शिवडहरिया के नामों पर भी विचार किया जा सकता है। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत चुनाव नहीं लडना चाहते हैं, लेकिन जालौर सिरोही से अपने बेटे वैभव गहलोत को चुनाव लडाना चाहते हैं। इसके अलावा हरियाणा ↘↘ *शेष पृष्ठ 2 पर* ↘

- **डेढ सौ से ज्यादा उम्मीदवारों के नामों पर लग सकती है मुहर**

### 'मोदी का परिवार' अभियान पर तेजस्वी का तंज

# 100 करोड़ बेरोजगार, 120 करोड़ महंगाई से लाचार, फिर भी कहते हैं सब उनके परिवार



**पटना,** 5 मार्च (देशबन्धु)। भाजपा द्वारा पूरे देश में चलाए जा रहे 'मोदी का परिवार' अभियान को लेकर कविता के जरिए राजद नेता तेजस्वी ने तीखा तंज किया है। तेजस्वी ने कहा कि '80 करोड़ गरीबी से करते हैं हाहाकार, 100 करोड़ बेरोजगार, 120 करोड़ महंगाई से लाचार, दुखी सब परिवार फिर भी कहते हैं सब उनके परिवार'। तेजस्वी ने कहा कि मुद्दे की बात होनी चाहिए। पिछली बार चौकीदार हो गए थे और अब परिवार हो गए हैं। इससे काम नहीं चलने वाला है, आपको बताना होगा कि आपने कितने लोगों को नौकरी और रोजगार दिया है। आपने कितने कारखाने खोले, आपने महंगाई कम किया या नहीं किया, आपने पलायन रोका या नहीं रोका, आपने बिहार के लिए क्या दिया, देश से कितनी गरीबी हटाने का काम केंद्र सरकार ने किया, उनको इन मुद्दों पर लोगों से बात करनी चाहिए।

**किसानों पर लाठियां बरसाई जा रही हैं** –किसानों पर लाठियां बरसाई जा रही हैं क्या वे उनके परिवार नहीं है। अपने परिवार के लोगों के साथ कोई इस तरह का काम करता है क्या? किसानों से मिलने के लिए उनके पास समय नहीं है। क्यों नहीं मिल रहे हैं किसानों से, क्या सिर्फ कहने के लिए किसान उनके परिवार हैं। प्रधानमंत्री की कथनी और करनी में बहुत बड़ा फर्क है। सिर्फ मोदी का परिवार कह देने भर से क्या सभी समस्याएं खत्म हो जाएंगी। वहीं इंडिया गठबंधन में सीट शेयरिंग के सवाल पर तेजस्वी ने कहा कि सहयोगी दलों से बातचीत चल रही है।

### ओडिशा से छत्तीसगढ़ में हो रही थी चांदी की तस्करी

# चेकिंग के दौरान कार से 35 किलो चांदी के जेवर जब्त

**रायपुर,** 5 मार्च (देशबन्धु)। ओडिशा से छत्तीसगढ़ की जा रही चांदी की तस्करी में रायपुर पुलिस को ब?ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने एक अर्टिगा कार से 35 किलोग्राम से अधिक चांदी के जेवर जब्त किये हैं। जब्त आभूषण की कीमत 27 लाख 52 हजार रुपये बताई जा रही है। पुलिस को वाहन चेकिंग के दौरान बड़ी मात्रा में चांदी के जेवरात मिले हैं। यह मामला मंदिर हसौद



थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के अनुसार, आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए एसएसपी संतोष कुमार सिंह के निर्देशानुसार 4 मार्च को एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट, मंदिर हसौद और आरंग पुलिस की संयुक्त टीम ने मंदिर हसौद अंतर्गत स्थित टोल नाका पास वाहनों की आकस्मिक चेकिंग की। चेकिंग के ↘↘ *शेष पृष्ठ 2 पर* ↘

# संदेशखाली मामले

## ईडी पर हमले की सीबीआई जांच के खिलाफ लगाई गुहार

नई दिल्ली, 5 मार्च (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल सरकार ने मंगलवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय के उस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया, जिसमें उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली में ईडी और सीएपीएफ टीमों पर हमले की सीबीआई से स्वतंत्र जांच कराने का आदेश दिया गया था। राज्य सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने शीर्ष अदालत से इस मामले में तत्काल दखल देने का आग्रह करते हुए न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष मामले का जिक्र किया।

सिंघवी ने तात्कालिकता के बारे में बताते हुए कहा कि कलकत्ता उच्च न्यायालय ने मंगलवार को ही राज्य पुलिस को मामले से संबंधित सभी दस्तावेज सीबीआई को सौंपने का आदेश दिया था। इस पर, न्यायमूर्ति खन्ना की अगुवाई वाली पीठ ने पश्चिम बंगाल सरकार से इस मुद्दे पर तत्काल सुनवाई के लिए प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ से निर्देश प्राप्त करने के लिए शीर्ष अदालत के रजिस्ट्रार (न्यायिक) से संपर्क करने को कहा।.

### लोस चुनाव — तैयारियों के आकलन के लिए राज्यों के दौरे पर है आयोग

# अगले हफ्ते हो सकता है चुनाव की तारीखों का ऐलान

**नई दिल्ली,** 5 मार्च (एजेंसियां)। चुनाव आयोग आगामी लोकसभा चुनाव 2 2 3 की तारीखों का एलान 1 4- 1 5 मार्च को कर सकता है। सूत्रों का कहना है कि 2 1 9 के लोकसभा चुनावों की तर्ज पर ही इस बार भी सात चरण में ही चुनाव कराए जा सकते हैं। अप्रैल के दूसरे सप्ताह में पहले चरण के लिए मतदान हो सकता है।

*सूत्रों का कहना है कि चुनाव आयोग अगले हफ्ते किसी भी दिन लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा कर सकता है। फिलहाल आयोग आम चुनाव की तैयारियों का आकलन करने के लिए कई राज्यों के दौरे पर है। सभी राज्यों में तैयारियों का आकलन करने के बाद ही आयोग चुनाव की तारीखों की एलान करेगा। आयोग के अफसर अभी पश्चिम बंगाल के दौरे पर हैं। इसके बाद टीम उत्तर प्रदेश और फिर जम्मू-कश्मीर का दौरा करेगी। ये टीम 13 मार्च तक अपना दौरा पूरा कर लेगी। इस बीच चुनाव आयोग राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के साथ लगातार बैठक भी करेगा। इस बीच चुनाव के मद्देनजर सभी राजनीतिक दल भी अपनी-अपनी तैयारियों में लगे हैं। चुनाव की तारीखों की घोषणा से पहले ही कई पार्टियों ने अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। सत्तारूढ़ भाजपा ने हाल ही में 195 सीट पर अपने प्रत्याशियों का एलान कर दिया है। वहीं आम आदमी पार्टी, समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय लोकदल ने भी अपने उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर दी है।*

***मोदी भी 13 तक राज्यों के दौरे पर***

*चुनाव की घोषणा से ठीक पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के विभिन्न राज्यों के दौरे पर हैं। पीएम 10 दिन में 12 राज्यों और केंद्र शासित राज्यों का दौरा करेंगे। इस दौरान वे 29 कार्यक्रमों में भाग लेंगे। पीएम मोदी इस दौरान तेलंगाना, तमिलनाडु, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, बिहार, जम्मू-कश्मीर, असम, अरुणाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, गुजरात, राजस्थान और दिल्ली का दौरा करेंगे। पीएम मोदी 5 मार्च से लगातार 13 मार्च तक दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे कई परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे। साथ ही जनसभा को संबोधित करेंगे। उम्मीद की जा रही है कि पीएम के दौरे खत्म होने के बाद चुनाव आयोग कभी भी चुनाव की तारीखों का एलान कर सकता है। 2019 में 11 अप्रैल से 19 मई के बीच सात चरणों में हुए थे और वोटों की गिनती 23 मई को हुई थी। 2019 में वोटर लिस्ट में 90 करोड़ मतदाताओं के नाम शामिल थे, जबकि 2014 के आम चुनाव में 81 करोड़ 45 लाख मतदाता थे। वहीं, इस साल होने वाले लोकसभा चुनाव में 96.8 करोड़ से अधिक नागरिक मतदान करेंगे।*

## लंबित प्रकरणों का निराकरण 15 दिन के भीतर अनिवार्य रूप से करने के निर्देश

# जनहित के कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी- कलेक्टर

- फ्लैगशिप योजनाओं के क्रियान्वयन में लक्ष्य के अनुरूप लाएं प्रगति
- नवपदस्थ कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी ने ली साप्ताहिक समय सीमा की पहली बैठक




**गौरेला पेंड्रा मरवाही** 05 मार्च (देशबन्धु)। कलेक्टर श्रीमती लीना कमलेश मंडावी ने जिला अधिकारियों को जन शिकायत एवं जनसमस्याओं के प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनहित के कार्यो में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने समय सीमा के सभी लंबित प्रकरणों को अगले 15 दिनों में अनिवार्य रूप से निराकृत करने के निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट के अरपा सभा कक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में कलेक्टर श्रीमती लीना कमलेश मंडावी ने श्री रामलला दर्शन योजना, महतारी वंदन योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, पीएम आवास योजना, पीएम जनमन योजना सहित फ्लैगशिप योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पीएम जनमन योजना के तहत विद्युत एवं क्रेडा विभाग के अधिकारियों को समन्वय से आगामी 31 मार्च तक शत प्रतिशत बैगा परिवारों के घरों का विद्युतीकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला पंचायत (डीआरडीए) से सभी बैगा जनजातियों के आधार कार्ड की सूची लेने और ग्राहक सेवा केंद्र के माध्यम से शिविर लगाकर सभी बैगा जनों का आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने बैगा जनजाति के सभी घरों में नल जल कनेक्शन का कार्य पूर्ण करने तथा जहां नल कनेक्शन संभव नहीं हो पा रहा है वहां वैकल्पिक रूप से कुंआ के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पीएम आवास, उज्जवला गैस कनेक्शन, जनधन खाता, केसीसी, वन अधिकार पट्टा, जाति प्रमाण पत्र, वोटर आईडी आदि से सभी बैगा जनजाति के लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने जनसमस्याओं एवं जन शिकायतों के निराकरण की विभागवार समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों का परीक्षण करने और जांच प्रतिवेदन के आधार पर शीघ्र निराकृत करने कहा। उन्होंने कहा कि नियमों-प्रावधानों के दायरे में नही आने पर प्रकरण को लंबित नहीं रखे, बल्कि कारण बताते हुए संबंधित आवेदक को सूचित करें। उन्होने मनरेगा के कार्यो को समय सीमा में पूर्ण करने, अधोसंरचना के कार्यों की तकनीकी स्वीकृति जारी करने, हाई कोर्ट के प्रकरणों का जवाब समय पर प्रस्तुत करने सहित जनहित के कार्यो को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र निराकृत करेन के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने जिला अधिकारियों को नियमित रूप से मैदानी क्षेत्रों का भ्रमण करने और योजनाओं की प्रगति की जानकारी पोर्टल में दर्ज कराने तथा पोर्टल में किसी तरह ही तकनीकी समस्या आने पर स्टेट एवं सेंट्रल से बात कर तत्काल ठीक कराने के निर्देश दिए। उन्होने सभी जिला अधिकारियों को समय का पाबंद होने और अवकाश के दिनों में उनके अनुमति के बिना मुख्यालय नहीं छोड़ने निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती नम्रता आनंद डोंगरे, परियोजना निदेशक डीआरडीए केपी तेंदुलकर, संयुक्त कलेक्टर आनंद रूप तिवारी, एसडीएम मरवाही दिलेराम डाहिरे एवं पेंड्रारोड अमित बेक, सीएमएचओ डॉ. आइ नागेश्वर राव, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास डॉ ललित शुक्ला, जिला शिक्षा अधिकारी जेके शास्त्री, उप पुलिस अधीक्षक मीरा अग्रवाल सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## शिक्षक मांगो के लिए रणनीति बनाकर कार्य करने का निर्णय

**बिलासपुर**,5 मार्च (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन की प्रांतीय वर्चुएल बैठक प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई, बैठक में प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा द्वारा मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री व वित्त मंत्री को दिए गए ज्ञापन व चर्चा की जानकारी विस्तार से दी गयी। प्रथम नियुक्ति के आधार पर 20 वर्ष में पूर्ण पेंशन देने, पेंशन हेतु 33 वर्ष की सेवा के स्थान पर केंद्र, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड की तरह 33 वर्ष की जगह 20 वर्ष करने, वेतन विसंगति को दूर करने, क्रमोन्नति वेतनमान पूर्व सेवा के आधार पर निर्धारित करने, प्राचार्य के पद पर एल बी संवर्ग के व्याख्याता को पदोन्नति करने,व्याख्याता, शिक्षक व प्रधान पाठक मिडिल, प्रायमरी के सभी रिक्त पदों पर शीघ्र पदोन्नति करने, लंबित 4 त्न महंगाई भत्ता देने की मांग पर तथ्य के आधार पर चर्चा की गई, प्रमुख मांगो के अलावा पूरक मांग पत्र तैयार करने का भी निर्णय लिया गया। राजस्थान में पुरानी पेंशन योजना को बंद नही किया गया है बल्कि वहां पुरानी पेंशन का लाभ दिया जा रहा है, कुछ माध्यम से गलत जानकारी आई है, जिससे सतर्क रहने कहा गया है। सभी जिला व ब्लाक में बैठक में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक का संचालन प्रांतीय सचिव मनोज सनाढ्य ने किया। बैठक को वाजिद खान, बसंत प्रोविधानकी लिया नायर अहम चतुर्वेदी, शैलेन्द्र पारीक, उदय प्रताप सिंह, ॠषि देव सिंह, रमेश चंद्रवंशी सहित पदाधिकारियों ने संबोधित किया। बैठक में प्रांतीय पदाधिकारी व जिला अध्यक्ष ने विचार रखा। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन द्वारा स्थानीय व क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियो को ज्ञापन दिए।


### कार्यालय नगर पालिक निगम जोन क्रं .02 बिलासपुर (छ.ग.)
### मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक/3078/न.पा.नि./लो.नि.वि./2024 बिलासपुर, दिनांक 05.03.2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र 'अ' में त्रि-लिफाफा पद्धति में पीएचई एसओआर 01.06.2020 से कम या अधिक पर मुहर बंद निविदा पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट में आमंत्रित की जाती है :-

(1) निविदा दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय – दिनांक 21.03.2024 सायं 4.00 बजे तक।
(2) निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि व समय – दिनांक 21.03.2024 सायं 4.30 बजे ।

| क्रं. | कार्य का नाम एवं विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्रं. 05 में पेयजल हेतु पाईप लाईन विस्तार कार्य। (पार्षद निधि) | 2.00 | 2000/- | 300.00 |

नोटः- कार्य का विस्तृत विवरण/निविदा शर्तों एवं अन्य जानकारी का अवलोकन कार्यालयीन अवधि में लोक निर्माण शाखा में किया जा सकता है। निविदा संबंधी समस्त जानकारी www.bilaspurnagarnigam.com में देखी जा सकती है।

जोन कमिश्नर, जोन क्र.02
नगर पालिक निगम, बिलासपुर (छ.ग.)

Green City, Clean City, Dream City.


## सार-संक्षेप

### लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते कार सवार ने पदयात्री को मारी ठोकर

**तखतपुर** 05 मार्च (देशबन्धु)। पद यात्री को कार चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ठोकर मार दिया, रिपोर्ट पर पुलिस ने कार चालक के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार धूमा निवासी जितेंद्र भास्कर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि चार मार्च को दोपहर 3 बजे उसकी पुत्री माही घर के सामने खड़ी थी तभी सामने की ओर से आ रही ब्रेजा कार क्रमांक सीजी 10 बीके 2869 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ठोकर मार दिया जिसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई पुलिस ने ब्रेजा कार के चालक के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है।

### सूने मकान में चोरी, मामला दर्ज

**तखतपुर** 05 मार्च (देशबन्धु)। बंद मकान से अज्ञात चोर ने पायल झुमका सिक्का सहित लगभग 95000 का माल पार कर दिया रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 380, 454 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार जरौंधा निवासी बोधन बंजारे ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि उसके मकान को वह बंद कर खेत गया हुआ था और जब वापस आया तो देखा अलमारी का ताला टूटा है।और उसमें मंगलसूत्र, मासा, लॉकेट, फुली, झुमका सहित लगभग 95 हजार का माल पार कर दिया।रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 380, 454 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है।

## फिल्म अभिनेत्री पूजा गौर करेंगी महिलाओं को सम्मानित




### पांच दिनों तक पुलिस के सहयोग से महिलाओं को किया जाएगा जागरूक

**बिलासपुर**, 5 मार्च (देशबन्धु)। महिला दिवस के उपलक्ष्य में बिलासपुर पुलिस के सहयोग से अनअकैडमी सेंटर द्वारा नारी आज के युग की 7 मार्च से 12 मार्च तक अभिव्यक्ति, जागरूकता अभियान के रूप में चलाया जायेगा। महिला सशक्तिकरण को लेकर विभिन्न माध्यमों से इसका प्रचार प्रसार किया जाएगा। इसकी शुरुआत 7 मार्च से होगी तथा 12 मार्च को लखीराम अग्रवाल ऑडिटोरियम बिलासपुर में इस कार्यक्रम का ग्रैंड फिनाले होगा। इस दौरान सम्मान समारोह, टैलेंट शो, मदर चाइल्ड रनवे कर कार्यक्रम का समापन किया जाएगा।

मंगलवार को बिलासपुर प्रेस क्लब में पत्रकारों को जानकारी देते हुए कार्यक्रम आयोजक अंशु सिंह और उनके सहयोगी आर्या,काजल,रौनक ध्रुव ने बताया कि इस कार्यक्रम में हिन्दी सीरियल एवम् फ़िल्म जगत की मशहूर फिल्म अभिनेत्री पूजा गोर सेलिब्रिटी गेस्ट के रूप में मौजूद रहेंगी। पूजा गौर प्रतिज्ञा सीरियल फ़िल्म केदारनाथ में मुख्य भूमिका में नज़र आई है। वह स्वयं अपने हाथ से नारी शक्ति का सम्मान करेगी इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि तथा प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। 7 मार्च से इस कार्यक्रम की शुरुवात होगी जिसमें नुक्कड़ नाटक, स्वैष्ठ वॉल के ज़रिए फिल्म एवं सोशल मीडिया में जागरूकता सॉग के माध्यम से लोगो को जागरूक करने का प्रयास किया जाएगा। अभिव्यक्ति ऐप के फ़ायदे एवम् इस्तेमाल के बारे में भी बताया जाएगा जो कि महिलाओं के लिए छत्तीसगढ़ पुलिस की एक अनोखी पहल होगी। इसे हर महिला को जानना जरूरी है।

## युवा संसद कार्यक्रम संपन्न

**बिलासपुर**, 5 मार्च (देशबन्धु)। नेहरू युवा केन्द्र बिलासपुर युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय भारत सरकार के अन्तर्गत जिला स्तरीय आस-पडोंस युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन डीपी विप्र लॉ कॉलेज में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथी के रूप में सुशांत शुक्ला, विधायक बेलतरा एवं अध्यक्ष के रूप में अन्नू भाई सोनी, प्राचार्य डीपी विप्र लॉ महाविधालय उपस्थित रहे ।कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। तत्पश्चात् अतिथियों का फूलमाला व बुके से स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देष्य जिला स्तर पर युवाओं को मंच प्रदान करना है, जहां पर वे परस्पर विचारो का अदान-प्रदान करे। कार्यकम के अध्यक्ष अन्नू भाई सोनी प्राचार्य डी.पी. विप्र लॉ महाविधालय ने कहा कि युवाओ को कार्यक्रम में प्रदान जानकारी को स्वयं लेकर उसे अपने क्षेत्र में प्रसारित करना चाहिए।


### कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)
### ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

क्र./ ज.प्र.सं./ 2024 दिनांक 01.03.2024

नगर पालिक निगम, कोरबा द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु व्यवसाय के संबंधित अनुभवी निविदाकारों/ फर्मों से शेड्यूल अनुसार आईटम दरों पर ई-टेडरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू.लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | जलप्रदाय संधारण कार्य हेतु सी.आई./ जी.आई./ एम.एस./ जी.एम./ ए.सी./ डी.आई.पाईप सामग्री खरीदी हेतु वार्षिक दर निर्धारण। (निगम मद) (प्रथम निविदा) | | 21.03.2024 (T.No.153534) |
| | जलप्रदाय संधारण कार्य हेतु विविध सामग्री खरीदी वार्षिक दर पर। (निगम मद) (प्रथम निविदा) | | 21.03.2024 (T.No.153535) |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डानलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईट www. korbamunicipal.in पर भी देखी जा सकती है।

॥ स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें ॥

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम
कोरबा (छत्तीसगढ़)


प्रथम पृष्ठ का शेष

### कांग्रेस ने केंद्रीय चुनाव समिति...

में पार्टी कुमारी शैलजा को अंबाला, गीता भुक्कल को सिरसा,दीपेंद्र सिंह हुड्डा को रोहतक,कर्नला रोहित चैधरी को सोनीपत,जितेंद्र भरद्वाज को गुढगांव और करण दलाल को फरीदाबाद से टिकट दे सकती है। बतादें कि पहले कांग्रस ने फरवरी के आखिर तक नामों की स्क्रीनिंग करने और मार्च के पहले सप्ताह में उम्मीदवारों के नाम घोषित करने की तैयारी में थी। लेकिन राहुल गांधी की भारत जोडो न्याय यात्रा और बिहार,झारखंड,तमिलनाडु और महाराष्ट में लंबित सीट बटवारे के चलते इसमें कुछ विनम्ब हो गया।

### चेकिंग के दौरान कार से...

दौरान पुलिस की टीम को अर्टिगा कार क्रमांक सी जी/07/बी यू/8984 में बैग में रखे चांदी के जेवरात मिले। जिसके बाद टीम ने वाहन में सवार व्यक्ति से पूछताछ किया तो उसने अपना नाम राजेश सोनी निवासी सदर बाजार दुर्ग निवासी बताया।

चांदी के जेवरातों के संबंध में पूछताछ करने और वैध दस्तावेज की मांग करने पर राजेश सोनी ने किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया और टीम के सदस्यों को लगातार गुमराह करने लगा। जिसपर टीम के सदस्यों ने राजेश सोनी के कब्जे से कुल 35 किलो 743 ग्राम चांदी के जेवरात कीमती लगभग 27 लाख 52000 को जब्त किया। मामले में मंदिर हसौद थाने में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## हिन्द एनर्जी एण्ड कोलवासरी बेनिफिसरी इंडिया की जनसुनवाई निरस्त करने की मांग

**बिलासपुर**, 5 मार्च (देशबन्धु)। ग्रामीणों ने बताया कि. सन् 2004 में जेके इंजीनयरिंग कॉलेज की स्थापना हुई थी, शैक्षणिक संस्थान के बगल में कोलवासरी खोलना असंवैधानिक है। संस्थान के द्वारा न्यायालिन कार्यवाही में आदेश प्राप्त हुआ था कोलवासरी को बंद करने को, जो आज दिनांक तक संचालित है। हिन्द कोलवासरी ग्राम खैरा गतौरा उम स्थिापित की गई है। कोलवासरी के समीप अबादी क्षेत्र है जिससे वहा के रहवासी को कोल डस्ट के कारण बिमारी का शिकार हो रहे है तथा कृषि के उपजाउ पन में कमी आई है। मानव जीवन को देखते हुये यूनिट का विस्तार न किया जावें ये स्वास्थ व पर्यावरण की दृष्टिकोण से उचित नही है।

. कम्पनी के द्वारा जिस कंसल्टेंट कम्पनी से पी.आई.ए. रिर्पोट बनवायी गई है वह रिर्पोट पुरी तरह फर्जी है। 4. हिंन्द कोलवासरी की भूमि का डायवर्शन व्यवसायिक किया गया है। डायवर्शन कराते वक्त वासरी संचालक के द्वारा डायवर्शन शाखा मे 40 फिट की रोड बतायी गयी है। जबकी यह सडक प्रधानमंत्री योजना के तहत बनी है। इसकी चौडाई महज 6. मीटर है। गलत जानकारी देकर उक्त भूमि का डायवर्शन कराया गया है। क्योकि प्रधानमंत्री सडक योजना का भार क्षमता महज 6-12 टन है। कोयला से भरे वाहनो का वनज 80-120 टन होता है। प्रतिबंधित सडक पर ओवर लोड गाड़ियो का चलाया जाना अवैधानिक है। अतः 06/03/2024 को होने वाली जन सुनवाई को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जावे। खैरा गतौरा से लगे हुये ग्राम पंचायत, जयरामनगर, पाराघाट, भनेशर, खूडूभाठा, मोहतरा, भदौरा, मस्तूरी, किरारी, दरीघाट, लावर, लिमतरा, भिलाई, ये सभी ग्राम पंचायत हिंद कालवासरी से 10 कि.मी. की वायु सीमा की परिधी में आते है। नियमतः इस पंचायतो को ई.आई.ए. रिर्पोट अवलोकन हेतू दिया जाना था। परन्तु र्यावरण विभाग द्वारा प्रदान नही किया गया है जिस कारण इन ग्राम पंचायतो द्वारा विधि समंत जन सुनवाई को निरस्त करने की, जिला कलेक्टर महोदय से अनुरोध किया जाता है। यदि उचित कार्यवाही नहीं होती है तो, न्यायालय जाने को बाध्य होंगे।


### NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, NEERAJ MITTAL S/O RAMAVTAR MITTAL resident of GANDHI GANJ KE PICHE RAIGARH WARD 19 RAIGARH (C.G.) 496001 have changed my old name NEERAJ MITTAL S/O RAMAWATRA MITTAL so in future I should be recognized by my new name that is NEERAJ AGRAWAL S/O RAMAVTAR MITTAL in all Government and other documents.

NEERAJ AGRAWAL
GANDHI GANJ KE PICHE
RAIGARH WARD 19 RAIGARH
(C.G.) 496001



### कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नारायणपुर जिला नारायणपुर (छ.ग.)

Phone No. 07781-252913 E-Mail ID cmhonpur@gmail.com

क्रमांक/ स्था/ मु.चि.अ./ 2024 / 864 नारायणपुर, दिनांक 05/03/2024

### " Walk-In-Interview for District Project Co-ordinator Under SNA ABPMJAY, DKBSSY & MVSSY"

राज्य नोडल एजेंसी, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना एवं मुख्यमंत्री विशेष सहायता योजना के पत्र क्रमांक/ 40/2023/ 15-1/ 11/ 2049/ रायपुर दिनांक 04.03.2024 के तहत दिये गये निर्देश के परिपालन में योग्यताधारी अभ्यर्थियों से शैक्षणिक/ तकनीकी योग्यता, अनुभव के आधार पर District Project Co-ordinator के रिक्त पद पर संविदा नियुक्ति किया जाना है, इस हेतु इच्छुक योग्यताधारी अभ्यर्थी दिनांक 11.03.2024 को पूर्वान्ह 10:00 बजे से अपरान्ह 12:00 बजे तक निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं, पदों का विवरण निर्धारित मापदंड एवं मानदेय निम्नानुसार है।

| क्र. | पदनाम | रिक्त पद (अनारक्षित) | एकमुश्त मानदेय राशि | शैक्षणिक / तकनीकी योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | District Project Co - ordinator | 01 | 35000= 00 | MPH/ MBA/ MHA (Health) PGDHM/ Degree From Recognized University<br>OR<br>MCA/ B.E. (Computer Science) B.Tech ( Computer Science/ IT) From recognized University with 02 Year Post Qualification Experience.<br>OR<br>Graduate from recognized University with 02 Year Post Qualification work experience in State Nodal Agency Chhattisgarh Scheme.<br>Other Qualification :<br>* Computer proficiency with high level Familiarity with commonly used packages like MS word, Excel, Power Point, MS Excess knowledge of data packages is highly desirable.<br>* Excellent communication & presentation skills sound comprehension, analytical and interpersonal abilities, excellent oral and written communication skills in English & Hindi Demonstrated ability to work in multi-disciplinary team environment.<br>* High initiative taking capacity and familiarity with socio- culture and socio- economic condition of Chhattisgarh state will be a pre-requisite. |

टीप :- (1) योग्यताधारी अभ्यर्थी कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला नारायणपुर (छ.ग.) में ओरिजनल दस्तावेज के साथ दिनांक 11.03.2024 को पूर्वान्ह 10:00 बजे से अपरान्ह 12:00 बजे तक, संपूर्ण दस्तावेजों के सत्यापित छायाप्रति के साथ आवेदन जमा कर सकेंगे, निर्धारित समय के पश्चात आवेदन स्वीकार्य नहीं किया जावेगा।

(2) नियम एवं शर्तें तथा अन्य विस्तृत जानकारी कार्यालय के सूचना पटल एवं www.narayanpur.gov.in में अवलोकन किया जा सकता है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला नारायणपुर

संवाद- 39908/6



### न्यायालय नायब तहसीलदार, तहसील व जिला- बिलासपुर (छ.ग.)
### ईश्तहार

क्रमांक/ क / ना.तह./ वाचक / 2024
बिलासपुर, दिनांक 14/02/2024
पक्षकार- बलराम धुरी वगैरह विरूद्ध छ.ग.शासन मौजा- दोमुहानी प.ह.नं. 43
ई.रा.प्र.क्र. - 202311074200016/ अ-6/ 2023-24

ग्राम दोमुहानी प.ह.नं. 43 के सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण बलराम धुरी, बिहारीलाल धुरी, बिंदा बाई धुरी, बृजबाई धुरी, हजारीलाल धुरी सभी पिता स्व. झुनाराम निवासी- बुटापारा दोमुहानी बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा मौजा दोमुहानी प.ह.नं. 43 तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 92/3, 119/1, 133/243, 133/245, 133/247, 133/249, 133/252, 134/2, 142/2, 142/5, 156/4, 158/2, 158/5 रकबा 0.3240, 0.0200, 0.4330, 0.2510, 0.1580, 0.1210, 0.0530, 0.2020, 0.2670, 0.1780, 0.1250, 0.3200, 0.3720 हे. भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में झुनाराम धुरी पिता छतलाल धुरी के नाम पर दर्ज है। खातेदार को मृत्यु हो जाने उपरांत आवेदकगण द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत् मृतक खातेदार का नाम विलोपित कर उसके विधिक वारिसानों का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 11/03/2024 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

आज दिनांक 19/02/2024 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

सील
नायब तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)



### न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)

विवाह प्र.क्र. 56/ ब-121/ 2023-2024
ग्राम जांजगीर तहसील जांजगीर

### ईश्तहार

आवेदक राधेश्याम तिवारी उम्र 34 वर्ष पिता श्री लक्ष्मी प्रसाद जाति ब्राम्हण निवासी बी.डी.महंत उपनगर (स्कूल के पास) जांजगीर तहसील व थाना जांजगीर जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) एवं आवेदिका अकांक्षा शर्मा उम्र 29 वर्ष पिता श्री अशोक शर्मा जाति ब्राम्हण निवासी वार्ड नंबर 14 बाजारपारा जांजगीर तहसील व थाना जांजगीर जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

बनाम

छत्तीसगढ़ शासन

आम जनता ग्राम जांजगीर तहसील जांजगीर जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक राधेश्याम तिवारी उम्र 34 वर्ष पिता श्री लक्ष्मी प्रसाद जाति ब्राम्हण निवासी बी.डी.महंत उपनगर (स्कूल के पास) जांजगीर तहसील व थाना जांजगीर जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) एवं आवेदिका अकांक्षा शर्मा उम्र 29 वर्ष पिता श्री अशोक शर्मा जाति ब्राम्हण निवासी वार्ड नंबर 14 बाजारपारा जांजगीर तहसील व थाना जांजगीर जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के तहत आशयित विवाह की सूचना आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः इस संबंध में किसी को कोई दावा/ आपत्ति हो तो वह अपनी दावा/ आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 27.03.2024 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21.02.2024 को न्यायालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील
विवाह अधिकारी
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)



### न्यायालय तहसीलदार कोरबा जिला-कोरबा (छ.ग.)
### मामले की श्रेणी : राजस्व

संदर्भ :- जिला- कोरबा तहसील-कोरबा प.ह.नं. 20 खरमोरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- CG- 2023-24-100-1-2991

### ईश्तहार

तहसील कोरबा के प.ह.नं. 20 के अंतर्गत ग्राम खरमोरा के वर्तमान भूमिस्वामी SHEETAL EPHRAIM पिता/ पति - LAVIN EPHRAIM पता- CSEB HOSPITAL COLONY TAH JILA KORBA, SUNITA EPHRAIM पिता/ पति- SHEETAL EPHRAIM पता- CSEB HOSPITAL COLONY TAH JILA KORBA के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 121/6 (0.0243) में प्रस्तावित भूमिस्वामी / क्रेता RAJESH KUMAR KURREY पिता/ पति - LATE MANNA LAL KURREY पता- PONDIBAHAR TAH JILA KORBA के नाम पर पंजीयन/ फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 21/03/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार कोरबा जिला कोरबा (छ.ग.) पर की जावेगी उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता/ आम मुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 29/02/2024 को जारी किया जाता है।

सील
तहसीलदार
Rahul Pandey
तहसील- कोरबा



### न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी गनियारी तहसील सकरी जिला- बिलासपुर (छ.ग.)
### ईश्तहार

रा.प्र.क्र. बी 121 / 2023-24

एतत् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अश्वनी मरावी पति/ पति शिव प्रसाद निवासी नेवरा तहसील सकरी जिला बिलासपुर द्वारा अपने नाना बेदीराम पिता सखाराम की मृत्यु दिनांक 06/02/2012 को ग्राम नेवरा में हो जाने के उपरांत अज्ञानतावश ग्राम पंचायत नगर पालिका परिषद में पंजीयन नहीं करा पाने के कारण वर्तमान में जन्म/ मृत्यु प्रमाण पत्र बनाये जाने हेतु जन्म/ मृत्यु पत्र बनाये जाने हेतु जन्म/ मृत्यु रजिस्ट्रार सचिव ग्राम पंचायत/ मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद नेवरा को अनुज्ञा पत्र जारी किये जाने बाबत विधिवत आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

तद्संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को दावा आपत्ति हो तो स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से लिखित में नियत तिथि 18/03/2024 तक दावा/ आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियम समयवधि के पश्चात् दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।

सील
कार्यपालिक दण्डाधिकारी
गनियारी तहसील सकरी



### न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी गनियारी तहसील सकरी जिला- बिलासपुर (छ.ग.)
### ईश्तहार

रा.प्र.क्र. बी 121 / 2023-24

एतत् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका रामकली कोल पति श्याम जी निवासी नेवरा तहसील सकरी जिला बिलासपुर द्वारा अपने पति श्यामजी पिता फगुवा की मृत्यु दिनांक 10/10/2011 को ग्राम नेवरा में हो जाने के उपरांत अज्ञानतावश ग्राम पंचायत नगर पालिका परिषद में पंजीयन नहीं करा पाने के कारण वर्तमान में जन्म/ मृत्यु प्रमाण पत्र बनाये जाने हेतु जन्म/ मृत्यु पत्र बनाये जाने हेतु जन्म/ मृत्यु रजिस्ट्रार सचिव ग्राम पंचायत/ मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद नेवरा को अनुज्ञा पत्र जारी किये जाने बाबत विधिवत आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

तद्संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को दावा आपत्ति हो तो स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से लिखित में नियत तिथि 13/03/2024 तक दावा/ आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियम समयवधि के पश्चात् दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।

सील
कार्यपालिक दण्डाधिकारी
गनियारी तहसील सकरी



### न्यायालय नायब तहसीलदार कोरबा, जिला कोरबा (छ.ग.)
### ईश्तहार

प्र.क्र.202402050100063/ अ6-अ/2023-24
ग्राम कुरूडीह प.ह.नं.25

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पक्षकार उमेश कुमार विरूद्ध छ.ग. शासन में आवेदक उमेश कुमार कश्यप पिता लतेलूराम निवासी ग्राम कुरूडीह तहसील कोरबा में ख.नं.190/3 रकबा 0.047 हे. ख.नं.191/2 रकबा 0.081 हे. भूमि वर्तमान ऑनलाईन रिकार्ड में दर्ज नहीं होने के कारण आवेदन पत्र धारा अंतर्गत 115 छ.ग.भू.रा.संहिता के तहत त्रुटि सुधार कर रिकार्ड दुरूस्त किये जाने बाबत अ.वि.अ. (रा.) कोरबा के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है जो इस न्यायालय ने विचाराधीन है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो अपना दावा/ आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 7/3/24 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/2/24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

सील
नायब तहसीलदार
कोरबा (छ.ग.)



### न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी गनियारी तहसील सकरी जिला- बिलासपुर (छ.ग.)
### ईश्तहार

रा.प्र.क्र. बी 121 / 2023-24

एतत् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक परसन पिता अंजारे सिंह निवासी नेवरा तहसील सकरी जिला बिलासपुर द्वारा अपने पिता अंजारे सिंह पिता बुधवा की मृत्यु दिनांक 14/04/2011 को ग्राम नेवरा में हो जाने के उपरांत अज्ञानतावश ग्राम पंचायत नगर पालिका परिषद में पंजीयन नहीं करा पाने के कारण वर्तमान में जन्म/ मृत्यु प्रमाण पत्र बनाये जाने हेतु जन्म/ मृत्यु पत्र बनाये जाने हेतु जन्म/ मृत्यु रजिस्ट्रार सचिव ग्राम पंचायत/ मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद नेवरा को अनुज्ञा पत्र जारी किये जाने बाबत विधिवत आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

तद्संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को दावा आपत्ति हो तो स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से लिखित में नियत तिथि 13/03/2024 तक दावा/ आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियम समयवधि के पश्चात् दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।

सील
कार्यपालिक दण्डाधिकारी
गनियारी तहसील सकरी



### न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी गनियारी तहसील सकरी जिला- बिलासपुर (छ.ग.)
### ईश्तहार

रा.प्र.क्र. बी 121 / 2023-24

एतत् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक किशोर जांगड़े पति/ पिता विष्णु जांगड़े निवासी नेवरा तहसील सकरी जिला बिलासपुर द्वारा अपने दादी रामेश्वरी जांगड़े पिता/ पति पतिराम की मृत्यु दिनांक 09/02/2013 को ग्राम नेवरा में हो जाने के उपरांत अज्ञानतावश ग्राम पंचायत नगर पालिका परिषद में पंजीयन नहीं करा पाने के कारण वर्तमान में जन्म/ मृत्यु प्रमाण पत्र बनाये जाने हेतु जन्म/ मृत्यु पत्र बनाये जाने हेतु जन्म/ मृत्यु रजिस्ट्रार सचिव ग्राम पंचायत/ मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद नेवरा को अनुज्ञा पत्र जारी किये जाने बाबत विधिवत आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

तद्संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को दावा आपत्ति हो तो स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से लिखित में नियत तिथि 18/03/2024 तक दावा/ आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियम समयवधि के पश्चात् दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।

सील
कार्यपालिक दण्डाधिकारी
गनियारी तहसील सकरी

# देश

उवाच

“ तेलंगाना सरकार कॉल के जरिए आवेदकों पर 31 मार्च से पहले एलआरएस शुल्क का भुगतान करने का दबाव डाल रही है व सरकार का यह कृत्य लोगों का खून बहाने के समान।

**-केटी रामाराव, बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 2` .` | 12.` |
| मुंबई | 27.` | 23.` |
| कोलकाता | 26.` | 19.` |
| चेन्नई | 28.` | 24.` |

# हिंद महासागर में देशों की स्वायत्तता और संप्रभुता की रक्षा कर रहा भारत : राजनाथ

## रक्षा मंत्री ने हिंद प्रशांत क्षेत्र में भारतीय नौसेना की भूमिका पर दिया जोर

**नई दिल्ली,** 5 मार्च (एजेंसियां)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि भारत हिंद महासागर में देशों की स्वायत्तता और संप्रभुता की रक्षा करके यह सुनिश्चित कर रहा है कि क्षेत्र में किसी का एकाधिकार न रहे। सिंह ने नेवल वॉर कॉलेज (एनडब्ल्यूसी), गोवा में नए प्रशासनिक और प्रशिक्षण भवन का उद्घाटन किया। इस आधुनिक इमारत का नाम चोल है, यह नामकरण प्राचीन भारत के चोल वंश के शक्तिशाली समुद्री साम्राज्य को अर्पित श्रद्धांजलि है। रक्षा मंत्री ने विश्व स्तरीय अत्याधुनिक प्रशिक्षण सुविधा बनाने के लिए नौसेना की सराहना की, जो दुनिया की समुद्री शक्तियों के बीच भारत के कद को यथोचित रूप से दर्शाता है। रक्षा मंत्री ने चोल भवन को नौसेना की आकांक्षाओं और भारत की समुद्री उत्कृष्टता की विरासत का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि भारत यह सुनिश्चित कर रहा है कि हिंद महासागर के सभी पड़ोसी देशों को उनकी स्वायत्तता और संप्रभुता की रक्षा करने में मदद की जाए। हमने सुनिश्चित किया है कि क्षेत्र में कोई भी आधिपत्य का इस्तेमाल नहीं करे। सिंह ने कहा कि नौसेना की तत्परता के कारण, भारत तटीय देशों को पूरी सहायता प्रदान करके अपनी जिम्मेदारी पूरी कर रहा है।




चोल भवन नौसेना की आकांक्षाओं व भारत की समुद्री उत्कृष्टता की विरासत का प्रतीक : राजनाथ सिंह

### सभी सरकारों ने समुद्री खतरों को उतना महत्व नहीं दिया

रक्षा मंत्री ने कहा कि यह गुलामी की मानसिकता से बाहर आने तथा अपनी समृद्ध ऐतिहासिक विरासत पर गर्व करने की नई मानसिकता का भी प्रतिबिंब है। सिंह ने कहा इससे पहले लगभग सभी सरकारों ने भू सीमाओं को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया लेकिन समुद्री खतरों को उतना महत्व नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि हिंद महासागर क्षेत्र में विरोधियों की बढ़ती आवाजाही और क्षेत्र के वाणिज्यिक महत्व को देखते हुए, खतरे का पुनर्मूल्यांकन करना जरूरी था। सरकार ने हिन्द महासागर में भारत की भूमिका की न केवल नए सिरे से कल्पना की बल्कि उसे मजबूत भी किया। इन प्रयासों के कारण भारत आज क्षेत्र में पहला प्रतिक्रियादाता और पसंदीदा सुरक्षा भागीदार के रूप में उभरा है। रक्षा मंत्री ने कहा कि यह सुनिश्चित किया गया है कि क्षेत्र में नियम-आधारित समुद्री व्यवस्था को मजबूत किया जा सके। नौसेना यह सुनिश्चित कर रही है कि कोई भी देश अपनी भारी आर्थिक और सैन्य शक्ति के साथ मित्र देशों पर प्रभुत्व का दावा करने या उनकी संप्रभुता को खतरा पहुंचाने में सक्षम न हो। जिस तत्परता से नौसेना अपने सहयोगियों के साथ खड़ी है, वह भारत के वैश्विक मूल्यों को ठोस मजबूती प्रदान करती है। इस अवसर पर सिंह ने नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में नौसेना बेस, कारवार में दो प्रमुख पायर्स का उद्घाटन किया। विमान वाहक पियर दो विमान वाहक और एक लैंडिंग शिप टैंक (बड़ा) को एक साथ निर्धारित स्थान पर रोकने (बर्थिंग) में सक्षम है। एडमिरल आर हरि कुमार ने विशेष रूप से समुद्री क्षेत्र में उभरती सुरक्षा चुनौतियों की ओर ध्यान आकर्षित किया।

### भारत की प्रगति से आसपास के क्षेत्र की भी होगी उन्नति

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हमने सुनिश्चित किया है कि हिंद महासागर में किसी तरह का दबदबा न हो। उन्होंने आगे कहा कि आज भारतीय नौसेना लगातार मजबूत होती जा रही है। हमारा नौसैनिक औद्योगिक आधार मजबूत हो रहा है। हमारे शिपयार्ड का विस्तार हो रहा है। विमानवाहक पोत बढ़ रहे हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत की बढ़ती ताकत का लक्ष्य हिंद महासागर में दबदबा कायम करना नहीं है, बल्कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और समृद्धि का महौल बनाना है। सिंह ने यह भी कहा कि अगर भारत प्रगति करता है तो उसके आसपास के क्षेत्र भी प्रगति करेंगे।

## मोदी के श्रीनगर दौरे को लेकर सुरक्षा बढ़ी

**श्रीनगर,** 5 मार्च (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गुरुवार को केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के आगमन के मद्देनजर बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। अगस्त 2019 में जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा निरस्त होने के बाद प्रधानमंत्री मोदी की यह पहली कश्मीर यात्रा होगी। मोदी श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में सार्वजनिक रैली को संबोधित करेंगे। एक सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री की हाईप्रोफाइल दौरे को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा उपाय बढ़ाये गये हैं और सभी आवश्यक सावधानियां बरती जा रही हैं।



उन्होंने कहा कि बख्शी स्टेडियम और उसके आसपास के इलाकों में कड़े सुरक्षा इंतजामात किए गए हैं। इन इलाकों में हवाई निगरानी भी की जा रही है। शहर में विभिन्न स्थानों पर पुलिस और सीआरपीएफ वाहनों और यात्रियों की जांच कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सड़कों पर किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखने के लिए कई इमारतों की छतों पर भी सुरक्षा बल तैनात किये गये हैं। इसके साथ ही अन्य जिलों में भी सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। प्रधानमंत्री की रैली के शांतिपूर्ण आयोजन के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कई शीर्ष नेता श्रीनगर में डेरा डाले हुए हैं।

## राठी हत्याकांड के मास्टरमाइंड व मकसद का नहीं लगा सुराग

■ जोगेन्द्र सोलंकी

**नई दिल्ली,** 5 मार्च (देशबन्धु)। इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व विधायक नफे सिंह राठी हत्याकांड में मास्टर माइंड का खुलासा पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और हरियाणा पुलिस ने भले ही वारदात में शामिल दो शूटर आशीष उर्फ बाबा व सौरभ को दबोच कर केस की गुत्थी सुलझाने का दावा किया हो, लेकिन इनसे पूछताछ में हत्या के मास्टरमाइंड और मकसद का पता नहीं चल पाया है।

दिल्ली व हरियाणा पुलिस दावा कर रही है कि हत्याकांड में में शामिल फरार दो शूटर नकुल सांगवान और अतुल के पकड़े जाने के बाद हत्याकांड के मोटिव का खुलाया हो जाएगा। बता दें कि इस हत्याकांड की जिम्मेदारी विदेश में बैठे गैंगस्टर नंदू सांगवान ने ली है और फरार आरोपी नकुल, नंदू का रिश्तेदार है। पुलिस को पूरी उम्मीद है कि हो सकता है नंदू ने उसे हत्या के मकसद और इसकी सुपारी देने वाले मास्टर माइंड के बारे में बताया हो। लेकिन सिर्फ पुलिस की उम्मीद है ठोस विश्वास नहीं। लेकिन अगर ऐसा नहीं हुआ तो इस केस के मास्टरमाइंड और हत्याकांड के राज हमेशा के लिए दफन हो सकते हैं। पुलिस भी मान रही है कि नफे सिंह राठी की हत्या के पीछे बहुत गहरी साजिश रची गई है। इसमें राजनीतिक एंगल और विदेश में बैठे गैंगस्टर के शामिल होंने के कारण हत्याकांड की गुत्थी सुलझना उतना आसान नहीं है जितना दो शूटरों के पकड़े जाने के बाद लग रहा है। हांलाकि पुलिस इस मामले में हरियाणा के एक बड़े शराब कारोबारी से नफे सिंह राठी की कारोबारी दुश्मनी के ऐंगल को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। क्योंकि पुलिस राडार में आए शराब कारोबारी और गैंगस्टर नंदू सांगवान की पुरानी दोस्ती है। स्पेशल सेल के सूत्रों का ये भी कहना है कि ऐसे मामलों में जांच को भटकाने के लिए भी कई बार जानबूझकर गलत तरह की बातें फैला देते है। हांलाकि नेफे सिंह राठी की हत्या की जांच सीबीआई को सौंप दी गई है लेकिन इस हत्याकांड के सूत्रधार और मकसद का पता लगाना उसके लिए भी बड़ी चुनौती होगी।



■ गैंगस्टर नंदू सांगवान ने ली है इनेलो हरियाणा अध्यक्ष हत्याकांड की जिम्मेदारी

## सार संक्षेप

### चंडीगढ़ की यात्रा पर जाएंगे जगदीप धनखड़

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ गुरुवार को चंडीगढ़ की यात्रा पर जाएंगे व पंजाब विश्वविद्यालय के एक समारोह में भाग लेंगे। उपराष्ट्रपति सचिवालय ने बताया कि उपराष्ट्रपति सात मार्च को चंडीगढ़ का दौरा करेंगे। अपनी एक दिवसीय यात्रा के दौरान, धनखड़ पंजाब विवि के 71वें वार्षिक दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि होंगे।

### एनआईए ने बेंगलुरु विस्फोट मामले में की छापेमारी

**चेन्नई।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने गत एक मार्च को कर्नाटक के बेंगलुरु में रामेश्वर कैफे में हुए विस्फोट के मामले में मंगलवार को चेन्नई एवं रामनाथुरुम जिले में छापे मारे। रिपोर्ट के मुताबिक करीब चार-पांच जगहों पर छापेमारी की जा रही है। एनआईए अधिकारियों ने केंद्रीय गृह मंत्रालय के आदेश पर औपचारिक मामला दर्ज करके जांच अपने हाथ में लेने के एक दिन बाद, यह पता लगाने के लिए छापेमारी की कि बेंगलुरु कैफे विस्फोट के तमिलनाडु के किसी संगठन से कोई संबंध है या नहीं। प्रारंभिक जांच में विस्फोट में कर्नाटक के बाहर के लोगों के साथ कुछ संदिग्ध संबंधों की संलिप्तता का पता चला है, जिसके कारण केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जांच एनआईए को सौंपी।

### झारखंड में पांच आईएएस अफसरों का तबादला

**रांची।** झारखंड सरकार ने मंगलवार को पांच आईएएस अफसरों का तबादला किया है। साथ ही एक को अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। इस संबध में राज्य के कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने मंगलवार को अधिसूचना जारी कर दी। सीएम के प्रधान सचिव विनय चौबे को स्थानांतरित करते हुए पंचायती राज विभाग का प्रधान सचिव बनाया गया है। ग्रामीण कार्य विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह को स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं कल्याण विभाग का प्रधान सचिव, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सचिव अबु बकर सिद्दिकी को खान एवं भूतत्व विभाग का सचिव बनाया गया है।

### तमिलनाडु के हितों की अनदेखी करते हैं मोदी : स्टालिन

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर प्रदेश के हितों की अनदेखी करने और बाढ़ राहत के लिए एक भी पैसा जारी किए बिना केंद्र की सत्ता में बने रहने के लिए राज्य का बार-बार दौरा कर लोस चुनाव से पहले लोगों से वोट मांगने तथा यहां की वास्तविक मांगों की उपेक्षा करने का आरोप लगाया है। विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं वितरित करने के बाद स्टालिन के कहा कि मोदी की चाल काम नहीं करेगी व लोग ऐसी रणनीति से धोखा नहीं खाएंगे।

## देश में बेरोजगारी के मुद्दे पर एमवीए यूथ इकाई ने मोदी सरकार को घेरा

### युवाओं को बेरोजगारी की खाई में धकेलने का लगाया आरोप

**मुंबई,** 5 मार्च (एजेंसियां)। महा विकास अघाड़ी (एमवीए) गठबंधन के घटक दलों कांग्रेस, शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) की युवा इकाइयों के गठबंधन ने बेरोजगारी के मुद्दे को लेकर नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ बिगुल फूंकने का फैसला किया है। इस मुद्दे को लेकर और मोदी सरकार को घेरने के उद्देश्य से 'युवा महाराष्ट्राभिमान मेला' छह मार्च को यशवंतराव चव्हाण केंद्र में आयोजित किया जाएगा और युवा अघाड़ी की भविष्य की दिशा तथा चुनाव योजना तय की जाएगी। गठबंधन की ओर से मंगलवार को जारी आधिकारिक प्रेस बयान के मुताबिक मोदी देश के युवाओं को हर साल दो करोड़ नौकरियां देने का वादा करके सत्ता में आए थे, लेकिन सत्ता में आने के बाद दूरदर्शिता के अभाव वाले मोदी ने बिना सोचे-समझे महज दिखावे के लिए कुछ फैसले लिए और इसके कारण देश की अर्थव्यवस्था चरमरा गई है। साथ ही देश के युवाओं को बेरोजगारी की खाई में धकेल दिया गया है। कांग्रेस, यूबीटी और राकांपा (शरद गुट) के युवा गठबंधन की बैठक मुंबई में हुई।



इस बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव के लिए लोकसभा की योजना और उसमें युवाओं को कैसे शामिल किया जाए, इस पर चर्चा हुई। चाहे वह बेरोजगारी हो या पेपर लीक की घटनाओं पर सरकार की सुविधाजनक चुप्पी, यह निर्णय लिया गया है कि युवा संगठन युवाओं के मुद्दों पर ध्यान दें और राज्यवार बैठकें करें, ताकि उन मुद्दों पर चर्चा की जा सके।

### मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर अखिलेश ने भाजपा पर कसा तंज

## युवाओं को नौकरी देने का वादा निकाल जुमला

**लखनऊ,** 5 मार्च (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश में योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल में मंत्रिमंडल के पहले विस्तार के शपथ ग्रहण समारोह पर तंज कसते हुए समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने युवाओं को भाजपा हटाओ, नौकरी पाओ का नारा दिया। यादव ने मंगलवार को भाजपा सरकार के शपथ ग्रहण समारोह के बाद एक्स पर पोस्ट किया शपथ के सामने दूसरी शपथ। हम बेरोजगार पेपरलीक से प्रताड़ित नौकरी के लिए भटक रहे युवा अपने भविष्य को बचाने के लिए ये शपथ लेते हैं कि हम ऐसे दलों को ही वोट देंगे जिनका लक्ष्य नौकरी-रोजगार देना है। साथ ही ये भी शपथ लेते हैं कि हम सक्रिय होकर अपने परिवार और आस-पास के मतदाताओं को सौहार्दपूर्ण-सकारात्मक राजनीति के लिए जागरूक करेंगे व आगामी लोकसभा चुनाव में संविधान में विश्वास करेन वाले दलों को जिताने के लिए समाज से खुलकर अपील करेंगे। हम इस नारे को हर परिवार, हर युवक-युवती तक पहुंचाने की भी शपथ लेते हैं भाजपा हटाओ, नौकरी पाओ।

युवाओं को भाजपा हटाओ, नौकरी पाओ का दिया नारा



उत्तर प्रदेश की सात साल की भाजपा सरकार बताए नौजवानों को कितनी नौकरियां दीं : अखिलेश यादव

इससे पहले सपा प्रमुख ने बयान जारी कर कहा कि भाजपा नौजवानों को दो करोड़ नौकरी प्रतिवर्ष देने का वादा करके सत्ता आयी थी। केंद्र की भाजपा सरकार के 10 वर्ष में और उत्तर प्रदेश की सात साल की भाजपा सरकार बताए कि नौजवानों को कितनी नौकरियां दी। सरकार का विदेशी पूंजीनिवेश लाने और युवाओं को नौकरी देने का वादा भी जुमला साबित हुआ। न निवेश आया और न ही किसी बेरोजगार को नौकरी मिली। कोविड काल में युवाओं की नौकरियां चली गई और कारखाने बंद हो गये। जो कारखाने चल भी रहे थे वह आज बंद होने के कगार पर है। करोड़ों की संख्या में नौजवान बेरोजगार हुए। आज बेरोजगारी चरम पर है।

### भाजपा ने नौजवानों की नौकरी छीनने का किया काम

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि सच तो यह है कि भाजपा ने नौजवानों की नौकरी छीनने का काम किया है। जबसे भाजपा की डबल इंजन सरकार सत्ता में आयी है नौजवानों की नौकरियां छीनी जा रही है। सरकारी या गैरसरकारी संस्थानों की नौकरी में लोगों की छंटनी हो रही है। आज बेरोजगारी के चलते नौजवान युद्धग्रस्त देशों में नौकरी करने के लिए विवश है। बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी के चलते युवा नौजवान के सामने रोटी-रोजी का संकट है। अभी पिछले दिनों प्रदेश के हजारों नौजवान युद्धग्रस्त इजरायल में नौकरी पाने की लाइन में लगे दिखे। भाजपा सरकार की गलत नीतियों के चलते नौजवानों की जिंदगी इस कदर नरक बन गई है कि उनके सामने कोई दूसरा विकल्प भी नहीं बचा है। देश का थका-हारा नौजवान अब भाजपा सरकार को 224 के लोकसभा चुनाव में बेरोजगार बनाने के लिए कृतसंकल्पित है।

### पाकिस्तान समर्थक नारे विवाद पर बोले शिवकुमार

## पुलिस को सख्त कार्रवाई का है आदेश

**बेंगलुरु,** 5 मार्च (एजेंसियां)। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने मंगलवार को बताया कि पुलिस को राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में शामिल किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का आदेश दिया गया है। उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने अपने सदाशिवनगर आवास पर पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि हमने पाकिस्तान समर्थक नारे लगाने के मामले की जांच में पुलिस को खुली छूट दे दी है। हम पुलिस कार्रवाई में किसी भी तरह से हस्तक्षेप नहीं करेंगे। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य गृह मंत्री पहले ही इस संबंध में बयान दे चुके हैं। राज्यसभा सांसद भी पहले ही दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर चुके हैं। भाजपा को कई निजी रिपोर्ट मिल सकती हैं, लेकिन वे आधिकारिक रिपोर्ट नहीं हैं। पुलिस व्यापक जांच करेगी और उचित कार्रवाई करेगी।



पुलिस कार्रवाई में किसी भी तरह से हम नहीं करेंगे हस्तक्षेप : शिवकुमार

पत्रकारों ने उनसे पूछा, कुछ कांग्रेस मंत्रियों ने बयान दिया है कि विधानसभा में पाकिस्तान समर्थक नारे नहीं लगाए गए। एआईसीसी महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला के साथ बैठक के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, एआईसीसी सचिव, मुख्यमंत्री और मैंने एक बैठक की जिसमें गारंटी समितियों में पार्टी कार्यकर्ताओं को समायोजित करने पर चर्चा हुई। गारंटी समितियों के लिए 4 हजार से ज्यादा पार्टी कार्यकर्ताओं को नामांकित किया जाएगा। सात मार्च को दिल्ली में कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक होगी और नामांकन को लेकर फैसला लिया जाएगा। वहीं दूसरी ओर कर्नाटक सरकार को ईमेल के जरिए बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में हाल ही में हुए विस्फोट की तर्ज पर सिलसिलेवार बम विस्फोटों की धमकी मिली है। धमकी भरा मेल कर्नाटक सीएम, डिप्टी सीएम, गृह मंत्री और बेंगलुरु पुलिस कमिश्नर के आधिकारिक ईमेल पर भेजा गया है।

### पुलिस ने कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया

इस सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि ऐसी संभावना है कि वीडियो के साथ छेड़छाड़ की गई है। पुलिस जांच से सच सामने आ जाएगा। पुलिस ने कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया है। पुलिस उस घटना की भी जांच करेगी जिसमें भाजपा के एक कार्यकर्ता ने पाकिस्तान समर्थक नारे लगाए थे। शहर में पीने के पानी की कमी के सवाल पर उन्होंने कहा, हम इस मुद्दे को गंभीरता से ले रहे हैं। हम शहर के आसपास पानी के अच्छे स्रोतों की भी पहचान कर रहे हैं।

## टिकट कटने के बाद प्रज्ञा सिंह ने दिखाए तेवर

**सीहोर/भोपाल,** 5 मार्च (एजेंसियां)। भोपाल संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वालीं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की चर्चित नेता प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने इस बार लोकसभा चुनाव के लिए टिकट नहीं मिलने के बाद अपने तेवर दिखाना शुरू कर दिए हैं। उनका एक वीडियो आज वायरल हुआ, जिसमें वे अपने संसदीय क्षेत्र में एक शराब दुकान अवैध रूप से संचालित होने का आरोप लगाते हुए उसका ताला तोड़ देती हैं। ठाकुर का कहना है कि सीहोर जिले के खजुरिया क्षेत्र में एक शराब दुकान अवैध रूप से संचालित है और उसके पास ही एक स्कूल है। उनका कहना है कि इस शराब दुकान को भाजपा विधायक सुदेश राय का संरक्षण प्राप्त है। उन्होंने मौके पर पहुंचकर इस दुकान का ताला तोड़ दिया। इस दौरान एक सरकारी कर्मचारी उनसे ऐसा नहीं करने की मिन्नतें करता रहा।

## लालू को सिर्फ दिखता है अपना परिवार : सम्राट चौधरी

**पटना,** 5 मार्च (देशबन्धु)। पटना में महागठबंधन की रैली के दौरान तेजस्वी यादव ने डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी को बड़बोला बताकर जोरदार हमला किया था। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने अब तेजस्वी पर पलटवार किया है। सम्राट ने तेजस्वी को बच्चा बताते हुए कहा कि किसी बच्चे के बयान पर क्या बोलना है। जन विश्वास रैली के दौरान तेजस्वी यादव के यह कहने पर कि सम्राट चौधरी 2014 के बाद कोई चुनाव नहीं लड़े हैं, इस पर उन्होंने कहा कि अभी वे बच्चे हैं, किसी बच्चे पर बहुत बयान क्या देना? जितना उम्र नहीं है उससे ज्यादा सदन में रह लिया। अभी बच्चे का उम्र नहीं हुआ है। पांच पार्टी बदलने के सवाल पर सम्राट ने कहा कि उनको गिनती नहीं पता है अब बच्चे को गिनती भी सीखाना पड़ेगा। वहीं लालू प्रसाद पर हमला बोलते हुए सम्राट ने कहा कि हम हैं या पूरा भाजा परिवार या देश के नौजवान और गरीब सब मोदी के परिवार हैं। लालू प्रसाद को सिर्फ और सिर्फ अपना परिवार दिखता है। लालू प्रसाद को सिर्फ अपनी पत्नी और बेटा-बेटी की चिंता है लेकिन नरेंद्र मोदी को पूरे देश की चिंता है। नरेंद्र मोदी ने पूरे देश को अपना परिवार माना है। डीएमके नेता द्वारा यह कहने पर कि वे भारत माता की जय नहीं मानते, इस पर सम्राट ने कहा कि इंडिया गठबंधन के जितने भी लोग हैं इन लोगों को सिर्फ मैं से मतलब है। किसी को अपने परिवार के लिए टूजी चाहिए तो किसी को थ्री जी पॉलिटिक्स चाहिए।



तेजस्वी यादव पर कसा तंज

### तैयारी — सर्दियों के बाद बसंत के मौसम के पर्यटन के लिए तैयार हो रहा कश्मीर

## कश्मीर की अद्वितीय सुंदरता का अनुभव करने को पर्यटक उत्सुक

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, 5 मार्च (देशबन्धु)। यह बात अलग है कि कश्मीर में पल पल रंग बदलता मौसम इस बार सर्दी के मौसम में ही बसंत की झलक दिखला चुका है उसके बावजूद सभी को उम्मीद है कि सर्दियों के बाद, बसंत का मौसम भी कश्मीर पर्यटन का सबसे व्यस्त अवधि होने वाला है क्योंकि ट्रैवल एजेंटों को आगामी महीनों के लिए थोक बुकिंग मिलने लगी है।**

लंबे समय तक शुष्क सर्दियों की अवधि के बावजूद, देर से हुई बर्फबारी ने कश्मीर में शीतकालीन पर्यटन को पुनर्जीवित कर दिया क्योंकि फरवरी के लिए अधिकांश होटल और हाउसबोट भरे हुए थे। पर्यटन व्यवसाय से जुड़े अधिकारियों के अनुसार, अब कश्मीर के ट्रैवल एजेंट बसंत के मौसम के लिए बुकिंग में व्यस्त हैं, जिससे पर्यटकों का प्रवाह बढ़ने की उम्मीद है। पारंपरिक रूप से बसंत ऋतु को कश्मीर की यात्रा के लिए सबसे अच्छे समय में से एक माना जाता है, क्योंकि इस क्षेत्र की हरी-भरी घाटियों में ट्यूलिप, बादाम के फूल और जीवंत जंगली फूलों के खिलने के साथ एक लुभावनी परिवर्तन होता है। ट्रैवल एजेंटों का दावा कि उन्हें मार्च, अप्रैल और मई महीने के लिए थोक बुकिंग मिल रही हैं। ट्रैवल एजेंट्स एसोसिएशन आफ कश्मीर के अध्यक्ष रऊफ अहमद तरांबू कहत थे कि हम आगे एक अच्छे सीजन की उम्मीद कर रहे हैं। बसंत के महीनों के लिए बड़ी संख्या में बुकिंग आ रही हैं। हम आगामी बसंत सीजन के लिए पूछताछ और बुकिंग में उल्लेखनीय वृद्धि देख रहे हैं। उनका कहना था कि लोग वर्ष के इस समय के दौरान कश्मीर की अद्वितीय सुंदरता का अनुभव करने के लिए उत्सुक हैं और हम उन्हें यादगार अनुभव प्रदान करने के लिए तैयार हैं। तरांबू के बकौल, आगंतुकों में वृद्धि की प्रत्याशा में, कश्मीर में ट्रैवल एजेंट विभिन्न रुचियों और प्राथमिकताओं को पूरा करने के लिए विशेष पैकेज तैयार करने में व्यस्त हैं। तरांबू कहते थे कि पर्यटकों की भारी भीड़ को पूरा करने के लिए तैयारी चल रही है। जहां फरवरी कश्मीर पर्यटन के लिए एक अच्छा महीना रहा है, वहीं मार्च भी आशाजनक लग रहा है। अप्रैल, मई और जून के लिए, बड़ी संख्या में बुकिंग आ रही हैं। यही नहीं पर्यटकों की विभिन्न आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, ट्रैवल एजेंट कई अनुकूलन योग्य पैकेज पेश करते हैं जिनमें आवास, परिवहन, निर्देशित पर्यटन और बाहरी गतिविधियाँ शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, अधिक आगंतुकों को आकर्षित करने और क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विशेष छूट और ऑफर पेश किए जा रहे हैं। एक ट्रैवल एजेंट उमर अहमद कहते थे कि बसंत के मौसम के दौरान, बादामवारी, ट्यूलिप गार्डन और शहर के बाहरी इलाके जैसे स्थान प्रमुख आकर्षण बने रहते हैं। इसलिए, हम बसंत ऋतु के लिए इन सभी स्थानों को अपने पैकेज में संशोधित और शामिल कर रहे हैं। इसके अलावा, हम अपने पर्यटकों को अच्छी छूट भी प्रदान करने वाले हैं।



■ पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों के चेहरे खिले

देशबन्धु

बिलासपुर, बुधवार 6 मार्च 2024

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# अबकी बार, बहानों की बयार

भाजपा शासन में 2018 में लाई गई चुनावी बॉंड योजना पर शुरुआत से सवाल उठे, इसे रिश्वतखोरी का नया तरीका बताया गया, लेकिन भाजपा के पहले कार्यकाल में लायी गई यह योजना दूसरे कार्यकाल में बेधड़क चलती रही। इस पर कई याचिकाएं सर्वोच्च न्यायालय में दाखिल की गईं और चुनावों में धन के खर्च और पारदर्शिता का हवाला दिया गया। आखिरकार सर्वोच्च न्यायालय ने पिछले महीने 15 फरवरी को चुनावी या इलेक्टोरल बॉन्ड योजना को यह कहते हुए रद्द कर दिया था कि ये संविधान के तहत सूचना के अधिकार, भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उल्लंघन करता है। चुनावी बॉन्ड के काम में संलग्न एकमात्र बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को अदालत ने निर्देश दिया था कि वह इलेक्टोरल बॉन्ड के बारे में सारी जानकारी 6 मार्च तक चुनाव आयोग के सामने पेश करे। इस आदेश का मकसद यह था कि आने वाले आम चुनावों के पहले जनता को यह पता चले कि किस राजनैतिक दल को कितना चंदा अब तक मिला है और किन लोगों या किन कारोबारी घराने ने कितने की रकम चुनावी बॉन्ड्स के जरिए राजनैतिक दलों को दी है। शीर्ष अदालत के इस आदेश को खास तौर पर भाजपा के लिए बड़ा झटका माना गया था, क्योंकि देश में इस वक्त सबसे अधिक धन भाजपा के ही पास है। सत्तारुढ़ दल होने के कारण चंदे की रकम भी उसे ही सबसे ज्यादा मिली होगी, ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है। लेकिन चुनावी बॉंड में गोपनीयता के नियम के कारण अब तक यह खुलासा नहीं हो पाया था कि भाजपा को किन लोगों से कितना धन मिला और इस चंदे के एवज में सरकार से उन लोगों को कोई विशेष लाभ दिया गया या नहीं। भाजपा सरकार ने 2018 में चुनावी बॉन्ड पर जो अधिसूचना जारी की थी, उसके क्लॉज़ 7 (4) में यह स्पष्ट रूप से कहा गया था कि अधिकृत बैंक हर सूरत में इलेक्टोरल बॉन्ड ख़रीदार की जानकारी को गोपनीय रखे। सरकार का कहना था कि इस तरह चंदा देने वाले को राजनैतिक दलों के प्रतिशोध से बचाया जा सकेगा। यानी यह पहले ही मान लिया गया था कि किसी राजनैतिक दल की विचारधारा को बढ़ावा देने के लिए कोई चंदा नहीं देगा, बल्कि चंदे के बदले फायदा हासिल करने के लिए दिया जाएगा।

बहरहाल, शीर्ष अदालत के आदेश के बाद यह माना जा रहा था कि अब चुनाव से पहले ही चुनावी बॉन्ड खरीदारों की जानकारी सामने आ जाएगी और इस पर भाजपा ने चुनाव में पारदर्शिता या ईमानदारी के जितने भी तर्क दिए हैं, उनकी परख भी हो जाएगी। लेकिन एसबीआई ने छह तारीख की समय सीमा पूरी होने से पहले ही सर्वोच्च न्यायालय में अर्जी दाखिल कर कहा है कि चुनावी बॉन्ड के मामले में जानकारी देने के लिए 30 जून तक का वक्त दिया जाए। अर्जी में कहा गया है कि 12 अप्रैल 2019 से लेकर 15 फरवरी 2024 के बीच 22,217 इलेक्टोरल बॉन्ड जारी किए गए हैं। यह बॉन्ड अलग-अलग राजनीतिक पार्टियों को चंदे के लिए जारी हुए हैं। बैंक का यह भी कहना है कि देश की अलग-अलग 29 शाखाओं में बॉन्ड खरीदे और भुनाए गए हैं। ख़रीदार का नाम, बॉन्ड ख़रीदने की तारीख, जारी करने की शाखा, बॉन्ड की क़ीमत और बॉन्ड की संख्या, इन सबका आंकड़ा किसी सेंट्रल सिस्टम में नहीं हैं। गोपनीयता के कारण बॉन्ड जारी करने से संबंधित डेटा और बॉन्ड को भुनाने से संबंधित डेटा दोनों को दो अलग-अलग जगहों में रखा गया, इसका कोई सेंट्रल डेटाबेस नहीं रखा गया और अब ये सब मुंबई में बैंक की मुख्य शाखा में एक साथ स्टोर किया गया है। बॉन्ड खरीद और भुनाने के डेटा के दो अलग-अलग सेट हैं, यानी 22 हजार 217 बॉन्ड की जानकारी के लिए 44,434 सेट डिकोड करने होंगे, फिर उन्हें आपस में मिलाना होगा, उनकी तुलना करनी होगी और तब जाकर पता चलेगा कि किसने किस दल को कितने का चंदा बॉन्ड खरीद कर दिया है।

गोपनीयता के नियम का हवाला देते हुए एसबीआई ने जो दलील अपने आवेदन में पेश की है, उसे देखकर एकबारगी यही लगेगा कि वाकई इस काम में काफी वक्त लगेगा। लेकिन डिजीटल इंडिया के इस दौर में यह बहानेबाजी के अलावा और कुछ दिखाई नहीं देता है। मान लिया कि बैंक ने बॉन्ड खरीदने वालों की जानकारी गोपनीयता के कारण सेंट्रल सिस्टम में नहीं चढ़ाई, लेकिन कहीं तो ये डेटा दर्ज है ही और और अपने ही सिस्टम में दर्ज डेटा निकालने के लिए बैंक को चार महीने का वक्त क्यों चाहिए। ये डेटा किसी विदेशी संस्था के पास नहीं है, जहां से जानकारी लेने में वक्त लगे। अभी तो कंप्यूटर की एक बटन दबाते ही सारी जानकारी सामने आ जाती है। अगर एसबीआई चाहे, तो इसके लिए विशेषज्ञों की मदद ले सकता है। लेकिन वक्त लगने की दलील विशुद्ध बहाना ही है। दरअसल मौजूदा सरकार में बहानेबाजी की बयार है। पुलवामा में इतना सारा विस्फोटक कैसे पहुंचा और सैनिकों को एयरलिफ्ट क्यों नहीं किया गया, उसके जवाब में बहाना, चीन को जवाब क्यों नहीं दिया जा रहा, उसके लिए भी बहाना। कोरोना के वक्त आक्सीजन की आपूर्ति में कमी क्यों आई, तब बने पीएम केयर्स फंड में जो राशि आई, उसका क्या उपयोग हुआ, इसे सार्वजनिक क्यों नहीं किया गया. उसमें भी जवाब की जगह बहाना, नोटबंदी के बाद भी कालेधन पर रोक क्यों नहीं लगी, उस पर भी बहाना और किसान आंदोलन से लेकर अग्निवीर तक सरकार ने अपनी हर मनमानी के लिए नए-नए बहाने गढ़े हैं, ताकि कोई उससे न सवाल करे और सवाल करे तो जवाब की उम्मीद न करे।

अब देखना दिलचस्प होगा कि सर्वोच्च अदालत एसबीआई की इस अर्जी पर क्या निर्देश देता है। अगर अदालत 30 जून तक डेटा उपलब्ध कराने की बात को स्वीकार कर लेता है, तो यह मानना होगा कि नागरिकों को सूचना के अधिकार का उल्लंघन चार महीने और सहना होगा। 16 जून को मौजूदा लोकसभा समाप्त हो जाएगी, तब तक चुनाव भी हो जाएंगे और पारदर्शिता एवं ईमानदारी जैसे मूल्य अपने अर्थ तलाशने के लिए इंतजार को विवश होंगे।

# युवाओं को मोदी का अनूठा टास्क ; सेल्फी खेंचो- एप्प में डाल तमाशा देखो

■ बादल सरोज

भाजपा के सुप्रीमो युगपुरुष मोदी जी की सबसे बड़ी खासियत यह है कि देश की जनता जब उनसे प्रधानमंत्री- जिस रूप में वे शायद ही कभी रहे हों- के नाते खेत के बारे में कुछ जानना चाहती है तब वे खलिहान की बात करते हैं, जब जमीन पर धधकती आग के बारे में कुछ सुनना चाहते हैं वे आसमान की बात करते हैं, जब सवाल हिन्दुस्तान के होते हैं तब वे पाकिस्तान की बात करते हैं। अगम्भीर राजनीतिक प्रलाप और अपनी ही जनता के बड़े हिस्से के खिलाफ जो रिकॉर्ड उन्होंने अपने 10 साल के प्रधानमंत्री कार्यकाल में कायम किये हैं उसकी मिसाल दुनिया के किसी भी देश में नहीं मिलती। मगर बनारस विश्वविद्यालय में हाल में दिया उनका भाषण खुद उनके ही अब तक के शोचनीय स्तर से भी काफी चिन्ताजनक स्तर का था। दुनिया और देश में राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री जब शिक्षण संस्थाओं में, विश्वविद्यालयों में जाते हैं तो ज्ञान की, विज्ञान की, दर्शन की, इतिहास की, दुनिया और समाज की नई नई जानकारियां देते हैं, पुरानी का नया भाष्य प्रस्तुत करते हैं। ऐसी नयी बातें बोलते हैं जो न सिर्फ सुनने वालों की जानकारियां बढ़ाते हैं, उन्हें समृद्ध करते हैं बल्कि एक संग्रहनीय दस्तावेज के रूप में भविष्य में भी काम आते हैं। मोदी ऐसा करेंगे ऐसी उम्मीद तो किसी को भी नहीं थी मगर वे देश के इस प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच मखौल करेंगे यह भी शायद ही किसी ने सोचा होगा। वे यही कर रहे थे, बाकायदा उनके बीच घूम-घूम कर उन्हें सिखा रहे थे, कि अपनी सेल्फी- स्वयं के मोबाइल से स्वयं के फोटो- कैसे लें और उन्हें खुद उनके नमो एप्प पर अपलोड कैसे करें ताकि ए आई के जरिये मोदी की हर फोटो के साथ वे अपनी फोटो देख सकें। जिस विश्वविद्यालय ने इंजीनियरिंग और चिकित्सा, दर्शन और साहित्य सहित हर विधा में देश को अनेक विद्वान व्यक्ति दिये हैं उसके विद्यार्थियों को वे बनारस का गाइड बनने का कौशल विकसित करने की सलाह दे रहे थे ; उन्हें हर हर शंभू का जाप करना सिखा रहे थे।

काशी और बाकी देश के युवाओं को किसी ए आई- नकली बुद्धिमत्ता- आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की जरूरत नहीं है। अपने हर रोज के अनुभव से वह इन बातों को जानता समझता है। युवा भारत यह सब समझता है यह जानकर ही हुक्मरान ज्यादा परेशान और घबराए दीखते हैं और उसे इधर उधर उलझाने की तिकड़म ढूंढते हैं, साजिशें रचते हैं। मगर काठ की हांडियां बार-बार नहीं चढ़ती - इस बार भी नहीं चढ़ेंगी।

ये कलाकारियां वे उस बीएचयू में सिखा रहे थे जिसके इसी कैंपस मे अभी चंद महीने पहले ही खुद उनकी पार्टी के युवा नेताओं, भाजपा आई टी सैल से संयोजक कुणाल पाण्डेय, सह-संयोजक सक्षम पटेल और कार्यसमिति सदस्य आनन्द उर्फ़ अभिषेक चौहान ने आई आई टी की एक छात्रा के साथ सामूहिक बलात्कार किया था। बलात्कार पीड़िता और उसके परिजनों की ही नहीं बाकी सभी लोगों की भी उम्मीद रही होगी कि इस जघन्य काण्ड की जगह पर बोलते हुए इस क्षेत्र का सांसद, जो देश का प्रधानमंत्री भी है, इसकी निंदा भर्त्सना का साहस भले न जुटा पाए मगर पीड़िता के प्रति संवेदना तो जताएगा ही, लड़कों को ऐसे आचरण से दूर रहने की सलाह तो देगा ही : मगर 'सेल्फी खेंचो -एप्प में डाल तमाशा देखो' वाले अपने भाषण में वे ऐसा कुछ भी नहीं बोले।

बोलने को तो वे उन युवाओं पर भी नहीं बोले जिनकी बीसियों हजार की भीड़ से ठीक उसी दिन यूपी के सारे रेलवे स्टेशन पटे हुए थे। ये वे युवा थे जो खूब तैयारी करके, आवेदन शुल्क के नाम पर सरकारी खजाने में करोड़ों रुपये जमा करके, मात्र 7 हजार पुलिस आरक्षकों की नौकरियों के लिए आधा करोड़ की संख्या में उस प्रतियोगी परीक्षा को देने जा रहे थे जिसका पर्चा लीक हो चुका था। परीक्षा पर चर्चा के नाम पर किशोर और युवाओं को इम्तहान पास करने के गुर सिखाने वाले मोदी इन परीक्षार्थियों के बारे में एक शब्द नहीं बोले; उन्हें पता था कि इन पर बोलेंगे तो उस रोजगार पर भी बोलना होगा जिसकी आस में ये 48 लाख मारे मारे घूम रहे हैं और निराश होकर लौट रहे हैं।

मोदी अपने विरोधी दल के नेता के भाषण को सन्दर्भ से काटकर रखते हुए उसके खिलाफ अपने श्रोता छात्र-छात्राओं को भड़का रहे थे। राहुल गांधी ने बनारस के युवाओं को नशेड़ी कहकर मेरी काशी, मेरी यूपी के युवाओं का अपमान किया है का आरोप लगाते हुए उनमे उन्माद पैदा कर रहे थे।

'गांठ से न दे भूसी- बातों से कर दे ख़ुशी' में दक्षता हासिल करने के लिए अनवरत रियाज करने वाले मोदी ने कहावतों को भी झाड़- पोंछकर, अदल-बदल कर अपने लायक बनाया हैं। ढपोर शंख और दंतनिपोर खोखली और कभी न पूरी होने वाली घोषणाओं के लिए इस्तेमाल किये जाने वाले शब्द थे, मोदी ने इन्हें निचोड़ शंख तक पहुंचाया है; मतलब यह कि जो कह रहे हैं वह तो होगा ही नहीं, उसका ठीक उलटा अवश्य होगा । उन्होंने खुद अपने ही शब्दों को और आगे विकसित करते हुए पहले वायदों को जुमला बताया था, अब जुमलों को नया नाम देकर उन्हें मोदी की गारंटी कर दिया है।

इस सच्चाई को समझने के लिए काशी और बाकी देश के युवाओं को किसी ए आई- नकली बुद्धिमत्ता- आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की जरूरत नहीं है। अपने हर रोज के अनुभव से वह इन बातों को जानता समझता है। युवा भारत यह सब समझता है यह जानकर ही हुक्मरान ज्यादा परेशान और घबराए दीखते हैं और उसे इधर उधर उलझाने की तिकड़म ढूंढते हैं, साजिशें रचते हैं। मगर काठ की हांडियां बार-बार नहीं चढ़ती - इस बार भी नहीं चढ़ेंगी।

*( लेखक लोकजतन संयुक्त सचिव अखिल भारतीय किसानसभा )*

# संयुक्त राष्ट्र की विश्व में शांति और सुरक्षा बनाये रखने में विफलता

■ नन्तु बनर्जी

पिछले वर्ष से चल रहे दो विनाशकारी युद्धों - एक यूक्रेन में और दूसरा गाजा पट्टी-में अब तक हजारों नागरिक मारे गये और घायल हुए हैं। कम से कम 10 अन्य देश और क्षेत्र हैं जहां गृह युद्ध, सशस्त्र हिंसा और आतंकवादी हमले वर्षों और यहां तक कि दशकों से मानवीय आपदाओं का कारण बन रहे हैं। इनमें अफगानिस्तान, बर्किनाफासो और साहेल, मध्य अफ्रीकी गणराज्य, चाड और लेक चाडबेसिन, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य, सोमालिया, दक्षिण सूडान, सूडान, सीरिया और यमनीहौथी विद्रोहियों द्वारा नियंत्रित लाल सागर शामिल हैं।

यूक्रेन-रूस युद्ध फरवरी 2022 में शुरू हुआ था। इस साल 15 फरवरी तक, संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त (यूएनएचसीएचआर) के कार्यालय ने यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के दौरान कुल 30,457 नागरिक हताहतों की पुष्टि की। इनमें से 19,875 के घायल होने की खबर है। लगभग 37 लाख यूक्रेनियन आंतरिक रूप से विस्थापित हुए। वैश्विक स्तर पर यूक्रेन से लगभग 65 लाख शरणार्थी दर्ज किये गये हैं। 2024 में लगभग 146लाख लोगों को मानवीय सहायता की आवश्यकता है। गाजा में, पिछले साल 7अक्टूबर से इजरायली हमलों में कम से कम 29,782 लोग मारे गये हैं और 70,043 घायल हुए हैं। इज़रायल में मरने वालों की संशोधित संख्या 1,139 है। युद्ध जारी है। गाजा स्थित फिलिस्तीनी, जिनमें बड़ी संख्या में बच्चे और महिलाएं शामिल हैं, लगभग हर दिन बड़ी संख्या में मर रहे हैं। अब तक, इज़रायल और फ़िलिस्तीन के दोस्तों द्वारा दोनों पक्षों पर इस अविवेकपूर्ण युद्ध को समाप्त करने के लिए बहुत कम दबाव डाला गया है।

यूएनएससी के स्थायी सदस्यों के रूप में यदि उनकी उपस्थिति होती तो उन्होंने वैश्विक राजनीतिक गतिरोध से निपटने के लिए परिषद को और अधिक मजबूत बना दिया होता। गहराता वैश्विक संकट संयुक्त राष्ट्र की परिचालन शैली में मौलिक और तीव्र बदलाव की मांग करता है। यूएनएससी को समकालीन वैश्विक शक्ति गतिशीलता को पहचानना और उसका प्रतिनिधित्व करना चाहिए।

इस दौरान संयुक्त राष्ट्र, अपनी सर्वशक्तिमान सुरक्षा परिषद सहित, यूक्रेन और गाजा में युद्ध को रोकने और दो राजनीतिक रूप से विस्फोटक क्षेत्रों में शांति और मानव सुरक्षा स्थापित करने में पूरी तरह से अप्रभावी साबित हुआ है। यूक्रेन में, अमेरिका और उसके सहयोगी वास्तव में पूर्वी यूरोपीय राष्ट्र के लोगों की अंतहीन पीड़ा को बढ़ाते हुए बड़े पैमाने पर हथियार और वित्तीय सहायता प्रदान करके युद्ध को बढ़ावा दे रहे हैं। पिछले हफ्ते फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएलमैरक्रॉन ने देश को रूस के खिलाफ युद्ध लड़ने में मदद करने के लिए यूक्रेन में यूरोपीय सैनिकों को भेजने की संभावना पर खुले तौर पर चर्चा की, द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से यूरोप में देखे गये सबसे बड़े जमीनी युद्ध के बड़े पैमाने पर बढ़ने की धमकी दी और संयुक्त राष्ट्र के अधिकार को चुनौती दी। यूरोप में परमाणु युद्ध की आशंका पर रूस ने तुरंत प्रतिक्रिया दी है। फ्रांस संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के पांच स्थायी सदस्यों में से एक है। एक तरह से, राष्ट्रपति मैक्रॉन के सार्वजनिक गुस्से ने एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र के अधिकार को कमजोर कर दिया।

अफगानिस्तान में, 2021 में अमेरिकी सेना की वापसी के बाद से लगभग 150,000 नागरिक हताहत दर्ज किये गये हैं। अब तक लगभग 283 लाख लोगों को अफगानिस्तान में मानवीय सहायता की आवश्यकता है। चाड और लेक चाडबेसिन में अंतर-सांप्रदायिक संघर्ष लगभग 15 वर्षों से चल रहा है। कांगो में संघर्ष ने अब तक 264लाख लोगों को प्रभावित किया है जिन्हें मानवीय सहायता की सख्त जरूरत है। सोमालिया में हिंसा और क्रूरता, दक्षिण सूडान में जातीय सफाया और सूडान में अंतर-सांप्रदायिक संघर्ष ने लाखों लोगों को अत्यधिक संकट में डाल दिया है। सीरिया दुनिया के सबसे बुरी तरह प्रभावित देशों में से एक है जो बाहरी शक्तियों द्वारा समर्थित हिंसा में फंसा हुआ है। कथित तौर पर ईरान समर्थित यमनीहौथी समुद्री डाकुओं द्वारा नियंत्रित लाल सागर में, 10 खरब डॉलर का वार्षिक वैश्विक समुद्री व्यापार गंभीर रूप से प्रभावित हुआ है। सूची में उल्लिखित सभी देश संयुक्त राष्ट्र के सदस्य हैं। फिर भी, संयुक्त राष्ट्र क्षेत्र में शांति और सुरक्षा स्थापित करने में मदद करने के लिए, अगर बेपरवाह नहीं तो, पूरी तरह से अप्रभावी है।

संयुक्त राष्ट्र की असहाय स्थिति और दो प्रतिद्वंद्वी समूहों (एक अमेरिका के अधीन और दूसरा रूस-चीन गठबंधन के तहत) के नेतृत्व में इसकी पांच सदस्यीय सुरक्षा परिषद तेजी से एक ऐसी स्थिति पैदा कर रही है जिसे दुनिया ने 1930 के दशक में राष्ट्रों के लीग के तहत देखा था। लीग पहला विश्वव्यापी अंतर-सरकारी संगठन था जिसका मुख्य मिशन विश्व शांति बनाये रखना था। प्रथम विश्व युद्ध के अंत में विजयी मित्र शक्तियों की पहल पर 10 जनवरी, 1920 को राष्ट्र संघ की स्थापना की गयी थी। राष्ट्र संघ आक्रामक राष्ट्रों के रूप में विफल रहा - साथ ही फ्रांस और ब्रिटेन जैसे इसके शक्तिशाली स्थायी सदस्यों ने भी विश्व निकाय के अधिकार को कमजोर कर दिया। शुरुआती चरण में जर्मनी के हिटलर को खुश करने के अपने प्रयासों में फ्रांस और ब्रिटेन ने भी लीग को नजरअंदाज कर दिया, जिसके कारण संभवत: 1939 में द्वितीय विश्व युद्ध छिड़ गया। 1937 तक, लीग पूरी तरह से बेकार संस्था बन गयी। 19 अप्रैल, 1946 को इसे औपचारिक रूप से भंग कर दिया गया।

फिलहाल, संयुक्त राष्ट्र की सदस्य-सरकारों के बीच विश्वास टूटने की स्थिति में पहुंचता दिख रहा है। कई देश महत्वपूर्ण अंतर-सरकारी मुद्दों को हल करने या नया स्वरूप देने के लिए संयुक्त राष्ट्र पर भरोसा नहीं करते हैं। चीन विश्व व्यवस्था स्थापित करने में मदद करने के लिए अमेरिका की वैधता पर गंभीरता से सवाल उठा रहा है। नये अंतर सरकारी निकाय जैसे ब्रिक्स (ब्राजील-रूस-भारत-चीन-दक्षिण अफ्रीका समूह); क्वाड, जिसमें अमेरिका, जापान, भारत और ऑस्ट्रेलिया हैं); अमेरिका-जापान-ऑस्ट्रेलिया रणनीतिक सहयोग; औकस (ऑस्ट्रेलिया-यूके-अमेरिका रणनीतिक समझौता); और बीजिंग की अपनी अरबों डॉलर की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) या वैश्विक स्तर पर चीनी मार्शल योजना अब तक लगभग 60 देशों का प्रभुत्व जैसे संगठन संयुक्त राष्ट्र के घटते अधिकार के लिए एक नयी चुनौती हैं। दिलचस्प बात यह है कि फिलहाल चीन को यूएनएससी सुधारों का मुख्य विरोधी माना जाता है। इससे पहले, पश्चिमी शक्तियों ने सुधारों के आह्वान का विरोध किया था।

प्रभावी होने के लिए, संयुक्त राष्ट्र को तत्काल पुनर्निर्मित करने की आवश्यकता है। यूएनएससी को बदलती विश्व व्यवस्था - आर्थिक और रणनीतिक - को पहचानना चाहिए। यह अकल्पनीय है कि आज दुनिया के कुछ सबसे प्रभावशाली देश जैसे भारत, जापान, जर्मनी और ब्राजील अभी भी यूएनएससी के स्थायी सदस्य नहीं बन पाये हैं। भारत दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश, पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और अमेरिका, रूस और चीन के बाद चौथी सबसे बड़ी सैन्य शक्ति है। जापान और जर्मनी आर्थिक और तकनीकी महाशक्तियां हैं। ब्राज़ील दक्षिण अमेरिका का सबसे प्रभावशाली देश है। यूएनएससी के स्थायी सदस्यों के रूप में यदि उनकी उपस्थिति होती तो उन्होंने वैश्विक राजनीतिक गतिरोध से निपटने के लिए परिषद को और अधिक मजबूत बना दिया होता। गहराता वैश्विक संकट संयुक्त राष्ट्र की परिचालन शैली में मौलिक और तीव्र बदलाव की मांग करता है। यूएनएससी को समकालीन वैश्विक शक्ति गतिशीलता को पहचानना और उसका प्रतिनिधित्व करना चाहिए।

## पावन प्रसंग

# वरदान हैं विफलताएं

जीवन में मिलने वाली असफलताओं से व्यक्ति बहुत दुखी होता है, एक तरह से टूट जाता है। ऐसे समय में यदि उसे उचित मदद न मिल सके तो उसका भ्रमित होना स्वाभाविक है। असफलता मिलने पर एक क्षण के लिए लगता है कि जैसे सब कुछ खतम हो गया। जितनी भी मेहनत की गई, सब व्यर्थ गई और इसी तरह के न जाने कितने विचार मन में आते हैं जिनसे मन और दुखी होता है। ऐसी परिस्थितियों में एरिजोना स्टेट यूनिवर्सिटी में सोशल साइकोलॉजी के प्रोफेसर डॉ. डगलस केनकि कहते हैं- व्यक्ति को नाकामयाबी को खुले दिल से मान लेना चाहिए, क्योंकि वहीं से कामयाबी का रास्ता खुलता है। किसी भी कार्य में सफलता या असफलता के मिलने का सिलसिला जीवन भर चलता रहता है और शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति होगा, जिसे किए गए कार्य में असफलता देखने को न मिली हो। हम जब कुछ चाहते हैं, तो उसकी तैयारी करते हैं। बहुत मेहनत करने के बाद अपनी चाहत को कुछ आकार दे पाते हैं, लेकिन जरूरी नहीं है कि वह चाहत हूबहू वैसी ही पूरी हो, जैसा हम चाहते हैं। उसमें फेर बदल हो सकता है, उसमें सफलता या असफलता भी मिल सकती है। हमें परेशानी तब होती है, जब कोई कार्य हमारी मर्जी के अनुरूप नहीं होता और सब कार्य हमारी मर्जी के अनुरूप हो, यह जरूरी नहीं। यह संसार है, यहां पर हम कार्य करने के लिए पूरी तरह स्वतंत्र हैं, लेकिन इन किए गए कार्यों के जो भी परिणाम मिलेंगे, वह हमारी इच्छानुसार हो भी सकते हैं और नहीं भी, इन परिणामों पर हमारा कोई अधिकार नहीं होता। इसीलिए जो भी परिणाम मिलें, उन्हें खुलेदिल से स्वीकार करने में ही हमारा भलाई है।

जब हमें असफलता मिलती है तो हमें मन से बहुत बुरा लगता है, अपने ऊपर गुस्सा आता है, लेकिन उससे कुछ हासिल नहीं होता। इसलिए हमें इन मिलने वाली असफलताओं से कभी अपनी गति मंद नहीं करनी चाहिए, बल्कि आगे के लिए योजना बनाकर तैयारी में जुट जाना चाहिए। मिलने वालीअसफलताएं देखने में भले ही कितनी बड़ी क्यों न लगें, लेकिन वे हमारे जीवन से बड़ी नहीं हो सकती और कभी भी असफलताओं को इतना बड़ा नहीं मान लेना चाहिए कि हम उनके कारण अपनी जीवन को ही बोझ मानने लगें और हर परिस्थिति को नकारात्मकता से स्वीकार करने लगें। जब हम असफलता को खुले दिल से स्वीकार करते हैं तो अपने लिए नई संभावनाओं के द्वार खोलते हैं, लेकिन हम इसे स्वीकार नहीं करते तो अपने लिए आगे बढ़ने का मार्ग ही बंद कर देते हैं।

हमें यह समझ लेना जरूरी है कि असफलता के मिलने से केवल एक रास्ता बंद दीखता है, लेकिन बाकी सारे रास्ते खुले होते हैं जिन्हें तभी देखा जा सकता है, जब हम असफलता से मिलने वाली ठोकर को सहकर संभल जाते हैं। बंद दीखने वाले रास्ते भी खोले जा सकते हैं, यदि हम असफलता को स्वीकार कर फिर से सफलता के लिए प्रयास करते हैं। 'काउन्सिलिंग एंड साइकोथेरेपी' पुस्तक के लेखक, प्रसिद्ध साइकोलॉजिस्ट कार्ल रोजर्स का कहना है, 'सफलता की कहानी वन लाइनर नहीं हो सकती है। यह विफलताओं के इतिहास से निकला सत्य है।'

सर आइजक न्यूटन इसका एक अनुपम उदाहरण थे, बचपन के दिन गरीबी में गुजारे और वे पढ़ाई में कई बार असफल भी हुए। कैंब्रिज यूनिवर्सिटी ने भी उन्हें निकाल दिया। फिर भी वे भौतिकी के महान विद्वान बने। महान गणितज्ञ रामानुजन का बचपन बहुत गरीबी में व्यतीत हुआ। दस साल की उम्र तक उन्होंने कोई औपचारिक शिक्षा भी नहीं पाई थी, लेकिन बाद में वे ही रामानुजन गणित विषय में अपनी अद्भुत क्षमता के लिए संपूर्ण विश्व में जाने गए। इसलिए स्वयं को कभी भी असफल समझने की भूल नहीं करनी चाहिए। जिंदगी अनेक अवसर देती है और ये हमारे लिए कसौटी होते हैं कि हम इन पर खरा उतरें असफल होने पर घबराएं नहीं, अन्य अवसरों की प्रतीक्षा करें व अपने प्रयास जारी रखें। बेहतर हो कि अगली बार हम और अधिक मेहनत करें।

कहते हैं कि कमजोर तब रुकते हैं, जब वे थक जाते हैं और विजेता तब रुकते हैं, जब वे जीत जाते हैं। इसका व्यावहारिक उदाहरण विश्व की जानी-मानी हस्तियों के रूप में हमें देखने को मिलता है जिन्होंने सफलता हासिल करने के लिए विफलता के हर कदम को सफलता की सीढ़ी बनाया और पूरी दूनिया को प्रेरणा दी। उन्होंने विफलता को व्यक्तिगत रूप से न लेते हुए एक प्रतिक्रिया के रूप में देखा और अपनी रणनीति का मूल्यांकन कर इच्छित परिणाम को हासिल किया। उनका पहला कदम था, विफलता को फिर से परिभाषित करना और उच्च स्तर तक पहुंचने के लिए उसे एक अवसर के रूप में देखना।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

# पशुधन बना आमदनी का साधन

देश के ग्रामीण क्षेत्रों में आय का सबसे सशक्त माध्यम कृषि है। देश की आधी से अधिक ग्रामीण आबादी कृषि पर निर्भर करती है। इसके बाद जिस व्यवसाय पर ग्रामीण सबसे अधिक निर्भर करते हैं वह है पशुपालन। बड़ी संख्या में ग्रामीण भेड़, बकरी और मुर्गी पालन कर इससे आय प्राप्त करते हैं। जम्मू-कश्मीर में तो बाकायदा गुजर बकरवाल नाम से एक समुदाय है जो सदियों से भेड़ और बकरी पालन का काम करता आ रहा है। राजस्थान में भी बड़ी संख्या में ग्रामीण भेड़, बकरी और ऊंट पाल कर आमदनी प्राप्त कर रहे हैं। हालांकि पशुधन जहां आय का प्रमुख जरिया है वहीं इसके पालन और चारा की व्यवस्था एक बड़ी समस्या के रूप में भी रहती है। बीकानेर स्थित लूणकरणसर ब्लॉक के कालू गांव के ग्रामीण भी बड़ी संख्या में पशुधन आय का माध्यम बना हुआ है। हालांकि ग्रामीणों की इस समस्या को देखते हुए स्थानीय संस्था उर्मुल द्वारा एक सी.एफ.सी सेंटर (कॉमन फैसिलिटी सेंटर) खोला गया है। यह गांव की गोचर भूमि है। जिसे 150 बीघा जमीन में बनवाया गया है इसमें चारों ओर तारे बंधी हुई हैं। जिसमें चारे की उचित व्यवस्था की गई है। यहां पर पानी की व्यवस्था के लिए 4 कुंड भी बनाए गए हैं। इसके अतिरिक्त इस भूमि पर एक जोहड़ (कुंड) की भी व्यवस्था करवाई गई है जिसमें वर्षा के दिनों में पानी इकट्ठा करने की व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त इस सेंटर में भेड़ों की ऊन कटिंग की व्यवस्था भी की गई है। जहां पशुपालक आधुनिक मशीनों के माध्यम से अपनी-अपनी भेड़ों के ऊन उतरवाते हैं। इसके अतिरिक्त यहां मवेशियों के लिए वैक्सीन की भी व्यवस्था की गई है, तथा उनके बीमार होने पर इलाज का भी पूरा इंतज़ाम किया गया है।

गांव में कॉमन फैसिलिटी सेंटर की व्यवस्था होने के कारण पहले की तुलना में मवेशी पालकों को काफी सुविधाएं मिलने लगी हैं। लेकिन जानवरों का बीमा नहीं होना इन मवेशी पालकों के लिए आज भी एक समस्या बनी हुई है। ऐसे में सरकार को ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए जिससे कि इन्हें धरातल पर सभी सुविधाओं का लाभ मिल सके ताकि मवेशी पालक अधिक से अधिक मवेशी पालने को प्रोत्साहित हो सकें क्योंकि वर्तमान में कृषि के बाद जिस प्रकार से मवेशी पालन ग्रामीणों की आय का प्रमुख स्रोत बनता जा रहा है, वह न केवल उनके लिए बल्कि भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए भी सकारात्मक संकेत कहे जा सकते हैं।

इस कॉमन फैसिलिटी सेंटर के कारण कालू गांव के पशुपालकों को अपने मवेशियों को चराने की समस्या लगभग समाप्त हो गई है। मवेशियों को पर्याप्त चारा और मेडिकल सुविधा मिलने के कारण जानवर काफी स्वस्थ रहते हैं। जिसका लाभ ग्रामीणों को अधिक आय के रूप में मिलने लगा है।

**अंजली, बीकानेर, राजस्थान**

**उल्टा पुल्टा**

चिंटू के हाथ में नया फोन देखकर बंटी बोला- नया फोन कब खरीदा?
चिंटू - नया नहीं, गर्लफ्रेंड का है।
बंटी - गर्लफ्रेंड का फोन क्यूं ले आया?
चिंटू- रोज कहती थी मेरा फोन नहीं उठाते, आज मौका मिला तो उठा लाया।

# कलेक्टर ने किया सिम्स अस्पताल का औचक निरीक्षण

## लिफ्ट, किचन शेड सहित सौंदर्यीकरण का काम जल्द पूरा करने दिए निर्देश



**बिलासपुर,** 5 मार्च (देशबन्धु)। कलेक्टर अवनीश शरण ने आज सिम्स अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने तकरीबन घंटे भर सिम्स परिसर और वार्डों का दौरा कर व्यवस्थाएं बनाने के निर्देश दिए। अस्पताल में इलाज कराने आए मरीजों से मुलाकात कर कुशल क्षेम पूछा। अस्पताल में भर्ती मरीजों के परिजनों के लिए बनाए जा रहे किचन शेड और अस्पताल के सौंदर्यीकरण कार्य को प्राथमिकता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। स्वीकृत दो नए लिफ्ट का काम भी तत्काल शुरू करने कहा।

कलेक्टर ने अस्पताल में बन रहे 12 बेडेड आपातकालीन चिकित्सा कक्ष (ट्राइएज) काम का भी निरीक्षण किया। अस्पताल अधीक्षक डॉ. नायक ने बताया कि यह काम पूर्णता की ओर है। कलेक्टर ने अस्पताल में बनाए जा रहे किचन शेड का निरीक्षण किया। अंत:रोगी वार्ड के नजदीक उपलब्ध खुले जगह पर किचन शेड बनाया जा रहा है। अस्पताल में भर्ती मरीज के परिजनों के भोजन बनाने के लिए इसका निर्माण किया जा रहा है। कलेक्टर ने इस काम को भी जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल सौंदर्यीकरण काम का भी जायजा लिया। सौंदर्यीकरण के अंतर्गत यहां एलईडी डिस्प्ले गार्डन जैसे अन्य काम किए जा रहे है। इस कार्य को प्राथमिकता के साथ जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अस्पताल में घूम-घूमकर सभी वार्डों का जायजा लिया और व्यवस्थाएं देखी। उन्होंने पंजीयन विभाग में टोकन व्यवस्था एवं सिकल सेल सैम्पल कलेक्शन सेंटर को भी देखा। मरीजों से चर्चा कर व्यवस्था की जानकारी ली। गायनिक वार्ड में कंचनपुर से आई श्रीमती नंदनी बिंझवार से भोजन के विषय में पूछा। उन्होंने बताया कि सुबह नाश्ते में अंडा, बिस्किट, केला मिला था। भोजन अच्छा मिल रहा है। कलेक्टर ने पैथोलॉजी में जाकर भी मरीजों से चर्चा की। श्रीमती नर्मदा बाई ने बताया कि उन्होंने खून की जांच के लिए सैम्पल दिया है। कलेक्टर ने डॉक्टरों को निर्देशित किया कि स्लिप में रिपोर्ट देने की तिथि भी अंकित की जाए। कलेक्टर ने दंत रोग विभाग, फिमेल सर्जिकल वार्ड, मेल वार्ड सहित अन्य वार्डों का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने अस्पताल में फर्श में हुई टूट-फूट के मरम्मत के निर्देश पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अमित कुमार, सिम्स अस्पताल अधीक्षक डॉ. एसके नायक, उप अधीक्षक डॉ. विवेक शर्मा, पीडब्ल्यूडी एवं सीजीएमएससी से संबंधित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

## संपादकीय

### आरटीई : घटती सीटें चिंताजनक

*छत्तीसगढ़ की शालाओं में शिक्षा के अधिकार (राइट टू एजूकेशन- आरटीई) के तहत प्रवेश पाने वालों की संख्या घटनी चिंताजनक है। पिछले कुछ वर्षों से इस प्रावधान के अंतर्गत बच्चे प्रवेश क्यों नहीं ले रहे हैं, इसकी जांच की जानी चाहिये। यदि नियम सम्बन्धी कोई समस्या है तो सरकार को चाहिये कि वह इसकी समीक्षा करे। कोशिश यही होनी चाहिये कि कोई भी शिक्षा के अधिकार से वंचित न हो। आंकड़े बतलाते हैं कि पिछले वर्ष यानी 2223-24 के दौरान 55158 सीटें थीं जो इस साल घटकर 5271 रह गई हैं। शालाओं की संख्या भी घटी है। हालांकि शिक्षा अधिकारियों की मानें तो अभी स्कूलों की संख्या बढ़ेगी जिसके कारण आरटीई के अंतर्गत बच्चों के प्रवेश की संख्या भी बढ़ सकती है।*

*कहना न होगा कि विकास का आधार ही शिक्षित समाज का होना है। इसके अलावा मानवीय गरिमा को बनाये रखने के लिये आवश्यक है कि हर कोई शिक्षा पा सके। राष्ट्र संघ ने टिकाऊ विकास (सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स - एसडीजीज़) के जो लक्ष्य निर्धारित किये हैं उनमें शिक्षा को काफी ऊपर रखा गया है। इसके कारण सरकारों का यह संवैधानिक कर्तव्य हो गया है कि वे इस विषय को उच्च वरीयता दें। यह अधिकार इस उद्देश्य को लेकर लोगों को दिया गया है कि पालकों के आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण बड़ी तादाद में ऐसे बच्चे होते हैं जिन्हें शिक्षा से वंचित होना पड़ता है। उन्हें पढ़ाई करने का अधिकार मिले। सभी स्कूलों के लिये यह अनिवार्य किया गया है। इसके कारण देश में बड़ी तादाद में गरीबों व कमजोर वर्गों के बच्चों को स्कूलों का मुंह देखना नसीब हुआ है।*

*भारत के सन्दर्भ में बात करें तो पिछले कुछ वर्षों में यह अधिकार कमजोर पड़ा है। महंगे स्कूल, खासकर जो मुनाफा कमाने के लिये ही खोले गये हैं, वे किसी न किसी आधार पर बच्चों को इससे वंचित करते रहते हैं। इसे लेकर एक और समस्या पिछले दो-तीन वर्षों में सामने आई है। कोरोना के कारण देश भर में फैली गरीबी व बेरोजगारी के कारण भी अभिभावक या पालक बच्चों की शिक्षा का खर्च वहन नहीं कर पा रहे हैं। अनेक बच्चों के माता-पिता रोजगार खो चुके हैं। उनके लिये बच्चों को महंगे स्कूलों में पढ़ाना नामुमकिन है। दूसरी तरफ स्कूलों द्वारा टालमटोल करने के चलते भी बच्चों के स्कूल छोड़ने की ही नौबत आ जाती है। या तो उन्हें पब्लिक स्कूल छोड़कर सरकारी शालाओं में अध्ययन करना पड़ रहा है या फिर उन्होंने हमेशा के लिये पढ़ाई ही छोड़ दी है।*

*इस लिहाज से देखना होगा कि छत्तीसगढ़ के बच्चों को इस महत्वपूर्ण अधिकार से वंचित न किया जाये। शिक्षा विभाग को ऐसी व्यवस्था बनानी होगी कि कोई भी बच्चा पैसों के अभाव में स्कूल न छोड़े।*

## सार-संक्षेप

### मस्तूरी ब्लॉक के गांवों में किसानों ने किया फसल प्रदर्शन

#### निरीक्षण अधिकारी पल्लेवार ने लिया जायजा



बिलासपुर, 5 मार्च (देशबन्धु)। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना के अंतर्गत मस्तूरी विकासखण्ड के ग्राम रैलहा में चना प्रदर्शन 20 हेक्टेयर, ग्राम भुरकुण्डा एवं जैतपुरी में सरसों प्रदर्शन, ग्राम हिर्री में मूंगफली प्रदर्शन 20 हेक्टर का अवलोकन एवं मूल्यांकन निरीक्षण अधिकारी सरजू पल्लेवाल ने किया। इसके साथ ही उन्होंने बीज उत्पादन प्रोगाम के तहत ग्राम रिस्दा में मटर फसल 10 हेक्टेयर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने योजना क्रियान्वयन, फसल, बीज मिनीकीट, समूह प्रदर्शनी की वर्तमान स्थिति, प्रगति सह रबी फसल की स्थिति व कटाई एवं अन्य योजनाओं के मूल्यांकन एवं अनुश्रवण हेतु विकासखण्ड मस्तूरी के विभिन्न गांवों में फसल प्रदर्शन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संयुक्त संचालक एम.के. चैहान, उप संचालक पी. हथेश्वर, सहायक संचालक अनिल कौशिक, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी ए.के. आहिरे, ग्रामीण कृषि विकास अधिकारी विजय धीरज एवं समस्त किसान मौजूद थे।

### वृद्धा के गले से सोने का चैन लूटने वाला युवक पकड़ाया




**बिलासपुर,** 5 मार्च (देशबन्धु)। वृद्धा के गले से सोने का चैन लूटने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।कोतवाली पुलिस ने बताया कि प्रार्थी विशाल हरियानी पिता श्याम लाल हरियानी उम्र 35 वर्ष निवासी कृष्णा नगर जूना बिलासपुर थाना सिटी कोतवाली थाना उपस्थित आकरं रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी दादी सुलक्षणी देवी हरियानी अपने घर के आंगन में बैठी उसी समय एक अज्ञात व्यक्ति आकर प्रार्थी की दादी से भैया कहां है पूछने लगा दादी बोली भैया अभी दुकान है।

उसी समय अज्ञात व्यक्ति द्वारा प्रार्थी के दादी के गली में पहने सोने का लाकेट को लूट कर अपनी स्कुटी क्रमांक सीजी 10 बी.एल. 1943 से भाग गया। प्रार्थी की रिपोर्ट में अपराध क्रमंका 113/2024 धारा 394 भादवि पंजीबद्ध कर वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत कराया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक कमला पुसाम ठाकुर के नेतृत्व में थाना स्तर पर टीम गठित कर आरोपी की पता तलाश की जा रही थी। विवेचना दौरान मुखबिर सूचना मिली की स्कुटी सीजी 10 बी.एल. 1943 में एक व्यक्ति पुराना बस स्टैण्ड के पास घुम रहा है मुखबिर के निशान देही में आरोपी अभिषेक तिवारी उर्फ पिन्टु पिता सुरेन्द्र तिवारी उम्र 40 वर्ष निवासी करबला कश्यप कालोनी थाना सिटी कोतवाली जिला बिलासपुर घेराबंदी कर पकडा गया। आरोपी द्वारा पहले पुलिस को गुमराह किया गया, कडाई से पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किया गया, आरोपी के कब्जे से लूटे गए सोने का लाकेट वजनी 4 ग्राम कीमती 24000 रूपये एवं घटना में प्रयुक्त स्कुटी क्रमांक सीजी 10 बी.एल. 1943 जप्त किया गया। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

# गांजा बेचते दो युवक पकड़ाए

## तोरवा और आरपी एफ की संयुक्त कार्रवाई



बिलासपुर,5 मार्च (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह (भा.पु. से.) के द्वारा जिले में नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने एवं अवैध नशे पर लगातार कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। जिसके परिपालन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र जायसवाल एवं सी.एस.पी. (कोतवाली) श्रीमति पूजा कुमार (भा.पु.से.) के निर्देशन में थाना क्षेत्रांतर्गत अवैध गांजा बिक्री करने वालों की धरपकड़ हेतु अभियान चलाया गया । इसी दौरान टीम को सूचना मिली कि दो व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ गांजा रखकर भागने के लिए प्राइवेट वाहन का तलाश नष्टि भवानी मंदिर के पास बापू नगर रोड में कर रहे हैं कि सूचना पर तत्काल संदिग्ध आरोपी भाग न जाये इसलिये थाना तोरवा स्टाफ की टीम सूचनास्थल पहुंचकर आरपीएफ की टीम के साथ घेराबंदी कर उक्त व्यक्तियों को पकड़ा गया ।जिसका नाम पता पूछने पर अपना नाम 1अवनीश ठाकुर पिता प्रमोद सिंह ठाकुर उम्र 25 साल निवासी ग्राम मझोला पोस्ट भोगांव थाना बेवर जिला मैनपुरी उत्तर प्रदेश 2 इशांक भदोरिया उर्फ चमन पिताजी जितेंद्र सिंह भदोरिया उम्र 24 साल निवासी ग्राम मझोला पोस्ट भोगांव थाना बेवर जिला मैनपुरी उत्तर प्रदेश बताए जिसके कब्जे से 20.540 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमती 2 लाख रुपए एक नग मोबाइल नगदी रकम?600 रुपए जप्त किया गया है आरोपियो के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के अंतर्गत कार्यवाही कर गिरफतार किया गया है, पूछताछ जारी है।उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी अंजना केरकेट्टा , सहायक उप निरीक्षक विदेशी राम साहू सहायक उप निरीक्षक बी एस पटेल आरपीएफ पोस्ट बिलासपुर सहायक, उप निरीक्षक अमरेंद्र सिंह टास्क टीम1, प्रधान आरक्षक दिनेश सिंह, आरपीएफ बिलासपुर आरक्षक अजय शर्मा ,लक्ष्मी कश्यप, अशोक चंद्राकर , प्रमोद चौहान , अनूप किंडो का सराहनीय योगदान रहा।

### आज मौसम शुष्क रहेगा



**बिलासपुर,** 5 मार्च (देशबन्धु)। पश्चिमी विक्षोभ द्रोणिका के रूप में मध्य क्षोभमंडल में 5.8 किलोमीटर ऊंचाई पर 56 डिग्री पूर्व और 32 डिग्री उत्तर में स्थित है। प्रदेश में कल दिनांक 6 मार्च को मौसम मुख्यत: शुष्क रहने की संभावना है। प्रदेश में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। प्रदेश के कुछ जिलों में संध्या या रात्री में आंशिक मेघमय रहने की सम्भावना है ।

# बिना अनुमति लिए सीधे मंत्री से मिलने पहुंच गया पटवारी

## मंत्री नाराज, कलेक्टर ने थमाया नोटिस

बिलासपुर, 5 मार्च (देशबन्धु)। बिलासपुर जिले के एक पटवारी राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा से मिलने रायपुर स्थित उनके बंगले पहुंच गया। सक्षम अधिकारी से अनुमति लिए बगैर मुलाकात के लिए सीधे मंत्री के सामने पहुंच गए। मंत्री श्री वर्मा ने इस पर गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए कलेक्टर बिलासपुर को अनुशासनात्मक कारवाई के निर्देश दिए। कलेक्टर ने संबंधित पटवारी को शो कॉज नोटिस जारी करते हुए 24 घंटे में जवाब तलब किया है। मामला मोपका से स्थानांतरित किए गए पटवारी आलोक तिवारी का है।

गौरतलब है कि जिला कार्यालय द्वारा गत 29 फरवरी को पटवारी आलोक तिवारी का तबादला बेलगहना तहसील के हल्का बहेरामुडा किया गया। उसी दिन उन्हें बहेरामुड़ा में ज्वाइनिंग देने के लिए भारमुक्त भी कर दिया गया। भारमुक्ति उपरांत श्री तिवारी अपने नवीन पदस्थापना स्थल पर न जाकर सीधे राजस्व मंत्री श्री वर्मा से मिलने रायपुर पहुंच गए। अपना तबादला मोपका से बाहर नहीं करने की गुहार लगाई। लेकिन उन्होंने मंत्री से मिलने के लिए किसी सक्षम प्राधिकारी से अनुमति नहीं ली थी। मंत्री ने पटवारी के इस हरकत पर गहरी नाराजगी जताई। सिविल सेवा आचरण नियमों के विपरीत बताया और कलेक्टर को कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के तहत पटवारी आलोक तिवारी को नोटिस जारी कर 24 घंटे में जवाब तलब किया है। निर्धारित समय में जवाब नहीं मिलने पर एकपक्षीय अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# बीआर यादव ने बिलासपुर में विकास की नई परिभाषा लिखी-विजय

## कांग्रेस ने पुण्यतिथि पर किया याद



**बिलासपुर,** 5 मार्च (देशबन्धु)। ज़िला कांग्रेस कमेटी ( शहर/ग्रामीण ) द्वारा आज पूर्व मंत्री और पूर्व शहर विधायक स्व बी आर यादव जी की पुण्यतिथि मनाई गई।शहर अध्यक्ष विजय पांडेय ने कहा कि स्व बी आर यादव जी एक सहज ,सरल और मृदु भाषी व्यक्तित्व के धनी थे,बिलासपुर में विकास के नई परिभाषा लिखी ,बिलासपुर को कस्बाई संस्कृति से महानगर की ओर ले जाने वाले थे,उन्होंने शहर विकास के लिए अनेक काम किये, गुरुघासीदास विश्वविद्यालय, अरपा नदी में पूल निर्माण, शहर का नियोजित विकास के लिए बिलासपुर प्राधिकरण का गठन,उन्होंने छत्तीसगढ़ी संस्कृति को बढ़ावा देते हुए रावत नाचा को राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति दिलाई।

संयोजक ज़फ़र अली ,कृष्णकुमार यादव ने कहा कि स्व बी आर यादव जी का एक छोटे से गांव में जन्म हुआ,और उन्होंने अपनी काबिलियत, से शहर का नेतृत्व किया ,विषम परिस्थिति में कांग्रेस पार्टी ने 1977 में टिकिट दी और उन्होंने जीत हासिल कर लगातार चार चुनाव में जीत दर्ज की और मध्यप्रदेश अनेक विभागों के मंत्री रहे ,5 मार्च को उनका देहांत हुआ।कार्यक्रम में शहर अध्यक्ष विजय पांडेय,संयोजक ज़फ़र अली,माधव ओत्तालवार, विनोद शर्मा, त्रिभुवन कश्यप,कृष्ण कुमार यादव,काली चरण यादव, शेखर मुदलियार, सीमा घृटेश,स्वर्णा शुक्ला ,प्रियंका यादव,राजेश ग वसीम,बबलू एमजीआर,ईश्वर यादव चंद्रहास केशरवानी,आदि उपस्थित थे।

### महमंद स्कूल में बच्चों को साइबर अपराध के बारे में किया जागरुक



**बिलासपुर,** 5 मार्च (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक द्वारा लागातार जन चौपाल लगाकर जनता को यातायात नियमों के पालन करने, साइबर, ठगी, महिला एवं बच्चों पर घटित अपराध एव नए कानून के बारे में जकरुक करने निर्देशित किया गया है। जिसके परिपालन में अति पुलिस अधीक्षक (शहर) राजेन्द्र जायसवाल, एस पी श्रीमती पूजा कुमार (ट्रकर) के दिशा निर्देश में आज तोरवा पुलिस द्वारा पूर्व माध्यमिक शाला महमंद के विद्यार्थियों से रूबरू होकर विभिन्न किस्म के साइबर फ्रॉड के संबंध में जानकारी दी गई साथ ही महिला एवम बच्चो से संबंधी अपराध की जानकारी दी जाकर यातायात के नियमों का पालन करने और उन्हें अपने आस पास के लोगो को भी जागरूक करने की भी समझाइश दी गई ।

### महतारी वंदन योजना

# सूची में नाम आने से खुश हैं महिलाएं, छोटी-छोटी जरूरतें अब आसानी से हो सकेंगी पूरी





**बिलासपुर,** 5 मार्च (देशबन्धु)। महतारी वंदन योजना के तहत राज्य शासन द्वारा महिलाओं को एक हजार रूपए की सहायता राशि प्रति माह उपलब्ध कराई जाएगी। योजना की सूची में नाम आने से महिलाएं काफी खुश हैं। महिलाओं ने अपनी छोटी-छोटी जरूरतों को इन पैसों से पूरा करने की बात कहीं हैं। वहीं मिलने वाली यह राशि कुछ परिवारों के लिए बड़ी राहत है।

चिंगराजपारा की श्रीमती कल्पना सिंह ठाकुर ने बताया कि महतारी वंदन योजना से मिलने वाली राशि से उन्हें काफी सहायता मिलेगी क्योकि उनके पति उनसे अलग रहते हैं और कोई आर्थिक सहायता नहीं करते। एक बेटी के पालन-पोषण की जिम्मेदारी उन्हे अकेले निभानी है ऐसे में इस राशि से उन्हें बड़ी मदद मिलेगी। श्रीमती सरस्वती राजपूत ने बताया कि इस राशि का उपयोग वह अपने घर को संवारने में खर्च करेंगी।

इसी तरह मितानिन नीता वस्त्रकार का कहना है कि मानदेय के रूप में कम राशि प्राप्त होती है ऐसे में शासन द्वारा दी गई एक हजार रूपए की सहायता बड़ी मददगार होगी।इसी तरह योजना में नाम आने से बहतराई सूर्या चैक की श्रीमती सुनीता रात्रे ने बताया कि उनके पति विकलांग हैं। जिसके कारण घर चलाने में उन्हें काफी परेशानी होती है। वह अकेले ही किसी तरह परिवार का खर्च चला रही है। ऐसे में एक हजार रूपए से उन्हें राहत मिलेगी और अपने घरेलू और पति की दवाईयों के खर्च में मदद मिलेगी। महिलाओं ने योजना की सराहना करते हुए सरकार का धन्यवाद किया। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में पहल करते हुए महतारी वंदन योजना शुरू की गई है। योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को एक हजार रूपए प्रति माह की सहायता राशि दी जाएगी।

7 मार्च को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी डीबीटी के जरिए लाभार्थियों को सहायता राशि प्रदान करेंगे। मुख्य कार्यक्रम राज्य मुख्यालय रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की उपस्थिति में आयोजित है। जिला मुख्यालयों, ब्लॉक मुख्यालयों एवं नगरीय निकायों में भी इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

## सार-संक्षेप

### लूट में शामिल दो आरोपी गिरफ्तार



कोरबा, 05 मार्च (देशबन्धु)। प्रार्थी आदित्य सिंह पिता विरेन्द्र सिंह 21 वर्ष मिशन रोड 3 मार्च को रात्रि लगभग 12बजे अपने दोस्त प्रशांत यादव को भंडारी चौक पुरानी बस्ती छोड़ने गया था। प्रशांत को छोड़कर वापस अपने घर एक्टीवा से आ रहा था कि पुरानी बस्ती निवासी अंकू शर्मा एवं दुर्गेश यादव ने कहां का है बोलकर मारपीट किया। आदित्य ने अपना मोबाईल निकाल कर दोस्त प्रशांत को फोन किया तथा मारपीट के बारे में बताया तब दुर्गेश यादव ने उसके मोबाईल को जबरदस्ती लूट लिया और दोनों भाग गये। कुछ देर बाद दोस्त प्रशांत पहुंचा और आदित्य को उसके घर तक पहुंचाया। आदित्य ने दूसरे दिन परिजनों को जानकारी देने के बाद कोतवाली पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराया। पुलिस ने युवकों के विरुद्ध धारा 394, 34 भादवि के तहत जुर्म दर्ज किया। कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक नितिन उपाध्याय के नेतृत्व में स्टाफ ने आरोपी दुर्गेश यादव उर्फ बाबू यादव पिता लक्ष्मीनारायण यादव उर्फ मुन्ना 19 वर्ष, रानी रोड व रमन शर्मा उर्फ अंकु शर्मा पिता स्व. राजू शर्मा 27 वर्ष बर्फ फैक्ट्री के पास पुरानी बस्ती को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। उपरोक्त कार्यवाही में सहायक उप निरीक्षक अजय सिंह ठाकुर, आरक्षक चंद्रकांत गुप्ता, नवरतन सिदार की सक्रिय भूमिका रही।

### अवैध कारोबार में संलिप्त आदतन अपराधियों पर कसा शिकंजा



कोरबा, 05 मार्च (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर विशेष अभियान चलाकर अवैध गतिविधियों पर कार्रवाई जारी है। पुलिस को विगत कुछ समय से अवैध शराब, गांजा, एम्पुल एवं अन्य गतिविधियों के संबंध में लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थी। थाना सिविल लाईन रामपुर एवं कोतवाली पुलिस के द्वारा शराब व गांजा के अवैध कारोबार में संलिप्त आदतन आरोपियों पर शिकंजा कसा गया।

सिविल लाइन पुलिस ने विशाल पावले पिता संजय पावले 23 वर्ष शंकर नगर खरमोरा को पीजी कॉलेज के सामने चिकन सेंटर में 9 लीटर अवैध महुआ शराब रखकर बिक्री करते रंगे हाथ पकड़ा। मुरारी सिंह पिता भगवान सिंह 47 वर्ष इंडस्ट्रियल एरिया के द्वारा 8 लीटर कच्ची महुआ शराब डबरीपारा में बिक्री करते पकड़े जाने पर आबकारी एक्ट की कार्यवाही की गई। आरोपी संजय पावले पिता सम्पत पावले 43 वर्ष शंकर नगर खरमोरा से 7 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब जप्त की गई।

इसी तरह कोतवाली पुलिस ने मोतीसागर पारा की ताराबाई को घर में अवैध गांजा रख कर बेचने की सूचना पर दबिश देकर घर से 2 किलो 100 ग्राम गांजा जप्त किया। महिला के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 बी के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### हाइवा चालक ने डीजल चुराकर सिटी बस के चालक को बेचा



कोरबा-दर्री, 05 मार्च (देशबन्धु)। हाइवा वाहन से डीजल की चोरी के मामले में पुलिस ने उक्त वाहन के चालक और चोरी का डीजल खरीदने वाले को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कराया है।

जानकारी के अनुसार दर्री थाना अंतर्गत निवासी शेख अयातुल्ला खुमैनी पिता इनायतुल्ला 24 वर्ष विशाल लॉजिस्टीक ट्रांसपोर्ट कम्पनी में सुपरवाईजर है। 3 मार्च को कंपनी के हाईवा ट्रक क्रमांक सीजी 04 एनव्ही 1497 में कंपनी के कैम्प कार्यालय गोपालपुर से 50 लीटर डीजल भरवाया गया था। डीजल भराने के बाद चालक मंजेश सिंह को कैम्प से सीपेट स्याहीमुड़ी दर्री रवाना किया गया। इसके बाद रात को सीपेट के पास जाकर सुपरवाईजर शेख अयातुल्ला ने हाईवा का सर्विस टैंक देखा तो लगभग 20 लीटर डीजल कम होने की आशंका हुई। इसके पश्चात चालक मंजेश सिंह के विरुद्ध दर्री थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया गया। पुलिस ने संदेही चालक मंजेश सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ किया तो उसने चोरी करना स्वीकार कर सिटी बस के चालक राजेश राजपूत को बेचना बताया। राजेश को थाना तलब कर उसके निशानदेही पर चोरी का डीजल जप्त किया गया। आरोपियों के विरूद्ध धारा 379 भादवि का अपराध दर्ज कर जेल दाखिल कराने की कार्रवाई की गई।

### स्कूल के वक्त नशे की हालत में ग्रामीण के घर सोते मिला शिक्षक



कोरबा, 05 मार्च (देशबन्धु)। तमाम निर्देश, कोशिशों और कार्रवाई के बावजूद अभी भी कई शिक्षकों के द्वारा शराब पीकर स्कूल आने का सिलसिला थम नहीं रहा है। जिले के एक शिक्षक का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ है जिसमें उक्त शिक्षक स्कूल जाने की बजाय एक ग्रामीण के घर पर शराब के नशे में सोते हुए मिले। पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक के ग्राम सरभोका के शिक्षक राजेश बंजारे को ग्रामीणों ने शराब का नशा की हालत में पकड़ लिया। शिक्षक अपने स्कूल के समय पर शराब के नशे में धुत्त थे और एक ग्रामीण के घर जाकर सो गये थे। ग्रामीण महिलाओं ने शिक्षक को पकड़ लिया। बताया गया कि शिक्षक राजेश बंजारे पहले भी शराब के नशे में पकड़े गये हैं, लेकिन ग्रामीणों के बार-बार समझाने के बाद भी वो अपनी हरकतों से बात नहीं आ रहे थे, जिसके बाद अब ग्रामीणों ने बीईओ से शिकायत की। ग्रामीणों द्वारा बनाया गया वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी तक पहुंचा दी गई है और उन्होंने इस मामले में कार्रवाई करने आश्वासन ग्रामीण को दिया है।

# बिना कारण खड़े किए गये कोयला वाहनों को प्रबंधन करेगा ब्लैक लिस्ट

## जाम से निपटने एसईसीएल ने चौक-चौराहे पर लगाया नोटिस बोर्ड



कोरबा-गेवरा-दीपका, 05 मार्च (देशबन्धु)। सड़क मार्ग से कोयला परिवहन में लगे भारी वाहनों के चालकों द्वारा खदान के भीतर से लेकर आम सड़क तक वाहन खड़ी कर दिए जाने के कारण अक्सर जाम की स्थिति निर्मित होती है। जाम का कारण बनने वाले कोयला वाहनों के चालकों व मालिक को हिदायत दी गयी है कि वे बेवजह गाड़ी न खड़ी करें अन्यथा ऐसे वाहनों को कंपनी ब्लैक लिस्टेड कर देगी।

एसईसीएल के गेवरा और दीपका प्रबंधन द्वारा संयुक्त रूप से पहल कर फ्लेक्स बनवाकर जगह-जगह नोटिस के रूप में इसे चस्पा किया जा रहा है। ट्रक मालिक और ड्राइवरों को अनावश्यक रूप से गाड़ी नहीं खड़ी करने की हिदायत दी जा रही है। बताया गया कि बाहर सड़क पर जाम लगता है तो उसका प्रभाव खदान तक पहुंचता है क्योंकि लोड गाड़ियां खदान से बाहर नहीं जा पाती हैं और एक समय के बाद खदान में पूर्णत: जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है और रोड सेल के माध्यम से कोयला संप्रेषण भी प्रभावित होता है। प्रबंधन पर मार्च क्लोजिंग में उत्पादन का भी दबाव लगातार बना हुआ है। इन्हीं सब कारणों से प्रोडक्शन गाड़ियां रुक जाती हैं और उसका दुष्परिणाम होता है कि खदान जाने वाली गाड़ियों की एंट्री बंद करनी पड़ती है। कई बार देखने में आया है कि ड्राइवर बेवजह अनावश्यक कारणों से सड़क पर कोयला गाड़ियों को खड़ा कर चले जाते हैं या फिर कई ड्राइवर दीपका से आसपास क्षेत्र में रहते हैं और अपने घर चले जाते हैं। कई ड्राइवर कुछ त्यौहार आदि की वजह से गाड़ी को नहीं चलने के लिए छोड़कर चले जाते हैं। इन सब कारणों से जाम लगना पाया गया है। यदि बाहर सड़क पर ड्राइवर गाड़ी को खड़ा करके इधर-उधर नहीं जाते तो थाना चौक से लेकर श्रमिक चौक तक गाड़ियों का आवागमन बाधित नहीं होता। चेतावनी के बावजूद कोई भी ड्राइवर गाड़ी को बिना किसी ठोस कारण के छोड़ कर जाता है, तो उसकी गाड़ियों को प्रबंधन के द्वारा 72 घंटे के लिए ब्लैक लिस्ट कर दिया जाएगा।

### नया यार्ड बनाने और दुकानों को शिफ्ट करने की योजना

गेवरा के लोडिंग इंस्पेक्टर ने बताया कि जाम की समस्या से निजात पाने ट्रांसपोर्टरों के हित में दीपका गेवरा प्रबंधन के द्वारा नए यार्ड बनाने की पहल की गई है। दीपका थाना चौक के आसपास की दुकानों को दूसरी जगह शिफ्ट करने से जाम की समस्या से छुटकारा मिल सकती है।

एसीबी वासरी के बगल में एक बड़ा यार्ड मैदान बनाया है जिसमें कम से कम अभी 200 गाड़ियां आराम से खड़ी हो सकती है, भविष्य में अभी उसे और बड़ा बनाने करने की योजना है। दीपका में पदस्थ टेक्निकल इंस्पेक्टर ने बताया कि बारिश के पहले सभी ट्रांसपोर्टरों को विगत वर्ष की तरह इस वर्ष जाम जैसी समस्याओं का सामना नही करना पड़ेगा। यार्ड में ही ड्राइवरों को सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी जिससे वह अपनी गाड़ी को छोड़कर दूसरी जगह न जाएं।

## पूर्व विद्युत अधिकारी सहित पत्नी व पुत्र पर जुर्म दर्ज

### बहू से मारपीट कर दहेज प्रताड़ना का आरोप





कोरबा, 05 मार्च (देशबन्धु)। सीएसईबी कोरबा पश्चिम के निवासी व पूर्व विद्युत कर्मी ने पत्नी व पुत्र के साथ मिलकर नवब्याहता बहू से मारपीट करते हुए दहेज की मांग की है। इस तरह का आरोप लगाते हुए दर्ज कराई गई शिकायत पर पुलिस ने सास-ससुर एवं पति के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना अंतर्गत पुराना बस स्टैण्ड के पास निवासरत एक परिवार की पुत्री का विवाह दर्री थाना अंतर्गत एचटीपीपी कालोनी के डी-1 निवासी एवं एचटीपीएस में अधीक्षण अभियंता से सेवानिवृत्त हुए रमेश कपिलेश एवं श्रीमती रोमी कपिलेश के पुत्र नीरज कपिलेश के साथ 7 दिसंबर 2022 को संपन्न हुआ था। नीरज कपिलेश की सीएसईबी चौक के पास कम्प्यूटर व स्टेशनरी की दुकान है। विवाह में पीड़िता के परिजनों द्वारा उपहार स्वरूप नगद राशि से लेकर जेवर, महंगे कपड़े, फर्नीचर दिया गया। शादी और विवाह भोज का खर्च भी पीड़िता के परिजनों ने वहन किया। विवाह होकर ससुराल जाने के कुछ दिन बाद से ही उस पर और दहेज लाने के लिए दबाव डाला जाने लगा जबकि विवाह के कुछ दिन पहले ही पीड़िता के पिता की मौत हो चुकी थी, जिसके कारण सारी रस्म अदायगी और खर्च परिजनों ने वहन किया था। और दहेज की मांग करते हुए प्रताड़ित की जा रही पीड़िता ने जब अपने परिजनों को यह बात बताई तो आपसी समझ-बूझ से सब कुछ ठीक होने का आश्वासन देते रहे। दूसरी तरफ दहेज मांग पर डेढ़ लाख रुपए का सोने का कड़ा पीड़िता के परिजन ने दिया किंतु रुपए व कार की मांग कर मारपीट और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता रहा। त्रस्त हो चुकी पीड़िता ने दस्तावेजी प्रमाण के साथ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करा दी है। पुलिस द्वारा इस मामले में धारा 34, 498 भादवि के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की है।

### घर से निकाल दिया, बातचीत भी नहीं

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि प्रताड़ना के दौरान 7 जून 2023 को उसके साथ मारपीट कर गला दबाकर जान लेने का भी प्रयास किया गया। उसने किसी तरह कमरे को बंद कर जान बचाई और फोन से चाचा और मां को जानकारी दी जो एचटीपीएस कॉलोनी पहुंचे। इस दौरान ससुराल वालों ने सारी मांग पूरी नहीं होने तक कोई बातचीत नहीं करने की बात कही और पीड़िता को घर से निकाल दिया। तब से वह मायके में रह रही है। सामाजिक स्तर पर भी कोई समाधान नहीं निकला।

## प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी को युकां ने बताया जुमला

### चलाया जा रहा वार्ड चलो-पंचायत चलो अभियान



कोरबा, 05 मार्च (देशबन्धु)। युवा कांग्रेस के द्वारा प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर पंचायत चलो-वार्ड चलो अभियान चलाया जा रहा है। रोजगार दो-न्याय दो के तहत इस अभियान में युकां जिला महामंत्री मधुसूदन दास के नेतृत्व में पाली तानाखार विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत गुरसियां, रिंगनिया, सरभोका, बंजारी, मड़ई, आमाटिकरा, मातिन, पचरा, सलिहाभाठा में मोदी की गारंटी को जुमला बताया गया। प्रधानमंत्री मोदी के किए हुए वादों को और राज्य सरकार की विफलताओं को बताकर ग्रामीणों को पाम्पलेट बांटकर जागरुक किया गया एवं लोगों को बताया कि केंद्र व राज्य सरकार आमजनों को ठगने का कार्य कर रही है। इस अवसर पर जनपद सदस्य भोला घोस्वामी, शिवभरोष लकड़ा, सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मी अग्रवाल, सरपंच गुरबहार टोप्पो, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष दीपक वर्मा, युकां उपाध्यक्ष शिवनंदन कुजूर, दीपेश यादव, विनोद उरे, आरटीआई कांग्रेस अध्यक्ष बबलू मारवा, युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष मंजु खुसरो, बसंती बींझवार, दुर्गा कोल, प्रमोद काकरे, एनएसयूआई महामंत्री जुनैद मेमन, रुद्र साहू, धनंजय राठौर, रोहन कुमार, राहुल यादव, आकाश राजपूत, सागर, सकीरण बींझवार, रामसुंदर, मिलापसिंह, अंबिका बाई आदि उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री नि:शुल्क कोचिंग सहायता योजना के तहत दी जाएगी कोचिंग

कोरबा, 05 मार्च (देशबन्धु)। प्रदेश के निर्माणी श्रमिकों के बच्चों के लिए महत्वपूर्ण कल्याणकारी मुख्यमंत्री नि:शुल्क कोचिंग सहायता योजना का संचालन किया जाएगा। इस योजना के तहत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों एवं उनके आश्रित दो संतानों को उनके शैक्षणिक योग्यता के अनुरूप प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे पीएससी सीजी व्यापमं, एसएससी, बैंकिंग, रेल्वे, पुलिस भर्ती परीक्षाओं की तैयारी के लिए न्यूनतम 04 माह व अधिकतम 10 माह तक कि अवधि के लिए कोचिंग उपलब्ध कराई जाएगी। सहायक श्रमायुक्त से प्राप्त जानकारी के अनुसार कोचिंग का लाभ लेने हेतु पंजीकृत निर्माण श्रमिक के द्वारा ऑनलाइन आवेदन निकटतम् लोक सेवा केंद्र या सहायक श्रम आयुक्त कार्यालय कोरबा में आवेदन कर सकते हैं।

### कोरबा सतनामी कल्याण समिति जिला कोरबा की वार्षिक प्रतिवेदन एवम आय व्यय प्रस्तुत



कोरबा, 05 मार्च (देशबन्धु)। कोरबा सतनामी कल्याण समिति का वार्षिक प्रतिवेदन एवं आय व्यय की प्रस्तुति सतनाम भवन में टीपी नगर में आयोजित बैठक में दी गई। समिति के सभी सदस्यों की उपस्थिति में आयोजित साधारण सभा में इसे पेश किया गया। समिति के वर्तमान अध्यक्ष यूआर महिलांगे, सचिव जीएल बंजारे, विजय दिवाकर, सतेंद्र डहरिया, अनिकेत पाटले, कोषाध्यक्ष रामचंद्र पाटले, विनोद डहरिया, धर्मेंद्र कोशले, दयाराम बघेल, विजय आदिले, रिंकू आदिले, निर्मल किरण के सहयोग को इस वर्ष सतनाम प्रांगण में हुए अनेक विकास कार्यों का श्रेय दिया गया। विशेष सहयोग नारायण लाल कुर्रे, आर डी भारद्वाज का रहा। विकास कार्य के रूप में एक करोड़ रुपए का मंगल भवन निर्माण कार्य जारी है साथ ही गुरुगद्दी का सौंदर्यीकरण 75हजार रुपए की लागत से हो रहा है। मंत्री लखन लाल देवांगन ने भी 50 लाख रुपए का सहयोग समिति के प्रयासों से दिया है। बैठक में सुनील पाटले, आर पी खांडे, दिलीप मिरी, जैलेंद्र कुर्रे, लक्ष चतुर्वेदी, सोमनाथ डाहीरे, अशोक, ललित, तीरथराम जांगड़े, जय बंजारे, आनंद, संजय सोनवानी, बी एल खुटे, जन्नू कुर्रे, सचिव कुर्रे आदि भी उपस्थित रहे।


### भारी वाहन के साथ भिड़ी बाइक, एक की मौत, दो घायल



कोरबा, 05 मार्च (देशबन्धु)। भारी वाहन से एक बाइक की टक्कर होने के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि दो लोग घायल हो गए हैं। दोनों घायल को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम चितापली से रौनाढाप के मध्य यह हादसा हुआ। यहां के एक परिवार में आयोजित कार्यक्रम के बाद ये लोग बाइक पर सवार होकर अपने घर लौट रहे थे कि भारी वाहन ने चपेट में ले लिया जिसमें रामेश्वर सिंह की मौत हो गई। हदसे में मृतक का भाई अजय कुमार खड़िया और उसका साला सत्येंद्र घायल हो गए जिन्हें एंबुलेंस के माध्यम से मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया गया।

### ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन, ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित होगा



कोरबा, 05 मार्च (देशबन्धु)। पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने, ओवर स्पीड, बिना सीट बेल्ट पहने वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई की गई है। दुर्घटना में मौत के मामलों में दर्ज धारा 304 ए भादवि के तहत कुल 106 लोगों पर लाइसेंस निलंबन की कार्यवाही की गई है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर चलाए जा रहे सजग कोरबा अभियान के तहत शराब पीकर वाहन चलाने पर 68, ओवर स्पीड वाहन चलाने पर 7, बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाने पर 28 लोगों पर प्रकरण दर्ज किया गया है। गैर इरादतन हत्या की धारा 304 ए के प्रकरणों में तीन आरोपियों का लायसेंस निरस्त करने हेतु अग्रिम कार्रवाई की गई है। 3 माह तक लायसेंस निलंबित रहेगा और दुबारा नियमों का उल्लंघन करने पर लाइसेंस निरस्त हो जाएगा।

#### ओवर स्पीड के 22 प्रकरणों में जुर्माना

इसी कड़ी में कोरबा पुलिस के द्वारा अलग-अलग जगह पर ओवर स्पीड वाहन चलाने वालों पर कार्यवाही करते हुए 22 प्रकरणों में लगभग कुल 35000 रुपए जुर्माना की वसूली की गई। पुलिस कर्मियों द्वारा ऐसे वाहन चालकों को समझाया गया कि ओवर स्पीड वाहन ना चलाएं, शराब पीकर वाहन चालन न करें और ना ही अपने करीबियों को नशे की हालत में वाहन चलाने के लिए दें।

### महापौर ने किया निर्माणाधीन नाला का निरीक्षण



कोरबा, 05 मार्च (देशबन्धु)। महापौर राजकिशोर प्रसाद ने वार्ड 16 में अप्पू गार्डन ढोढ़ीपारा के उपस्वास्थ्य केन्द्र से होते हुए केनाल तक बनने वाले नाला निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। वहाँ के नागरिकें से भेंट की, उनकी समस्याओं की जानकारी ली एवं त्वरित निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए। महापौर श्री प्रसाद ने सड़क, नाली व साफ-सफाई जैसी मौलिक सुविधाओं से जुड़े कार्यो को प्राथमिकता के साथ संपादित कराने व इनसे संबंधित समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने को कहा। स्थानीय नागरिकों ने नाला निर्माण में नाले के ऊपरी भाग की कवरिंग की ऊंचाई अधिक होने के कारण लोगों को आने-जाने में मुश्किलों की शिकायत की जिस पर महापौर ने स्लेब की ऊंचाई मेन्टेन करने निर्देशित किया। नाला निर्माण में प्रापर स्लोप तथा क्यूरिंग प्रापर ढंग से करने निर्देशित किया। इस दौरान पूर्व पार्षद मनकराम साहू, शालु पनरिया, गौतम राठौर, मुकेश साहू, फागूराम साहू, मोहनलाल देवांगन, आलोक देवांगन आदि उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने पसान में मुख्यमंत्री आगमन की तैयारियों का जायजा लिया



कोरबा, 05 मार्च (देशबन्धु)। कलेक्टर अजीत वसंत ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के 9 मार्च को प्रस्तावित आगमन की तैयारी का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

कलेक्टर ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम हेतु चिन्हाकिंत स्थल का अवलोकन किया। उन्होंने सामूहिक विवाह सम्मेलन कार्यक्रम की रूपरेखा की विस्तार से जानकारी दी और कार्यक्रम स्थल पर मंच निर्माण, पंडाल, बैठक व्यवस्था, वाहनों की पार्किंग व्यवस्था आदि का निरीक्षण किया। कार्यक्रम स्थल पर पेयजल, बेरिकेडिंग, विद्युत, शौचालय जैसी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। हैलीपेड में फायर ब्रिगेड सहित सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री साय का पसान में 9 मार्च को आगमन प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह सम्मेलन में नवविवाहित जोड़ो को आशीर्वाद देंगे। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत संबित मिश्रा, अपर कलेक्टर दिनेश नाग, एसडीएम पोड़ी उपरोड़ा सरोज महिलांगे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### संगीता और स्नेहलता के लिए बचत व बच्चों की शिक्षा का आधार बनेगा महतारी वंदन योजना



कोरबा, 05 मार्च (देशबन्धु)। महिला सशक्तिकरण की दिशा में महतारी वंदन योजना मील का पत्थर साबित होने जा रही है। इस योजना का लाभ मिलने से महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत व आत्मनिर्भर बनेंगी। वह खुद की और अपने परिवार की छोटी-मोटी जरुरतों के लिए अब दूसरों के भरोसे नहीं रहेंगी।

छत्तीसगढ़ सरकार की महतारी वंदन योजना के अंतर्गत पात्र प्रत्येक महिलाओं को उनके खाते में हर माह एक-एक हजार रुपए और साल भर में 12 हजार रूपए डायरेक्ट बैंक ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से मिलेंगे। पोड़ी उपरोड़ा विकासखण्ड के ग्राम अमझर निवासी संगीता यादव 31 वर्ष का नाम भी महतारी वंदन योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों की सूची में दर्ज है। उत्साहित संगीता यादव ने कहा कि वह मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण में सहयोग करती है, उसके पति राजेंद्र यादव मिस्त्री का काम करते हैं। महतारी वंदन योजना से हर महीने एक-एक हजार रुपए मिलने से उनको बड़ी राहत मिलेगी। पोड़ी-उपरोड़ा विकासखंड के ही ग्राम तेलियामार पसान में रहने वाली श्रीमती स्नेहलता तिग्गा 38 वर्ष ने कहा कि उसके पति रोहित तिग्गा मजदूरी करते हैं। राशि को वह अपने बच्चों की शिक्षा पर खर्च करेगी।

### भूजल प्रबंधन पर प्रशिक्षण आज

कोरबा, 05 मार्च (देशबन्धु)। लगातार गिरते हुए भू जल स्तर एवं भू जल से सम्बंधित विषयों को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार के केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड, उत्तर मध्य छत्तीसगढ़ क्षेत्र रायपुर, द्वारा स्थानीय स्तर पर भूजल प्रबंधन के सम्बंध में एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन 6 मार्च को नगर निगम सभागार इंदिरा स्टेडियम में किया जा रहा है। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य लोगों में वर्षा जल संचयन, गिरते हुए जल स्तर के लिए कृत्रिम पुनर्भरण तथा कोरबा में स्थानीय स्तर पर भूजल मुद्दों से निपटने की तकनीकीयों को अवगत कराना है। प्रशिक्षण केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड, भारत सरकार के प्रशिक्षित अधिकारीयों/वैज्ञानिकों द्वारा दिया जायेगा।

# सार-संक्षेप

## वर्चुअल डाक अदालत आज

**रायगढ़,** 5 मार्च (देशबन्धु)। भारतीय डाक विभाग सदैव से ही अपने ग्राहकों को उच्च स्तर की सेवाये प्रदान करने हेतु प्रतिबद्ध है फिर भी कई बार कुछ कारणवश डाक सेवाओं में कमियाँ रह जाती हैं, जिसकी विभाग को शिकायतें मिलती रहती हैं, जिनका त्वरित निपटान करने का प्रयास किया जाता है, साथ ही शिकायतों के निपटान हेतु डाक अदालत का आयोजन किया जाता है।

इसी कड़ी में भारतीय डाक विभाग के रायगढ़ संभाग द्वारा 6 मार्च को प्रातः 11 बजे कार्यालय अधीक्षक डाकघर, कोतरा रोड कॉमर्स कॉलेज के पास रायगढ़ में वर्चुअल डाक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें विभागीय अधिकारियों द्वारा उपभोक्ताओ से काउंटर सेवा, बचत बैंक, मनी आर्डर, स्पीड पोस्ट, डाक जीवन बीमा इत्यादि में आने वाली समस्याओं को लेकर चर्चा की जाएगी। इच्छुक उपभोक्ता डाक सेवा से संबंधित अपनी शिकायत पूर्ण विवरण शिकायतकर्ता का नाम, पता, मोबाइल नंबर के साथ अधीक्षक डाकघर, रायगढ़ संभाग रायगढ़, कोतरा रोड कॉमर्स कॉलेज के पास रायगढ़ को भेज सकते हैं।

## सखी सेंटर की समझाईश पर पति-पत्नी के बीच हुई सुलह

**रायगढ़,** 5 मार्च (देशबन्धु)। सखी सेंटर रायगढ़ में एक प्रकरण प्राप्त हुआ। जिसमें आवेदिका द्वारा बताया गया कि 06 वर्ष पूर्व अन्तर्जातीय प्रेम विवाह किया गया था जिससे एक पुत्र है। जातिवाद के कारण ससुराल पक्ष द्वारा विवाह स्वीकार नही करने के कारण आवेदिका अपने पति व बच्चे के साथ पृथक रहती है। लगभग 01 वर्ष पूर्व ससुराल पक्ष द्वारा आवेदिका को रहने के लिए छोटा सा कमरा दिया था व सास-ससुर का देहांत हो चुका है। वर्तमान में जेठ द्वारा बटवारा देने हेतु सहमति दिया गया है, परंतु 01 वर्ष हो जाने उपरांत भी बटवारा नही हुआ। पति द्वारा शराब का सेवन करते हुये पीड़िता के साथ मारपीट करते हुये मायके जाने कहा जाता था परंतु पत्नी पति के साथ प्रेमपूर्वक साथ रहने की लिए समझाईश दिलाने के लिए आवेदन सखी सेंटर में दिये जाने पर दोनों पक्षों का लिखित बयान लेते हुये, दोनों पक्ष की 03 बार संयुक्त काऊंसलिंग किये जाने पर धीरे-धीरे पति के व्यवहार में परिवर्तन होने लगा व निरंतर प्रकरण को फॉलोअप में रखा गया। दिनांक 29 फरवरी 2024 को आवेदिका सखी सेंटर में उपस्थित हुई व वर्तमान में पति के व्यवहार में सुधारात्मक परिवर्तन होने व प्रेमपूर्वक जीवन व्यतीत करने की जानकारी देते हुये सखी सेंटर रायगढ़ का आभार प्रकट कर प्रकरण समाप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया। उक्त आधार पर प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया। उक्त प्रकरण की कार्यवाही जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला महिला बाल विकास अधिकारी एवं जिला महिला संरक्षण अधिकारी के मार्गदर्शन पर सखी वन स्टॉप सेंटर रायगढ़ के सेवा प्रदाताओं द्वारा किया गया।

## स्ट्राबेरी की खेती से जिले को मिल रही है विशेष पहचान



बलरामपुर, 5 मार्च (देशबन्धु)। विकासखण्ड रामचन्द्रपुर के रामानुजगंज स्ट्राबेरी की खेती हेतु किसानों के लिए एक उभरता हुआ क्षेत्र साबित हो रहा है। स्ट्राबेरी की बढ़ती कीमत और लोगो में फल के लोकप्रिय होने के कारण इसकी खेती के द्वारा किसानों को लगातार मुनाफा प्राप्त हो रहा है। इसके कारण आज के समय में अधिक से अधिक किसान स्ट्रॉबेरी की खेती करने हेतु आगे आ रहे है। अच्छी जलवायु और 15 से 25 डिग्री सेल्सियस तापमान होने के कारण रामानुजगंज में स्ट्राबेरी का अधिक पैदावार होता है। उद्यानिकी विभाग द्वारा किसान राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना का लाभ लेकर लगभग 20 से 25 एकड़ भूमि में मल्चिंग एवं ड्रिप सिंचाई पद्धति का उपयोग कर खेती कर रहे हैं। अधिक उत्पादन प्राप्त करने हेतु पौध रोपण से पहले मृदा में पर्याप्त मात्रा में गोबर खाद का उपयोग करते हैं। जिससे स्वस्थ पौधा का विकास होता है तथा प्रति एकड़ 26 हजार पौधे कि रोपाई की गई है इन कृषकों द्वारा प्रतिदिन 4 से 5 क्विंटल फल का तोड़ाई किया जाता है स्ट्राबेरी कि खेती के समस्त कार्यो को करने के लिए यहां के स्थानीय लोगां को नियुक्त किया गया है। जिससे उन्हे रोजगार प्राप्त हो रहा है तथा लोगो को अपने ही अंचल में रोजगार मिलने से खुशी की लहर है। यहां उद्यानिकी विभाग के अधिकारियां द्वारा लगातार खेती से संबंधित तकनीकी मार्गदर्शन दिया जा रहा है। जिससे किसान उन्नतशशील बनते जा रहे हैं। स्ट्राबेरी फल 300 से 400 रुपये प्रति किलोग्राम के दर से स्थानीय बाजार एवं अम्बिकापुर, रायगढ़, बिलासपुर, रायपुर तथा कलकश्र जैसे बड़े महानगर में विक्रय किया जा रहा है। जिससे इन कृषकों को अच्छा मुनाफा प्राप्त हो रहा है और जिले के अन्य कृषकां को खेती में नई पद्धती अपनाने हेतु उदाहरण देकर प्रोत्साहित किया जा रहा है।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्व सहायता समुह के महिलाओं से करेंगे संवाद

**बलरामपुर,** 5 मार्च (देशबन्धु)। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 06 मार्च को प्रातः 11 बजे वर्चुअल रूप से जुड़कर स्व-सहायता से जुड़ी महिलाओं के साथ संवाद करेंगे। इस हेतु प्रदेश के 270 स्थानों में प्रधानमंत्री संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में बलरामपुर रामानुजगंज जिले के चिन्हांकित 11 स्थान जिसमें विकासखण्ड बलरामपुर के नया बस स्टैंड व ग्राम पंचायत भवन डौरा, विकासखण्ड राजपुर के धान मंडी प्रांगण व ग्राम पंचायत बरियों बाजार, विकासखण्ड शंकरगढ़ के कन्या हाई स्कूल ग्राउंड, विकासखण्ड कुसमी के जनपद पंचायत कुसमी व चांदो के फारेस्ट रेस्ट हाउस मैदान, विकासखण्ड रामचन्द्रपुर के रामानुजगंज में दीनदयाल उपाध्याय सभागार व सनावल के दुर्गा मंदिर प्रांगण, विकासखण्ड वाड्रफनगर के हाई स्कूल ग्राउंड व रघुनाथनगर के हाई स्कूल ग्राउंड में किया जाएगा। कलेक्टर श्री रिमिजियुस एक्का ने कार्यक्रम की तैयारी के संबंध में संबंधित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को चिन्हांकित उक्त स्थानों में प्रधानमंत्री संवाद कार्यक्रम के प्रसारण हेतु आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

## बेटी जग-जननी-जीवन है - हर हाल में इन्हें पढ़ाना है

**कोरिया ,** 5 मार्च (देशबन्धु)। 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आज नवीन गर्ल्स कॉलेज, सलका, बैकुंठपुर में बेटी बचाओ बेटी पढाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन में प्रश्नोत्तरी, सांस्कृतिक, गायन कार्यक्रम के अलावा कैरम एवं खोखो, कबडी प्रतियोगिता सहित अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बेटी बचाओ, बेटी पढाओ अभियान को गति देते हुए कॉलेज की छात्राओं ने कहा कि बेटियां जग, जननी और जीवन है, इसके बिना संसार अधूरा है। इसलिए हम सबकी जिम्मेदारी है कि बेटियों को खूब पढ़ाएं, उन्हें खूब प्यार करें, सम्मान दें। आज महिलाएं हर क्षेत्र में बढ़चढ़ भाग ले रही हैं, उन्हें सम्मान की दरकार है, वे अपने बलबूते शिखरों को छू रही हैं। इसलिए समाज में बेटियों को हिकारत से देखने का नजरिया बदलना होगा। उन्हें स्वावलंबी बनाएं, बेटे-बेटी में बिल्कुल फर्क न करें।

# 1 अप्रैल से बिना फिटनेस सर्टिफिकेट के नहीं चलेंगे स्कूल वाहन, बच्चों की सुरक्षा के मद्देनजर कलेक्टर ने आरटीओ अधिकारी को सख्ती से कार्रवाई के दिए निर्देश

## प्राइवेट साधनों ऑटो, रिक्शा पर भी ओवरलोडिंग को लेकर रखी जाएगी नजर

### समय सीमा की बैठक संपन्न, जनदर्शन में मिले 84 आवेदन

**अम्बिकापुर,** 5 मार्च (देशबन्धु)। कलेक्टर की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया कि स्कूल बसों के रजिस्ट्रेशन और फिटनेस जांच अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि स्कूल बसों के फिटनेस सर्टिफिकेट जरूर हों। 1अप्रैल से कड़ाई से इस नियम का पालन सुनिश्चित किया जाए। स्कूलों के बाहर कैंप लगाए जाएं और प्राइवेट साधनों जैसे वैन, ऑटो, रिक्शा आदि में क्षमता से अधिक बच्चों को बिठाए जाने पर निगरानी रखी जाए। वाहनों के आरटीओ पंजीयन जरूर हों और उनकी कॉपी एसडीएम कार्यालय में भी आवश्यकता अनुसार उपलब्ध करा दी जाए। बच्चों की सुरक्षा के लिए सख्त कदम उठाए जाना जरूरी है।

इसके साथ ही कलेक्टर श्री भोस्कर ने बोर्ड परीक्षाओं के सुचारू संचालन की भी जिला शिक्षा अधिकारी से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी उड़नदस्ता दल अपने क्षेत्रों में सघन निगरानी करें।



### सतर्कता और सावधानी से आगामी निर्वाचन में करें काम

आगामी लोकसभा निर्वाचन में बेहतर काम करने कलेक्टर ने अधिकारियों को प्रोत्साहित किया। कलेक्टर श्री भोस्कर ने कहा कि निर्वाचन के मद्देनजर सभी अधिकारी कर्मचारियों को दायित्व सौंपे गए हैं। सतर्कता और सावधानी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें जिससे उत्कृष्ट निर्वाचन कार्य संपन्न कराया जा सके। उन्होंने विशेष रूप से विशेष पिछड़ी जनजातियों के मतदाताओं को जागरूक कर मतदान हेतु प्रेरित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

### शक्ति वंदन अभियान और महतारी वंदन सम्मलेन के सफल आयोजन हेतु जरूरी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश

6 मार्च को प्रदेश में शक्ति वंदन अभियान के तहत एनआरएलएम बिहान से जुड़ी महिलाओं का सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है, जहां प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी महिलाओं को संबोधित करेंगे। वहीं, 7 मार्च को प्रदेश में महतारी वंदन योजना के तहत राशि अंतरण सम्मेलन के जरिए किया जाना है। इन दोनों कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए कलेक्टर ने संबंधित विभागों को जरूरी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### जनदर्शन में मिले 84 आवेदन

समय सीमा की बैठक के बाद जनदर्शन का आयोजन किया गया। जनदर्शन में कुल आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें आर्थिक सहायता, राशनकार्ड संशोधन, भूमि संबंधी मामलों के आवेदन प्राप्त हुए। ग्राम बरगवां के ग्रामीणों द्वारा राशन ना मिलने की शिकायत पर तत्काल कलेक्टर ने जनदर्शन से ही संबंधित खाद्य निरीक्षक को ग्रामीण बनकर फोन कॉल कर मामले की तस्दीक की। ग्रामीणों की शिकायत पर त्वरित सख्त कार्यवाही करते हुए कलेक्टर ने खाद्य अधिकारी को जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने और ग्रामीणों की समस्या के तुरंत निराकरण के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री नूतन कुमार कंवर, अपर कलेक्टर श्री सुनील नायक, श्री एएल ध्रुव सहित समस्त एसडीएम एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# कला जत्था व एलईडी वैन के माध्यम से केंद्र एवं राज्य शासन की महत्वाकांक्षी एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का किया जा रहा प्रचार-प्रसार

**बलरामपुर,** 5 मार्च (देशबन्धु)। राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं से ग्रामीणों को सीधे तौर पर जोड़ने के लिए गांव-गांव में जाकर सरकार की योजनाओं की जन जन तक पहुंचाने जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में एलईडी वैन तथा कला जत्था के माध्यम से केंद्र एवं राज्य शासन की महत्वाकांक्षी एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इसके माध्यम से जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में कला जत्था दल के कलाकारों द्वारा रोचक ढंग से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगो को दी जा रही है और लाभ लेने प्रेरित भी किया जा रहा है।

इसके तहत जिले के विकासखण्ड कुसमी के ग्राम पंचायत सामरी, भुलसीकला विकासखण्ड शंकरगढ़ के ग्राम पंचायत डिपाडीह कला एवं ग्राम पंचायत मनोहरपुर में एलईडी वैन तथा कला जत्था दल पहुंचकर शासन की योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया गया। साथ ही बड़ी संख्या में ग्रामवासियों ने एलईडी के माध्यम से सरकार द्वारा योजनाओं के विषय में चलाई गई लघु फिल्म को देखा, जिसे लेकर सभी में बेहद उत्साह देखने को मिला।

ज्ञात हो कि सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार कला जत्था की टीम और एलईडी वैन से प्रारंभ किया गया है।

यह वैन जिले के सभी विकास खंडों और गांवों में शासन की योजनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से सुदूर अंचल ग्रामों का भ्रमण करेगी। ताकि योजनाओं की जानकारी अंतिम छोर के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

### टीचर ऑफ दी मन्थ में अली को नवाचारी, शुक्ला को सक्रियता तो कमल को वैज्ञानिक चेतना के लिए मिला सम्मान

कोरिया 5 मार्च 2024/ जिला प्रशासन द्वारा शुरू की गई नवाचार %टीचर ऑफ दी मन्थ% में इस बार चार शिक्षकों के महत्वपूर्ण कार्य को रेखांकित करते हुए कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने कलेक्टरेट कार्यालय के सभाकक्ष में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। बता दें बैकुंठपुर विकासखण्ड के शासकीय प्राथमिक शाला, धौराटिकुरा के शिक्षक श्री अली अहमद को शाला में अध्ययन- अध्यापन का वातावरण विकसित करने तथा आकर्षक नवाचारी जैसे कार्यों में सहभागिता निभाने का कार्य किए हैं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, चरचा के व्यख्याता कमल डड़सेना ने बच्चों में वैज्ञानिक चेतना लाने व वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ तार्किक मन को विकसित करने का कार्य किया।

सुश्री अर्चना शुक्ला, सोनहत विकासखण्ड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुशहा में व्यवसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने के साथ अध्धयन के क्षेत्र में सक्रिय योगदान दिए। सोनहत विकासखण्ड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला, रामगढ़ के हरप्रसाद राजवाड़े को विद्यालय संचालन की उत्तम व्यवस्था की है व कुशल मार्गदर्शक भी है। इन चारों अध्यापकों को कलेक्टर श्री लंगेह व अपर कलेक्टर श्री अरुण मरकाम ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# स्कूल निरीक्षण समिति ने निजी कॉन्वेंट स्कूल का किया निरीक्षण, शिक्षकों एवं अभिभावकों की ली बैठक



### बच्चों के व्यवहार उनकी दिनचर्या में बदलाव पर पूरी निगरानी रखना शिक्षक एवं पालकों दोनों की जिम्मेदारी, उनकी समस्या से अवगत रहें, बच्चों को समय दें - एएसपी पुपलेश

**अम्बिकापुर,** 5 मार्च (देशबन्धु)। कलेक्टर द्वारा जिले के विद्यालयों में व्यवस्थाओं की जांच एवं छात्र-छात्राओं के अनुकूल वातावरण का निरीक्षण करने हेतु स्कूल निरीक्षण समिति का गठन किया गया है। समिति द्वारा शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त स्कूलों का निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर श्री भोस्कर के मार्गदर्शन में सोमवार को समिति द्वारा निजी कॉन्वेंट स्कूल में अभिभावकों एवं शिक्षकों की बैठक ली गई। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पुपलेश कुमार, अनुविभागीय अधिकारी अम्बिकापुर श्री फागेश सिन्हा, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ संजय गुहे समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

बैठक में एएसपी श्री पुपलेश ने कहा कि अभिभावकों एवं शिक्षकों को बच्चों के संबंध में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल अवगत कराएं। यदि बच्चों के हित में कोई सकारात्मक सुझाव हैं, तो इसका प्रस्ताव भी समिति के समक्ष अवश्य रखें। उन्होंने कहा कि बच्चों के व्यवहार उनकी दिनचर्या में बदलाव पर पूरी निगरानी रखना शिक्षक एवं पालकों दोनों की जिम्मेदारी है, इसलिए सजग होकर उनकी हर समस्या से अवगत रहें, बच्चों को समय दें। आए दिन सड़कों में तेज रफ्तार वाहन चलाते छात्र दिखते हैं, इसमें पुलिस प्रशासन अपनी ओर से कार्रवाई कर रहा है पर अभिभावकों को अपनी जिम्मेदारी निभाने की जरूरत है, नाबालिग बच्चों को वाहन किसी भी स्थिति में ना दें, अभिभावकों सतर्क रहें एवं सजग रहकर अपनी जिम्मेदारी को समझें।

कार्यक्रम में पहुंचे नगर के सीएसपी श्री रोहित शाह ने कहा कि बच्चों के बेहतर पालन पोषण की जरूरत है, उन्हें समय दे एवं उनकी भावनाओं को समझकर उनसे बातचीत करते रहें। एसडीएम अंबिकापुर श्री फ़ागेश सिन्हा ने कहा कि स्कूल में शिक्षक बच्चों के अभिभावक के रूप में होते हैं, इसलिए पढ़ाई के साथ-साथ उनकी हर समस्या को संवेदनशीलता के साथ सुनें। समिति के सदस्य मीडिया प्रतिनिधि श्री अनंगपाल दीक्षित ने कहा कि बच्चों की पूरी जिम्मेदारी अभिभावक की होती है। अभिभावक से बड़ा बच्चों के लिए कोई दूसरा काउंसलर नहीं हो सकता। अधिवक्ता श्री अभिषेक शर्मा ने कहा कि स्कूल प्रबंधन के साथ अभिभावक भी बच्चों पर ध्यान दें, समस्याएं आपस मे शेयर करें।

जिला शिक्षा अधिकारी डॉ संजय गुहे ने अभिभावकों को कहा कि किसी भी स्कूल में बच्चों का प्रवेश देने के बाद यह न समझे कि बच्चे की जिम्मेदारी अब सिर्फ स्कूल की है। बच्चे की हर गतिविधि पर माता-पिता की नजर होनी चाहिए। उन्होंने स्कूल प्रबंधन को शासन के गाइडलाइन के अनुसार कार्य करने कहा। शिक्षा विभाग के सहायक परियोजना अधिकारी श्री रविशंकर पांडेय ने स्कूलों में लगाई गई शिकायत पेटी की जानकारी अभिभावकों को दी।

समिति के सभी सदस्यों ने अभिभावकों की समस्याओं से अवगत हो कर प्रशासनिक स्तर पर निराकरण का आश्वासन दिया। इस दौरान कान्वेंट स्कूल की प्राचार्या सिस्टर जेस्सी ने समिति को स्कूल की गतिविधियों से अवगत कराया। अभिभावकों ने खुलकर अपनी बातें रखी और कई सुझाव दिए। समिति द्वारा स्कूल में व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया गया, सुरक्षा के मद्देनजर सीसीटीवी कैमरे की जांच की गई। समिति के अध्यक्ष श्री पुपलेश ने स्कूल की प्राचार्या सिस्टर जेस्सी से आंतरिक सुरक्षा सहित स्कूल के बाहर दोपहिया वाहनों से आने वाले नाबालिग बच्चों पर नजर रखने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा है प्रशासन की मंशा व्यवस्था सुधारने की है। इस दौरान समिति के सदस्यों के मोबाइल नम्बर उपलब्ध कराए गए जिससे अभिभावक, शिक्षक सहित बच्चे भी सीधे अपनी समस्या से समिति को अवगत करा सकें।

# जनदर्शन के माध्यम से सीईओ यादव ने सुनी लोगों की समस्याएं

## राशन, पेंशन, चिकित्सा सहित विभिन्न मांगों से संबंधित आवेदन लेकर पहुंचे थे



**रायगढ़,** 5 मार्च (देशबन्धु)। कलेक्टर के निर्देशन में आज सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव ने जनदर्शन के माध्यम से जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की मांगे एवं समस्याएं सुनी। मौके पर अपर कलेक्टर श्री राजीव कुमार पाण्डेय भी उपस्थित रहे। सीईओ श्री यादव ने प्राप्त सभी आवेदनों पर संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। आज जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में महिलाएं प्रधानमंत्री आवास योजना की मांग को लेकर पहुंची थी। सीईओ श्री यादव ने शासन के नियमानुसार पात्र आवेदकों को लाभ दिलाए जाने की बात कही।

जनदर्शन में आज ग्राम-औरदा डीपापारा के मोहल्लेवासी बोर खनन एवं पंप स्थापना की स्वीकृति के संबंध में आवेदन लेकर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि यहां मोहल्ले में विगत कुछ वर्षो से पानी की बहुत समस्या हो रही है, घरों में नल तो लगे है लेकिन उसमें पानी की सही सप्लाई नहीं हो पा रही है। आगामी ग्रीष्म ऋतु आने वाली है, जिसको लेकर यहां लोग काफी चिंतित है। अगर यहां बोर खनन एवं पंप स्थापना हो जाती तो पानी की समस्या से निजात मिल जाती। सीईओ श्री यादव ने जनपद सीईओ पुसौर को आवेदन पर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसी तरह ग्राम-कांटाहरदी के ग्रामीण नाली निर्माण की मांग को लेकर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि कांटाहरदी से अमलीपाली मुख्य मार्ग तक डामरीकरण को पूर्ण किया गया है। लेकिन रोड किनारे के नाली निर्माण को अधूरा छोड़ दिया गया है। जिससे आने वाले बरसात के समय काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। सीईओ श्री यादव ने ईई पीडब्ल्यूडी को शीघ्र ही नाली निर्माण कराये जाने के निर्देश दिए। लामीदरहा के ग्रामीण आंगनबाड़ी भवन निर्माण कराये जाने के संबंध में आवेदन लेकर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि लामीदरहा से 3 किलो मीटर की दूरी पर आंगनबाड़ी भवन है, जिससे यहां के बच्चों को वहां तक लाने ले जाने में दिक्कत हो रही है। ग्राम पाली पोस्ट गेरवानी के श्री हराराम सिदार दिव्यांग पेंशन दिलाये जाने के संबंध में आये थे। उन्होंने बताया कि वे 45 प्रतिशत विकलांगता की श्रेणी में आते है। रोजी-मजदूरी करने में सक्षम नहीं है, जिसकी वजह जीवन-यापन में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने इस संबंध में गांव के सरपंच, सचिव को भी आवेदन दे चुके है, लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं हो पायी है। सीईओ श्री यादव ने संबंधित विभागीय अधिकारी को उचित कार्यवाही के निर्देश दिए।

# पहाड़ी कोरवा प्री-मैट्रिक बालिका छात्रावास में किया गया न्योता भोज का आयोजन

बलरामपुर, 5 मार्च (देशबन्धु)। विकासखण्ड बलरामपुर के ग्राम चिलमा स्थित पहाड़ी कोरवा प्री-मैट्रिक बालिका छात्रावास में न्योता भोज का आयोजन किया गया। शासन के अनुरूप स्कूलों, आश्रमों व छात्रावासों में अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि व समाज सेवी लोगों के द्वारा न्योता भोज का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री रणवीर साय के द्वारा छात्रावास के बच्चों को न्योता भोज कराया गया।

# महतारी वंदन योजनाः चाय बेचकर घर-परिवार चलाने वाली कौशल्या दीदी का बिजनेस प्लान, योजना की पहली किस्त से बढ़ाएंगी अपना व्यवसाय

**अम्बिकापुर,** 5 मार्च (देशबन्धु)। महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महतारी वंदन योजना की प्रदेश भर में शुरुआत की गई। जिसका लाभ लेने महिलाओं में गजब का उत्साह देखा गया। बड़ी संख्या में नजदीकी आंगनबाड़ी में पहुंचकर महिलाओं ने आवेदन किए और अब इसका लाभ महिलाओं को मिलने वाला है।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित महतारी वंदन सम्मेलन में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय डीबीटी के माध्यम से महिलाओं के बैंक खाते में महतारी वंदन योजना की पहली किस्त ट्रांसफर करेंगे। इस योजना के जरिए महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त बनेंगी। इस योजना को लेकर महिलाओं में ख़ासा उत्साह है। चाय बेचकर अपना और अपने परिवार का भरण-पोषण करने वाली 65 वर्षीय श्रीमती कौशल्या सिंह सरकार की महत्वाकांक्षी योजना को लेकर काफी खुश नजर आई। उन्होंने बताया कि उनके घर में सात सदस्य रहते हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना से उनका खुद का अपना पक्का मकान बन गया है। घर परिवार के चलाने के लिए वह जिला कोर्ट के पास फुटपाथ पर चाय स्टॉल लगाती



हैं। जिससे होने वाली आमदनी से घर-परिवार और दुकान चलता है। पैसों की कमी से वह अपना व्यवसाय नहीं बढ़ा पा रही थी। महतारी वंदन योजना की जब जानकारी मिली तो उम्मीद की रोशनी मिली। उन्होंने जल्दी से फॉर्म भरकर जमा किया और अब प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी और मुख्यमंत्री श्री साय के सुशासन में महतारी वंदन योजना से मिलने वाले पैसों का इस्तेमाल वो अपने चाय स्टॉल को आगे बढ़ाने में करेगी जिससे चार पैसों की आमदनी बढ़ेगी और घर परिवार का पालन-पोषण अच्छे से हो पाएगा। उनका कहना है कि छत्तीसगढ़ सरकार जरूरतमंद गरीब महिलाओं को आर्थिक सहायता दे रही है जिससे हम जैसी महिलाएं अपनी रोजमर्रा की जरूरत को पूरा कर पाएंगे। श्रीमती कौशल्या सिंह ने महतारी वंदन योजना के लिए प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री का तहेदिल से धन्यवाद दिया है। गौरतलब है कि जिले में कुल 2,33,379 महिलाओं को पहली किस्त में राशि का अंतरण किया जाएगा। जिला मुख्यालय के साथ ही सभी विकासखण्ड में भी महतारी वंदन सम्मेलन के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। हितग्राहियों को भुगतान ऑनलाईन डीबीटी मोड में किया जाएगा।

## सार-संक्षेप

### सीसी रोड से गांव के लोगों को आवागमन में मिलेगी सुविधा - राघवेन्द्र सिंह



अकलतरा, 05 मार्च (देशबन्धु)। ग्राम परसाही नाला में विधायक मद से स्वीकृत सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमि पूजन विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ विधायक द्वारा पूजा अर्चना कर सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि सीसी रोड का निर्माण कार्य नहीं होने से गांव के लोगों को आवागमन करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था पक्के सीसी रोड का निर्माण कार्य होने से गांव के लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी गांव के लोगों द्वारा गांव में अन्य निर्माण कार्य के लिए अवगत कराने पर विधायक द्वारा निर्माण कार्य के लिए राशि स्वीकृत करने का आश्वासन दिया गया, कार्यक्रम में गांव की सरपंच गंगोत्री साहू उप सरपंच कांशीराम गोंड़, पंच रेखा गोस्वामी, प्रभा मरकाम, श्यामा साहू, रुक्मणी जगत ,हीरामणि गंधर्व, पारसमती मरकाम, रामनाथ मरकाम, संतोष यादव गगन गुरुद्वान एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### शिवरीनारायण मेला से डरावने मुखौटा पुलिस ने किया जप्त



जांजगीर, 05 मार्च (देशबन्धु)। सुरक्षा दृष्टि को ध्यान में रखते हुए जांजगीर-चांपा पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के निर्देशन में शिवरीनारायण मेला बजार से भारी मात्रा में बनावटी डरावना मुखौटा जप्त किया गया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार थाना शिवरीनारायण पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि शिवरीनारायण मेला बजार में दुकानो में विभिन्न प्रकार के डरावना मुखौटा की बिक्री की जा रही है, जिसे पहन कर लोगो को डराया जा सकता है। कि सूचना पर मौके पर जाकर रेड कार्यवाही किया। दुकानों से लगभग 1000 नग डरावना मुखौटा को जप्त किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में थाना शिवरीनारायण पुलिस का सराहनीय योगदान रहा।

### जांजगीर जिले का अतिरिक्त प्रभार मिला उपभोक्ता आयोग सदस्य महिमा सिंह को



जांजगीर, 05 मार्च (देशबन्धु)। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग गरियाबंद की सदस्य महिमा सिंह को जांजगीर-चांपा जिले का अतिरिक्त प्रभार मिला है। वे गरियाबंद जिले के साथ जांजगीर में भी आयोग की सुनवाई में शामिल होंगी। उनका मूल पदस्थापना गरियाबंद ही रहेगा। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के अवर सचिव अमिताभ जैन द्वारा जारी आदेश में बताया गया है कि महिमा सिंह अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ अस्थाई रूप से 4 मार्च से आगामी आदेश तक जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग जांजगीर-चांपा का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा जाता है। गौरतलब हो कि महिमा जिला मुख्यालय जांजगीर के प्रतिष्ठित अधिवक्ता स्व.क्रांतिकुमार सिंह की सुपुत्री हैं।

### कोकेडामा एवं बोनसाई पर सात दिवसीय शार्ट टर्म कोर्स संपन्न



जांजगीर, 05 मार्च (देशबन्धु)। शासकीय एमएमआर स्नातकोत्तर महाविद्यालय चाम्पा में विज्ञान क्लब और वनस्पति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में कोकेडामा एवं बोनसाई पर सात दिवसीय शार्ट टर्म कोर्स का आयोजन 22 से 29 फरवरी तक किया गया। इस कार्यक्रम के प्रशिक्षक एवं रिसोर्स पर्सन गरिमा राठौर, विशेषज्ञ बोनसाई एवं कोकेडामा , जांजगीर थी। कोर्स में कोकेडामा एवं बोनसाई के इतिहास , बेसिक फ़ण्डामेंट, बनाने की विधि तथा उसके उपयोगिता के बारे प्रशिक्षण दिया गया। विद्यार्थियों ने कोकेडामा और बोनसाई बनाना सीखा एवं बोनसाई और कोकेडामा पौधे बनाये। शार्ट टर्म कोर्स में 82 विद्यार्थियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विज्ञान क्लब प्रभारी एवं विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान विभाग प्रो नीलिमा पाण्डेय, प्रो विवेक जायसवाल, दिलेश्वरी कश्यप, पार्वती कर्ष, शिव सूर्यवंशी एवं हेम यादव का योगदान रहा।

# जांजगीर नैला नगर पालिका ने पेश किया 5 लाख 21 हजार लाभ का बजट

### विपक्ष पार्षदों ने किया बजट सत्र बहिष्कार



जांजगीर, 05 मार्च (देशबन्धु)। जांजगीर नैला नगर पालिका के वित्तीय वर्ष 2024-25 का भगवान दास गड़ेवाल ने आज 5 लाख 21 हजार का लाभ का बजट पेश किया। इधर इस बजट सत्र का विपक्षी पार्षदों ने बहिष्कार कर दिया, विपक्ष के गैरहाजिरी में अध्यक्ष ने बजट को पेश किया। बजट में वित्तीय वर्ष 2024-25 में नगर पालिका द्वारा राजस्व की आय 875.86, राजस्व व्यय 874.30,व्यय के आय के अतिरिक्त(के अतिरिक्त आय पर व्यय)1.56,पूंजीगत प्राप्तियां 3,3000,पूंजीगत व्यय 3,296.35,व्यय पर पूंजीगत प्राप्ति की अतिरिक्त 3.65,शुद्ध अधिशेष 5.21 रखा गया हैं।

विपक्ष का आरोप है कि अध्यक्ष के द्वारा बिना किसी एजेंडा एवं चर्चा के बजट सत्र को पेश करना जनता के हित में नहीं है। बजट में शहर के कोई नए बड़े काम को भी नहीं रखा गया है जिसका हम विरोध करते हैं। जांजगीर नैला नगर पालिका में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के द्वारा एक दूसरे के खिलाफ लाए अविश्वास के बाद आपस में तकरार की स्थिति बनी हुई हैं जिसके कारण भी विरोध देखने को मिला।

जांजगीर नगर पालिका में कुल टोटल 25 निर्वाचित जनप्रतिनिधि हैं। नगर पालिका अध्यक्ष भगवान दास का कहना है कि विपक्ष के पार्षदों का नहीं आने की उन्हे जानकारी नहीं थी। अगर आज के बजट सत्र में विपक्ष शामिल होता तो अच्छी चर्चा होती और शहर के विकास संबंधित सुझाव भी मिलता, लेकिन यह दुर्भाग्य की बात है विपक्ष बजट सत्र में शामिल नहीं हुआ।

### बजट में किसी प्रकार का टैक्स को नहीं बढ़ाया-भगवान दास

इस संबंध में जांजगीर नैला नगर पालिका अध्यक्ष भगवान दास गढ़ेवाल ने कहा कि हमने इस बजट में किसी प्रकार का टैक्स को नहीं बढ़ाया है, वही जनता के हित में यह बजट लाया गया है हमने बजट में 1 करोड़ 20 लाख का बैडमिंटन कोर्ट, सीसी रोड, नाली निर्माण, सामुदायिक भवन को भी बजट में शामिल किया गया हैं। इस बजट में एसबीआई के सामने सब्जी मार्केट तथा सहायक आयुक्त आदिवासी विकास के बाजू में चौपाटी निर्माण का प्रस्ताव पारित किया गया है।

## कल जारी होगी महतारी वंदन योजना की पहली किश्त



जांजगीर, 05 मार्च (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सरकार उनके खाते में 7 मार्च को एक हजार रुपये की राशि आंतरित करने जा रही है। इस राशि का उपयोग दुर्गेश्वरी अपने बच्चों व परिवार की आर्थिक सहायता व अन्य जरूरतों को पूरा करने में करेगी। वह कहती है कि उनके दो छोटे-छोटे बच्चे हैं इस राशि से वह अपने बच्चों के लिए बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य एवं उनकी जरूरतों के समान को खरीदकर उनके बेहतर भविष्य को तैयार करेंगी। दुर्गेश्वरी का मानना है कि महिलाओं के लिए एक हजार की राशि बहुत होती है और इससे महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा और इसके लिए सरकार का हम बहुत बहुत धन्यवाद देते हैं। दुर्गेश्वरी पात्रे आज बेहद ही खुश नजर आई जब उन्होंने महतारी वंदन योजना की चर्चा अपने आस पास की महिलाओं के साथ की। वह अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर अपने आप को सशक्त एवं मजबूत पा रहीं हैं। उनकी कोशिश है कि ऐसे सभी महिलाओं जिनको महतारी वंदन योजना का लाभ मिल रहा है उनको प्रेरित करते हुए इस राशि का बेहतर से बेहतर सदुपयोग करने का सलाह देंगी ताकि महिलाओं को भविष्य में होने वाले आथिक संकट से न जूझना पड़े।

### छोटी-छोटी जरूरतें होगी पूरी

छोटी-छोटी जरूरतों के लिए भी परिवार के सदस्यों पर निर्भर रहने वाली महिलाओं का कहना है कि महतारी वंदन योजना के आने से उनके जीवन में सरलता एवं सुगमता आयेगी। चेऊडीह ग्राम पंचायत की रहने वाली रमा कुर्रे, बिंदिया काड़े, शकुंतला बंजारे

## बाइक चोरी करने वाला पकड़ाया



जांजगीर, 05 मार्च (देशबन्धु)। क्षेत्र में लगातार बाइक की चोरी के मामले में पुलिस ने कसेरपारा वार्ड नंबर 1 सक्ती निवासी एक व्यक्ति से मुखबिर की सूचना के आधार पर पूछताछ की। उसने अपना नाम राजेश नाग पिता लक्ष्मीनारायण नाग निवासी मालखरौदा बताया। पूछताछ करने पर उसने पुलिस को बताया कि लगभग दो माह पूर्व शिवरीनारायण से 1 बाइक प्लेटिना को चोरी किया। चोरी करने के बाद परिचित सक्ती निवासी प्रमोद सहिस के पास 5 हजार रूपए में बेचा । 3 माह पूर्व 1 लूना टीवीएस एक्सल को कोरबा क्षेत्र के गांव से चोरी करने और कसेरपारा सक्ती निवासी अजय उर्फ जेडी सहिस के पास 3 हजार रूपए में बिक्री करने की जानकारी दी।

इसके अलावा लगभग 4 माह पूर्व ग्राम केरा से होंडा एसपी साईन को चोरी करने व लगभग 3 माह पूर्व रायगढ क्षेत्र से हीरो एचएफ डिलक्स एवं हीरो होंडा सुपर स्प्लेंडर एवं हीरो एचएफ डिलक्स को रायगढ क्षेत्र से चोरी करना भी कबूल किया। लगभग 5 माह पूर्व हीरो होंडा ग्लैमर एवं बजाज एक्स सीडी 135 सीसी. को चंद्रपुर पुल के आगे से चोरी करना बताया। इस तरह उसने सभी 6 बाइक को चोरी करना स्वीकार किया। राजेश नाग के बयान के आधार पर पुलिस ने अजय उर्फ जेडी सहीस निवासी कसेरपारा सक्ती का बयान लिया। जिसमें उसने बताया कि मालखरौदा निवासी राजेश नाग से लगभग ढाई माह पूर्व एक लूना टीह्वी एस एक्सल को 3 हजार रूपए में खरीदा है। इसी तरह कसेरपारा सक्ती निवासी प्रमोद सहीस से भी पूछताछ की गई। उसने बताया कि राजेश नाग से एक बाइक बजाज प्लेटिना को 5 हजार रूपए में खरीदा है। राजेश नाग, अजय उर्फ जेडी, प्रमोद सहीस तीनो को चोरी एवं खरीदी किए गए बाइक का दस्तावेज प्रस्तुत करने की नोटिस दी गई थी मगर उन्होंने किसी भी तरह का कागजात नहीं होने की बात लिखित में दी। पुलिस ने गवाहों के समक्ष चोरी की 6 नग बाइक राजेश नाग से एवं राजेश नाग द्वारा चोरी कर बिक्री किए गए 1 लूना को अजय उर्फ जेडी सहीस तथा 1 नग मोटर सायकल बजाज प्लेटिना को प्रमोद सहीस से बरामद कर जब्त किया गया। पूर्व में इनके विरूद्ध किसी भी थाने में अपराधिक रिकार्ड नहीं होने पर सर्वोच्च न्यायालय के प्रकरण अरनेश कुमार विरूद्ध बिहार राज्य एवं अन्य क्रिमीनल अपील नंबर 1277/14 निर्णय दिनांक 2 जुलाई 2014 में दिये गये निर्देश के पालन मे गिरफ्तारी न की जा कर चेकलिस्ट भरकर उन्हें छोड़ा गया है।

## जिले में महतारी वंदन सम्मेलन एवं सुपर गर्ल्स का आयोजन कल

जांजगीर, 05 मार्च (देशबन्धु)। महिला सम्मेलन सह महतारी वंदन सम्मेलन एवं सुपर गर्ल्स का आयोजन 07 मार्च को जिला मुख्यालय में जिला पंचायत के पास ऑडीटोरियम भवन में तथा समस्त ब्लाक मुख्यालय में एवं नगरीय निकाय क्षेत्रों में, कुल 11 स्थान में उक्त कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा 07 मार्च को डीबीटी के माध्यम से महतारी वंदन की पहली किस्त की राशि प्रदेश की महिलाओं के खाते में अंतरित की जाएगी।

जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अनिता अग्रवाल ने बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं योजनांतर्गत सुपर गर्ल्स के तहत बालिकाओं के कलात्मक प्रतिभा को उभारने हेतु जिले के समस्त शालाओं में कक्षा पहली से बारहवीं तक एवं समस्त महाविद्यालयों में अध्ययनरत् बालिकाओं का शाला स्तर, महाविद्यालय स्तर पर संकुल स्तर, ब्लॉक स्तर, पर एकल नृत्य प्रतियोगिता, एकल गायन प्रतियोगिता, एकल चित्रकला प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, वाद विवाद प्रतियोगिता, वाद यंत्र प्रतियोगिता एवं कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया आयोजित कार्यक्रम में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बालिकाओं की सूची तैयार की गयी है। उक्त बालिकाओं को 07 मार्च 2024 को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में पुरूस्कार देकर सम्मानित किया जायेगा।

## बैंको की सुरक्षा को मद्देनजर एसपी द्वारा किया सघन चेंकिंग



जांजगीर, 05 मार्च (देशबन्धु)। एसपी विवेक शुक्ला के निर्देशन में थाना/चौकी क्षेत्रांतर्गत स्थित सभी बैंको का सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए सघन चेंकिंग किया जा रहा।

जिले में उठाई गिरी, लूट एवं चोरी की घटना न हो, उचित बचाव/सुरक्षा के लिए जिले के सभी बैंको का चेकिंग किया जाकर संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखी जा रही है। बैंकों की चेकिंग के दौरान किसानो एवं खाताधारकों को बैंक से पैसा निकालने के बाद कहीं नही रूकने अपने घर ही जाने तथा बैंक के आस पास कोई भी संदिग्ध व्यक्ति दिखने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने हेतु समझाईस दी जा रही है। बैंक की चेकिंग के दौरान बैंकों में लोगों को उठाई गिरी, लूट, चोरी की घटना ना हो जिसके लिए आवश्यक सुरक्षा दिशा निर्देश के संबंध में पुलिस द्वारा पाम्पलेट का वितरण किया जा रहा है। बैंक के शाखा प्रबंधक/ बैंक के कर्मचारी को भी पाम्पलेट वितरण कर बैंक में आने वाले किसानों एवं ग्राहकों को पैसा लेनदेन समय उचित बचाओ के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश देने हेतु समझाइए दी जा रही है। बैंक चेकिंग के दौरान किसान/ग्राहको को अपना बैंक पासबुक या एटीएम के नंबर को किसी अन्जान व्यक्तियों को नही बताने हेतु समझाईस दी जा रही है। जिला पुलिस जांजगीर - चाम्पा द्वारा थाना/चौकी क्षेत्रो के बैंको में लगातार भ्रमण कर पेट्रोलिंग की जा रही है। जिला सहकारी बैंकों में भीड़भाड़ को देखते हुए जिसकी सुरक्षा ब्यवस्था को मद्देनजर रखते हुए पुलिस की सुरक्षा ब्यवस्था ड्यूटी लगाई गई है। जिला पुलिस द्वारा उठाई गिरी, लूट, चोरी की घटना न हो जिसकी रोकथाम के लिए लगातार समय-समय पर थाना चौकी क्षेत्र अंतर्गत बैंको को चेकिंग कि जा रही है इसी क्रम में जिला पुलिस द्वारा आज जिले के बैंको का सघन चेकिंग किया जाकर संदिग्ध ब्यक्तियों पर नजर रखी जा रही है।

# कलेक्टर ने मालखरौदा के दशहरा मैदान में ली साप्ताहिक समय सीमा की बैठक

## सक्ती जिले में प्रत्येक माह के 15 तारीख को मेडिकल बोर्ड लगाने के दिए निर्देश

### सभी लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करने के दिए निर्देश



सक्ती, 05 मार्च (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने आज मालखरौदा के दशहरा मैदान में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर स्थल पर सभी विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने आगामी लोकसभा चुनाव के संदर्भ में आदर्श आचार संहिता की घोषणा होने के बाद निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराने हेतु सभी आवश्यक तैयारियां करने के निर्देश दिये। बैठक में कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को सक्ती जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सक्ती में प्रत्येक माह के 15 तारीख को मेडिकल बोर्ड लगाने के निर्देश दिए तथा किसी माह में 15 तारीख को शासकीय अवकाश होने पर अगले कार्यालयीन दिवस पर अनिवार्य रूप से मेडिकल बोर्ड लगाने कहा। मेडिकल बोर्ड में दिव्यांग प्रमाण पत्र सहित अन्य संबंधित कार्यों को आमजन करा सकते है। इसके साथ ही उन्होने समय सीमा के लंबित प्रकरण, कलेक्टर जनदर्शन, जन शिकायत में प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए त्वरित निराकरण करने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिए है।

साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 6 मार्च को स्व-सहायता समूहों से जुडी महिलाओं के साथ संवाद करेंगे। जिसके तहत जिले के चिन्हांकित 12 जगहों सारागांव, मालखरौदा, डभरा, चन्द्रपुर, कोटमी, अड़भार, जैजैपुर, छपोरा, बम्हनीडीह, हसौद, भोथिया और सक्ती ग्रामीण में कार्यक्रम कराया जाना है। इसके लिए कलेक्टर ने सभी सीईओ और सीएमओ को आवश्यक तैयारी कराए जाने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री संवाद कार्यक्रम में स्व-सहायता समूहों, संगठनों की महिलाएं वर्चुअल माध्यम से जुड़ेंगे। इसके साथ ही कलेक्टर ने बैठक में बताया की प्रदेश में महतारी वंदन योजना की राशि 7 मार्च को जारी की जाएगी। इस अवसर पर जिला एवं जनपद स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय वर्चुअल माध्यम से शामिल होंगे और महिलाओं के खाते में राशि ट्रांसफर करेंगे। कलेक्टर ने इसके लिए सभी संबंधित अधिकारियो को आवश्यक तैयारिया सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नवीन राशन कार्ड के वितरण के निर्देश भी दिए है। उन्होंने सभी हितग्राहियों को राशन कार्ड वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने 8 मार्च को अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस पर खेल कार्यक्रम का आयोजन करने तथा 9 मार्च को जिलास्तर पर स्वीप कर्यक्रम आयोजित कराये जाने कहा। कलेक्टर ने जेल में बंद कैदियों के लिए अच्छी किताबे उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बुक डोनेशन कार्यक्रम का आयोजन करने तथा सभी से किताब दान करने की अपील की है। बैठक में कलेक्टर श्रीमती पन्ना ने राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए एसडीएम और तहसीलदारों को अविवादित नामांतरण, अविवादित खाता विभाजन, सीमांकन सहित समस्त राजस्व प्रकरणों को समय सीमा पर निराकरण करने के निर्देश दिए। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने जिला अंतर्गत प्रगतिरत विभिन्न निर्माण कार्य और विभागीय कार्यों की विस्तार से समीक्षा करते हुवे गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए है।

इसी प्रकार समय सीमा की बैठक में विभिन्न विभागो के कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अग्निवीर भर्ती की समीक्षा करते हुए जिले में अग्निवीर भर्ती के लिए माकटेस्ट कराने के भी निर्देश दिए।

इसके साथ ही बैठक में कलेक्टर श्रीमती पन्ना ने महतारी वंदन योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएमश्री स्कूल , पीएम आवास योजना, लोकसेवा गारंटी अधिनियम, स्टेडियम व बैडमिंटन कोर्ट निर्माण, कृषकों के लंबित ई-केवाइसी कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्री बीरेंद्र कुमार लकड़ा, एसडीएम श्री पंकज डाहिरे, एसडीएम श्री अरूण कुमार सोम, संयुक्त कलेक्टर श्री के. एस. पैकरा, जिला कोषालय अधिकारी श्री दशरथ प्रसाद सोनी, जिला शिक्षा अधिकारी श्री बी.एल. खरे सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# देश विदेश

## कंबोडिया में मंदिर के सामने बस में विस्फोट, दो घायल

**नोम पेन्ह।** कंबोडिया के सिएम रीप प्रांत में प्रसिद्ध अंगकोर वाट मंदिर के सामने पार्किंग स्थल पर मंगलवार को एक बस विस्फोट में दो लोग घायल हो गये। सिएम रीप प्रांतीय पुलिस प्रमुख मेजर जनरल तेंग चन्नाथ ने बताया कि विस्फोट स्थानीय समयानुसार सुबह करीब साढ़े पांच बजे हुआ । घटना का प्रमुख कारण इंजन की खराबी माना जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच के अनुसार एक बस का इंजन दुर्घटनावश फट गया। घटना में तीन बसें क्षतिग्रस्त हो गयीं, पुलिस ने आगे की जांच जारी रखते हुए इलाके की घेराबंदी की है।


# शहबाज ने लिया पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को ठीक करने का संकल्प

■ आपातकालीन आधार पर एक कार्य योजना तैयार की जाएगी ■ करदाताओं को सरकारी स्तर पर प्रोत्साहित करने की आवश्यकता

**इस्लामाबाद,** 5 मार्च (एजेंसियां)। पाकिस्तान के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने आने वाले वर्षों में आर्थिक चुनौतियों पर तेजी से काबू पाने की उम्मीद जताते हुए कहा है कि उनकी सरकार राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को स्थिर करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार श्री शरीफ ने सोमवार को दोबारा शपथ ग्रहण करने के कुछ घंटों बाद एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा, हमें अर्थव्यवस्था में सुधार करने का जनादेश मिला है और यह हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

देश के 24वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद श्री शरीफ ने कहा कि देश की समग्र



आर्थिक स्थिति को सुव्यवस्थित करने और आर्थिक संकेतकों में सुधार करने के लिए आपातकालीन आधार पर एक कार्य योजना तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार निवेश को बढ़ावा देगी और व्यापारिक समुदाय को सुविधाएं प्रदान करेगी। प्रधानमंत्री ने कहा, करदाता, जो देश की अर्थव्यवस्था में निर्यात और मूल्य संवर्धन को बढ़ाने के लिए काम कर रहे हैं, सरकार के लिए सबसे महत्वपूर्ण लोग हैं। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि ऐसे करदाताओं को सरकारी स्तर पर प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि सभी बैंकों और वित्तीय संस्थानों को छोटे और मध्यम व्यवसायों को बढ़ावा देने के लिए रणनीति तैयार करने के वास्ते काम पर लगाया जा रहा है, ताकि युवाओं को अपने पैरों पर खड़ा होने में मदद मिल सके। उन्होंने कहा, व्यावसायिक समुदाय, निवेशकों और युवाओं को सुविधाएं प्रदान करने के लिए आपातकालीन आधार पर उपाय किए जाएंगे।

## पीएम मोदी ने पाक के नए प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को दी बधाई

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को पाकिस्तान के 24वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने वाले शहबाज शरीफ को बधाई दी। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के 72 वर्षीय अध्यक्ष शरीफ को सोमवार को राष्ट्रपति निवास ऐवान-ए-सद्र में आयोजित एक समारोह में पद की शपथ दिलाई गई। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, पाकिस्तान के प्रधान मंत्री के रूप में शपथ लेने पर शहबाज शरीफ को बधाई। पूर्व प्रधान मंत्री नवाज शरीफ के छोटे भाई शहबाज शरीफ ने इमरान खान सरकार के अविश्वास प्रस्ताव हारने के बाद 11 अप्रैल, 2022 से 14 अगस्त, 2023 तक देश के पीएम के रूप में कार्य किया। शपथ ग्रहण समारोह में नवाज शरीफ, पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज और पीएमएल-एन के कार्यकर्ता शामिल हुए।

## हिजबुल्लाह के हमले में एक भारतीय की मौत, दो अन्य घायल

### इजरायल की सीमा के पास किसी भारतीय की पहली मौत

**तिरुवनंतपुरम,** 5 मार्च (एजेंसियां)। इजरायल में हिजबुल्लाह के हमले में एक भारतीय की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। हिजबुल्लाह आतंकवादी समूह ने मार्गालियट में मिसाइल हमला किया था। कई सालों में लेबनान के साथ इजरायल की सीमा के पास किसी भारतीय की मौत की यह पहली रिपोर्ट है। रिपोर्ट के अनुसार, हिजबुल्लाह ने हमला सोमवार को किया था। मृतक की पहचान केरल में कोल्लम के वाडी निवासी निबिन



मैक्सवेल (31) के रूप में हुई है। हमले में कुल सात अन्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिसमें दो केरल के निवासी हैं। उनकी पहचान जोसेफ जॉर्ज और पॉल मेल्विन के रूप में हुई है। निबिन मैक्सवेल के पिता ने आईएएनएस को बताया कि उनका बेटा जनवरी में इजरायल गया था। उसका बड़ा भाई निविन भी वहां काम कर रहे थे। निबिन मैक्सवेल की मौत की जानकारी परिवार को सोमवार रात में दी गई। संपर्क करने पर केरल पुलिस के सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि शव, चार दिनों में केरल पहुंचने की उम्मीद है। मैक्सवेल के परिवार में उनकी 7 महीने की गर्भवती पत्नी और एक पांच साल की बेटी है। भारत में इजरायल के दूतावास ने हिजबुल्लाह के हमले में निबिन मैक्सवेल की मौत पर शोक जताया है। पीड़ित सोमवार को दोपहर में उत्तरी मार्गालियट गांव में एक बगीचे में खेती का काम कर रहे थे, तभी हिजबुल्लाह आतंकियों ने वहां मिसाइल से हमला कर दिया था। बयान में आगे कहा गया, %%हमारी प्रार्थनाएं और संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों और घायलों के साथ हैं। इजरायली मेडिकल संस्थान पूरी तरह से घायलों की सेवा में हैं, जिनका इलाज हमारे सबसे अच्छे मेडिकल स्टाफ द्वारा किया जा रहा है। इजरायल के लिए सभी नागरिक सामान हैं।

## सुडोकू 6487

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 3 | | | | 8 | | 6 |
| | | | | 3 | 8 | | 7 | |
| 5 | 8 | | | 9 | | | | |
| 9 | 7 | | 3 | | 1 | | 4 | 8 |
| 4 | | | | | | | | 5 |
| 6 | 1 | | 8 | | 9 | | 2 | 3 |
| | | | | 7 | | | 5 | 4 |
| | 5 | | 2 | 8 | | | | |
| 7 | | 4 | | | | 3 | | 9 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6487

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. समाजविरोधी
४. किसी कार्य को पूरा करने के लिए मिलने वाली शासकीय सहायता राशि
६. पकड़ना, रोकना, संभालना
७. हुकूमत करने वाला, अधिकारी (उर्दू)
८. किसी फल आदि का पकने के करीब होना
१०. अनाथ
११. बांटने वाला
१३. वध करना, मारपीट करना
१४. किंतु
१५. चीरने वाला
१७. उपाधि, पदवी (उर्दू)
१९. पाठ, अनुच्छेद
२१. निषेध
२२. बड़प्पन
२४. झुका हुआ सिर

**ऊपर से नीचे:-**

१. ठहाका, जोर की हँसी
२. अपमानित, बेइज्जत
३. किसी कही का प्रधान पात्र
४. अप्राप्ति, न आना
५. वृत्त, गोलाकार (उर्दू)
९. अनुचित, अनुपयुक्त (उर्दू)
११. संकट
१२. रखवाला
१३. मां का भाई
१४. सूर्यवंशी राजा की राजधानी
१५. असमानता, जटिलता
१६. नीरस
१८. शवाच्छादन (उर्दू)
१९. नीच, दुष्ट, पापी
२०. सेना का व्यूह, एक काव्यालंकार
२३. सरोवर

### वर्ग पहेली-6486

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ ना | सा | २ पु | ट | ■ | ■ | ३ ब | टो | ४ र | ना |
| ट्य | ■ | ष्प | ■ | ५ उ | दा | र | ■ | ई | ■ |
| ६ का | ल | वा | च | क | ■ | ७ त | र | स | ८ ना |
| र | ■ | ति | ■ | ९ सा | ध | ना | ■ | ■ | म |
| ■ | १० नि | का | ११ ल | ना | ■ | ■ | १२ से | व | क |
| ■ | र्झ | ■ | फ्फा | ■ | १३ आ | ■ | ह | ■ | मा |
| १४ ह | र | १५ गि | ज | ■ | ल्हा | ■ | १६ त | १७ रा | ना |
| म | ■ | रि | ■ | १८ कुं | द | १९ न | ■ | जी | ■ |
| २० सा | यु | ध | ■ | भ | ■ | २१ मि | ला | व | २२ टी |
| या | ■ | २२ र | त्न | ज | ड़ि | त | ■ | ■ | स |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## सुडोकू 6486 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 8 | 9 | 6 |
| 2 | 9 | 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 7 | 1 |
| 5 | 8 | 7 | 1 | 9 | 6 | 4 | 3 | 2 |
| 9 | 7 | 2 | 3 | 5 | 1 | 6 | 4 | 8 |
| 4 | 3 | 8 | 7 | 6 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 8 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 7 | 3 | 2 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 2 | 8 | 4 | 1 | 6 | 7 |
| 7 | 2 | 4 | 6 | 1 | 5 | 3 | 8 | 9 |

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : बुधवार 6 मार्च, 2024 फाल्गुन कृष्ण पक्ष 11

### राशिफल

मेष - आज आप सुस्त रहेंगे। शरीर में ताजगी का अभाव रहेगा। स्वभाव में उग्रता बढ़ने से आपका काम बिगड़ सकता है, इसलिए उग्रता पर अंकुश में रखना हितकर है।

वृषभ - अत्यधिक कार्यभार तथा खान-पान में असावधानी रखने के कारण स्वास्थ्य नरम-गरम बना रहेगा। पर्याप्त मात्रा में नींद और आहार न मिलने से मन बेचैन रहेगा। आज प्रवास न करना आपके हित में है। यात्रा में विघ्न आ सकता है।

मिथुन - आज आप मौज-शौक और मनोरंजन में रुचि लेंगे।। मित्रों तथा प्रियजनों के साथ बाहर जाने का कार्यक्रम बना सकेंगे। सार्वजनिक जीवन में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। मैरीड कपल के बीच रोमांस बढ़ेगा।

कर्क - भाग्य आपके साथ होने से आपका आज का दिन आनंद और सफलता का बना रहेगा। परिवार में खुशी का वातावरण बना रहेगा। नौकरी करने वालों के ऑफिस का वातावरण अच्छा रहेगा।

सिंह - आज आप तन-मन की स्वस्थता महसूस करेंगे। आप सृजनात्मक कार्यों में रुचि लेंगे। साहित्य के क्षेत्र में कुछ नया लिखने की प्रेरणा आपको होगी। किसी प्रिय व्यक्ति से मिल सकेंगे।

कन्या - आपको आज प्रतिकूलताओं के लिए तैयार रहना पड़ेगा। स्वास्थ्य को लेकर चिंता में रह सकते हैं। पारिवारिक सदस्यों के साथ मनमुटाव हो सकता है। मां के स्वास्थ्य का आज ध्यान रखें।

तुला - अभी आपका भाग्य आपके पक्ष में होने से आप कोई नया काम आसानी से शुरू कर पाएंगे। आज का दिन बहुत अनुकूल है। उचित ढंग से पैसे का निवेश करेंगे, तो निश्चित रूप से लाभ होगा।

वृश्चिक - आपको नकारात्मक विचारों से दूर रहना चाहिए। आपके कम बोलने में ही आपकी भलाई है। ऐसा करके आप परिजनों के साथ के वाद-विवाद को टाल सकेंगे। तबियत की चिंता रहेगी।

धनु - आज आपके तन-मन की स्वस्थता बनी रहेगी। आर्थिक लाभ प्राप्त होगा। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा होगी। स्नेहीजन और मित्रों से मिलकर आनंद का अनुभव होगा। पारिवारिक संबंध गहरे बनेंगे।

मकर - आज परिश्रम के अनुपात में परिणाम न मिलने पर आपको हताशा होगी। पारिवारिक वातावरण उदासीन रहेगा। स्वास्थ्य की चिंता रहा करेगी। दुर्घटना न हो, इसका ध्यान रखें। व्यावसायिक कामों में सरकारी हस्तक्षेप होगा।

कुंभ - आज नए काम की शुरुआत होगी। नई योजना बना सकेंगे। नौकरी और व्यवसाय के लिए भी अनुकूल दिन है। शहर में मान- सम्मान बढ़ेगा। संतान की प्रगति होगी। पत्नी की तरफ से भी अच्छे समाचार प्राप्त कर सकेंगे।

मीन - आप व्यवसाय और नौकरी में प्रगति कर सकेंगे। अधिकारी आपको प्रोत्साहन देंगे, इसलिए आपको आनंद होगा। धंधे में लाभ होगा। बकाया राशि की वसूली होगी। पिता और बुजुर्गों से भी कोई लाभ मिल सकेगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## मेक्सिको में दो वाहनों की टक्कर में नौ लोगों की मौत

**मेक्सिको सिटी,** 5 मार्च (एजेंसियां)। मेक्सिको के दक्षिणपूर्वी राज्य क्विंटाना रू में सोमवार तड़के एक ट्रैक्टर-ट्रेलर की अंतरनगरीय परिवहन वैन से हुई आमने-सामने की टक्कर में तीन नाबालिगों सहित नौ लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। क्विंटाना रू राज्य के अटॉर्नी जनरल कार्यालय के एक बयान के अनुसार, संघीय राजमार्ग 37 पर हुई इस दुर्घटना में छह लोग घायल भी हुए है। दुर्घटना स्थानीय समयानुसार सुबह 4ः बजे के आसपास राजमार्ग के रिफोर्मा एग्रारिया-प्यूर्टो जुआरेज़ खंड पर, एक्स-हेज़िल चौराहे के पास हुई। ट्रेलर के चालक ने वाहन पर से अपना नियंत्रण खो दिया और ट्रेलर वैन से टकरा गया। स्थानीय मीडिया द्वारा प्रकाशित प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार, वैन में तुरंत आग लग गई, जबकि ट्रेलर चालक वाहन को घटनास्थल से भगा ले गया। क्विंटाना रू के गवर्नर मारा लेज़ामा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में इस त्रासदी पर शोक व्यक्त किया और मोटर चालकों से अत्यधिक सावधानी बरतने का आह्वान किया क्योंकि राजमार्ग का वह हिस्सा अस्थायी रूप से बंद किया हुआ है।

# नेपाल में नई गठबंधन सरकार बनी

**काठमांडू,** 4 मार्च (एजेंसियां)। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल ने सोमवार को नेपाली कांग्रेस पार्टी के साथ अपना गठबंधन तोड़ दिया और मंत्रिमंडल में फेरबदल किया। नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी केंद्र) के अध्यक्ष दहल ने नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी) के साथ हाथ मिलाया और उन्होंने सभी कैबिनेट मंत्रियों को हटाने के बाद शुरुआत में तीन मंत्रियों को नई कैबिनेट में शामिल किया।

**तीन मंत्रियों को नई कैबिनेट में शामिल किया**

इसमें एक कैबिनेट मंत्री सीपीएन-यूएमएल का है और अन्य सीपीएन (माओवादी केंद्र) और राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी से है। नेपाली कांग्रेस पार्टी के मंत्रियों ने इस्तीफे की पेशकश नहीं की और उन्होंने इस आधार पर हटाने का इंतजार किया यह श्री यह दहल है जिन्होंने गठबंधन तोड़ा , उनकी पार्टी ने नहीं। राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा कि राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल ने बाद में तीन नए मंत्रियों को पद की शपथ दिलाई। प्रचंड के नाम



से भी पहचाने जाने वाले श्री दहल ने दिसंबर 2022 में गठबंधन सरकार के प्रमुख के रूप में पदभार संभाला था। जब एक महीने पहले दक्षिण एशियाई देश में आम चुनावों में किसी भी एक पार्टी ने निचले सदन में बहुमत सीटें नहीं जीती थीं। सीपीएन-यूएमएल के बाहर निकलने के बाद नेपाली कांग्रेस पार्टी बाद में गठबंधन में शामिल हो गई।

# अमेरिका में छोटे विमान दुर्घटना में कई लोगों की मौत

**ह्यूस्टन,** 5 मार्च (एजेंसियां)। अमेरिका के दक्षिणी टेनेसी राज्य के नैशविले में एक इंजन वाले विमान के सोमवार रात दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से कई लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एबीसी न्यूज के अनुसार पायलट ने नैशविले के जॉन सी. ट्यून हवाई अड्डे पर नियंत्रण टॉवर को बताया कि विमान के में तकनीकी समस्याएं आ गयी हैं। पायलट ने विमान को आपात लैंडिंग करने का प्रयास किया लेकिन इस दौरान विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। नैशविले अग्निशमन विभाग के एक प्रवक्ता ने कहा कि यह भीषण हादसा था और



इसमें कोई भी जीवित नहीं बचा। नैशविले पुलिस प्रवक्ता डॉन आरोन ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि संघीय विमानन प्रशासन और राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड घटना की जांच कर रहे हैं।

## वियतनाम में बस-ट्रक की टक्कर में पांच लोगों की मौत

**हनोई।** वियतनाम के उत्तरी तुयेन क्वांग प्रांत में राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार देर रात एक बस और कंटेनर ट्रक के बीच हुई टक्कर में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वियतनाम समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी है। एजेंसी ने बताया कि दुर्घटना स्थानीय समयानुसार देर रात लगभग 1ः40 बजे हुई जब स्लीपर बस हा गियांग और तुयेन क्वांग प्रांतों के राजमार्ग संख्या दो पर चल रही थी कि विपरीत दिशा में हाई फोंग शहर से हा गियांग प्रांत की ओर जा रहा कंटेनर ट्रक बस से टकरा गया।

## महमूद अब्बास तीन दिवसीय यात्रा पर पहुंचे तुर्की

**गाजा,** 5 मार्च (एजेंसियां)। फिलीस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा के लिए सोमवार को तुर्की पहुंचे।

फिलीस्तीनी मीडिया ने मंगलवार को यह जानकारी दी। डब्ल्यूएएफए समाचार एजेंसी ने बताया कि श्री अब्बास का हवाई अड्डे पर तुर्की और अरब के कई अधिकारियों ने स्वागत किया। रिपोर्ट में कहा गया है कि यात्रा के दौरान फिलीस्तीनी राष्ट्रपति तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप



एर्दोगन और अन्य शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात करेंगे। गौरतलब है कि सात अक्टूबर से अब तक गाजा में मरने वाले फिलीस्तीनियों की संख्या 30,320 हो गई है, जिनमें अधिकतर महिलाएं और बच्चे हैं। गाजा सिटी के कमाल अदवान अस्पताल के निदेशक होसाम अबू सफिया ने बताया कि सभी हताहतों के शरीर में इजरायली बलों की गोलियां और छर्रे पाये गये हैं।

## आज का इतिहास

1508-नासिरुद्दीन मुहम्मद हुमायूँ का जन्म।
1775-रघुनाथ राव और अंग्रेजों के बीच सूरत की संधि पर हस्ताक्षर।
1902-स्पेन में मशहूर फुटबॉल क्लब %मैड्रिड क्लब% की स्थापना हुई।
1915-शांति निकेतन में महात्मा गांधी और रवींद्रनाथ टैगोर पहली बार मिले।
1944-भारतीय पत्रकार, सम्पादक, मीडिया के अध्यापक और समाजविज्ञानी रामशरण जोशी का जन्म।
1953-74 वर्ष की आयु में जोसेफ़ स्टालिन का निधन।
1967-जोसेफ़ स्तालिन की बेटी स्वेतलाना भारत स्थित रूसी दूतावास से होते हुए अमेरिका पहुँची।
1991-प्रधानमंत्री चंद्रशेखर ने इस्तीफा दिया।
1992-भारतीय घुड़सवार फवाद मिर्जा का जन्म।
1996-ईराक ने संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव के तहत %खाद्य के लिये तेल योजना% को स्वीकार किया। आयरिश रिपब्लिक आर्मी ने त्वरित युद्ध विराम को नकारते हुए ब्रिटेन के साथ 25 वर्षीय युद्ध की घोषणा की।
2001-फिजी में महेन्द्र चौधरी के ख़िलाफ़ पार्टी में ही विद्रोह की स्थिति।
2003-अल्जीरिया का एक विमान तामारासेट में दुर्घटनाग्रस्त, 102 से भी अधिक यात्री मरे।
2004-उत्तर कोरिया का यूरेनियम आधारित कार्यक्रम होने से फिर इन्कार।
2008-राजस्थान से राज्यसभा सांसद प्रभा ठाकुर को अखिल भारतीय महिला काँग्रेस का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। पाकिस्तान के राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ़ ने सबरजीत की दया याचिका खारिज की।

**आयोजन** *विदेश मंत्री डॉक्टर जयशंकर सियोल पहुंचे*

# भारत-प्रशांत, व्यापार और आर्थिक सहयोग पर चर्चा के साथ की

**नई दिल्ली, 5 मार्च (एजेंसियां)। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपने तीन दिवसीय एशियाई दौरे की शुरुआत सियोल में भारत-प्रशांत, व्यापार और आर्थिक सहयोग पर चर्चा के साथ की। वह मंगलवार को दोनों देशों के बीच 10वीं संयुक्त आयोग की बैठक की सह-अध्यक्षता करने के लिए दक्षिण कोरिया पहुंचे। द्विपक्षीय आदान-प्रदान को और तेज करना और भविष्य के सहयोग के लिए एजेंडा तय करना मंत्री की कोरिया गणराज्य और जापान की यात्रा के मुख्य आकर्षणों में से एक है।**

जयशंकर ने कोरिया के राष्ट्रीय सुरक्षा निदेशक, चांग हो-जिन से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने समकालीन क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की।

उन्होंने बुधवार को 10वीं संयुक्त आयोग की बैठक से पहले दक्षिण कोरियाई प्रधान मंत्री हान डक-सू से भी मुलाकात की और भारत-कोरिया संबंधों के लिए उनके मूल्यवान मार्गदर्शन की सराहना की।

संयुक्त आयोग की बैठक में द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा करने और इसे और मजबूत करने के रास्ते तलाशने की उम्मीद है।

विदेश मंत्रालय के अनुसार, इस दौरान दोनों पक्ष क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचार-विमर्श करेंगे। दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ाने के लिए मंत्री



■ 10वीं संयुक्त आयोग की बैठक की सह-अध्यक्षता करने के लिए दक्षिण कोरिया पहुंचे

जयशंकर ने व्यापार, उद्योग और ऊर्जा मंत्री अहं डुकगेन के साथ-साथ विभिन्न थिंक टैंक के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की।

ईएएम जयशंकर ने एक्स पर लिखा, आज सियोल में व्यापार, उद्योग और ऊर्जा मंत्री अहं डुकगेन से मिलकर खुशी हुई। उनके साथ व्यापार और आर्थिक सहयोग पर व्यापक बातचीत हुई।

जयशंकर की यात्रा से पहले, दक्षिण कोरियाई राजदूत चांग जे-बोक ने सोमवार को भारत और कोरिया के गहरे आर्थिक संबंधों की सराहना की।

## दुनिया को जानें

### ट्विटर के पूर्व सीईओ पराग अग्रवाल ने मस्क पर किया मुकदमा

**सैन फ्रांसिस्को,** 5 मार्च (एजेंसियां)। ट्विटर (अब एक्स ) के पूर्व सीईओ पराग अग्रवाल सहित तीन कर्मचारियों ने एलन मस्क पर 128 मिलियन डॉलर नहीं चुकाने को लेकर उनके खिलाफ मुकदमा दायर करने का ऐलान किया है। पराग अग्रवाल, मुख्य वित्तीय अधिकारी नेड सेगल पूर्व ट्विटर कानूनी और नीति प्रमुख विजया गड्डे और पूर्व ट्विटर जनरल काउंसिल सीन एडगेट ने एलन मस्क के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। एक फॉलोवर ने पोस्ट किया कि पराग अग्रवाल ने एलन मस्क पर मुकदमा दायर किया है , तो इस पर मंगलवार को मस्क ने सिर्फ एक इमोजी डालकर अपनी प्रतिक्रिया दी। मुकदमे में दावा किया गया कि टेस्ला के सीईओ ने सार्वजनिक रूप से लगभग 200 मिलियन डॉलर के उनके भुगतान को रोकने की कसम खाकर उनके प्रति विशेष गुस्सा दिखाया, जब उन्होंने 2022 में 44 बिलियन डॉलर में ट्विटर का अधिग्रहण किया। अमेरिकी जिला न्यायालय में दायर मुकदमा में कहा गया है, मस्क के नियंत्रण में ट्विटर कर्मचारियों, मकान मालिकों, विक्रेताओं और अन्य लोगों को परेशान करने वाला एक उपहास बन गया है।

# खेल जगत

## इंडियन ओपन पुरस्कार राशि में बढ़ोतरी से गोल्फ की लोकप्रियता बढ़ी : ब्रिजिंदर सिंह

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पीटर थॉमसन ने भारत में गोल्फ खेलने से पहले ही महान दर्जा हासिल कर लिया था। थॉमसन ने 1964 में पहली बार इंडियन ओपन ट्रॉफी जीतने से पहले 1954, 1955, 1956 और 1958 में दुनिया का सबसे पुराना मेजर- ब्रिटिश ओपन जीता था। ब्रिटिश ओपन जीतने पर उन्हें सिर्फ 1000 पाउंड की पुरस्कार राशि मिली थी। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने 1966 और 1976 में इंडियन ओपन जीता और भारतीय गोल्फ में एक मील का पत्थर स्थापित किया। उस समय भले ही पुरस्कार राशि बहुत कम थी, लेकिन भारत के राष्ट्रीय ओपन में थॉमसन की रुचि ने दुनिया भर में बड़े पैमाने पर इसकी चर्चा शुरू की थी। तब से भारतीय गोल्फ में बहुत कुछ बदल गया है। युवा मामले एवं खेल मंत्रालय और भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा राष्ट्रीय खेल महासंघ का मान्यता प्राप्त भारतीय गोल्फ संघ (आईजीयू) द्वारा आयोजित, यह टूर्नामेंट नकद पुरस्कार के मामले में आज भारत का सबसे बड़ा और सबसे प्रतिष्ठित ईवेंट बन गया है।



# स्मृति मंधाना, पेरी के अर्धशतकों से आरसीबी ने यूपी वॉरियर्स पर हासिल की जीत

## स्मृति मंधाना ने 50 गेंदों में 10 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 80 रन बनाए

**बेंगलुरु,** 5 मार्च (एजेंसियां)। यहां के चिन्नास्वामी स्टेडियम में सोमवार को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के सीजन 2 के मैच में कप्तान स्मृति मंधाना और एलिसे पेरी के अर्धशतकों और उनके गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने यूपी वारियर्स को 23 रनों से हरा दिया।

महिला प्रीमियर लीग 2024

पहले बल्लेबाजी करने उतरीं स्मृति मंधाना ने 50 गेंदों में 10 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 80 रन बनाए, जबकि पेरी ने 37 गेंदों में चार चौकों और इतने ही छक्कों की मदद से 58 रन बनाए, जिससे रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने 20 ओवरों में 198/3 रन बनाए। जवाब में यूपी वारियर्स ने अच्छी शुरुआत की, लेकिन एलिसा हीली (38 गेंद में 55 रन, 7×4, 3×6) के अर्धशतक, दीप्ति शर्मा की 22 गेंद में 33 रन और पूनम खेमनार की 24 गेंद में 31 रन की पारी के बावजूद टीम 175/8 रन ही बना सकी। 20 ओवर में स्कोर 23 रन रहा। इस जीत के साथ, आरसीबी के दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के समान छह अंक हो गए, लेकिन नेट रन रेट के आधार पर वह तालिका में तीसरे स्थान पर रही। यूपी वारियर्स की पांच मैचों में तीसरी हार है।

वारियर्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने के लिए कहा। आरसीबी ने शानदार शुरुआत की। स्मृति मंधाना और सब्बिनेनी मेघना ने छठे ओवर में शुरुआती विकेट के लिए 51 रन बनाए। इससे पहले मेघना 28 रन बनाकर अंजलि सरवानी की गेंद पर चमारी अथापथु को कैच दे बैठीं। 29 रन पर अथापथु ने उनका विकेट गिरा दिया और एक स्टंपिंग मौका भी बच गया। अथापथु और राजेवश्वरी गायकवाड़ ने एक-एक छक्का लगाया और दीप्ति शर्मा की गेंद पर चौका लगाया और 34 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। स्मृति ने अपना आक्रमण जारी रखा और 15वें ओवर में श्रीलंकाई ऑलराउंडर पर तीन चौके लगाए, जिनमें से दो बैक-टू-बैक थे। अगले ओवर में उन्होंने के अंजलि सवानी को एक ओवर में तीन चौके लगाकर उसी खतरे का सामना किया। लगातार गेंदों पर दो चौके लगाए - दूसरा सोफी एक्लेस्टोन की पकड़ से दूर सीमा रेखा के पार चला गया। आरसीबी की कप्तान ने एलिसे पेरी के साथ दूसरे विकेट के लिए 96 रन जोड़े, जिन्होंने सरवानी की गेंद पर चौका लगाकर अपनी पारी की शुरुआत की और 18वें ओवर में राजेवश्वरी की गेंद पर लगातार छक्के लगाए। अंतिम ओवर की पहली गेंद पर एक्लेस्टोन का शिकार बनने से पहले उन्होंने दीप्ति शर्मा की गेंद पर छक्का भी लगाया।



### संक्षिप्त स्कोर

रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने 20 ओवर में 198/3 (स्मृति मंधाना 80, एलिसे पेरी 58, एस मेघना 28; सोफी एक्लेस्टोन 1-22) ने यूपी वारियर्स को 20 ओवर में 175/8 से हराया (एलिसा हीली 55, दीप्ति शर्मा 33, पूनम खेमनार 31, सोफी डिवाइन 2-37, सोफी मोलिनक्स 2-29, जॉर्जिया वेयरहैम 2-38, आशा शोभना 2-29) 23 रन से।

### संन्यास के बाद कुछ अलग विकल्प तलाश रही हूं : मेग लैनिंग



**नई दिल्ली।** डब्ल्यूपीएल की स्टार खिलाड़ी और दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान मेग लैनिंग, जो मौजूदा डब्ल्यूपीएल में लगातार सफलता हासिल कर रही हैं, ने स्वीकार किया है कि वह अपनी अंतरराष्ट्रीय सेवानिवृत्ति के बाद कुछ अलग विकल्प तलाश रही हैं, लेकिन किसी भी चीज में जल्दबाजी नहीं करेंगी। महिला क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया की पूर्व कप्तान मेग लैनिंग एक मशहूर नाम है। शायद इसलिए जब उन्होंने अचानक पिछले साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला लिया था, तो क्रिकेट जगत स्तब्ध रह गया।

# इंडियन वेल्स में वापसी करेंगे नडाल

## 'मिसाइल मैन' राओनिक से होगा पहला मुकाबला



**इंडियन वेल्स (यूएस),** 5 मार्च (एजेंसियां)। तीन बार के चैंपियन स्पेन के राफेल नडाल को परिबा ओपन के पहले दौर में कनाडा के पूर्व फाइनलिस्ट मिलोस राओनिक से भिड़ना है, क्योंकि साल के पहले एटीपी मास्टर्स 1000 का ड्रा निकाला गया है।

नडाल, जो इंडियन वेल्स टेनिस गार्डन की अपनी आखिरी यात्रा के दौरान 2022 में फाइनल में पहुंचे थे, सीजन के पहले सप्ताह में ब्रिस्बेन में एटीपी 250 के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के बाद, वर्ष की अपनी दूसरी उपस्थिति दर्ज कराएंगे।

कूल्हे की चोट के कारण 11 महीने के अंतराल के बाद, 37 वर्षीय स्पैनियार्ड ने जनवरी की शुरुआत में दौरे पर वापसी की, ब्रिस्बेन में दो मैच जीते, फिर एक के दौरान उनके बाएं कूल्हे के पास की मांसपेशी में हल्की चोट लग गई जिसमें उन्हें जॉर्डन थॉम्पसन से क्वार्टर फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। 22 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन, रविवार को लास वेगास में नेटफ्लिक्स स्लैम में हमवतन कार्लोस अल्काराज के साथ रोमांचक मुकाबले के बाद, 11वीं बार 33 वर्षीय कनाडाई का सामना करेंगे और दूसरी बार गुरुवार शाम को इंडियन वेल्स में भिड़ेंगे। यह नडाल की 16वीं इंडियन वेल्स उपस्थिति होगी जहां उन्होंने कोचेला वैली में तीन खिताब और दो फाइनल के साथ 59-11 का रिकॉर्ड बनाया है। नडाल, जो वर्तमान में नंबर 652वें पर हैं, ने इस सीज़न में अपने शानदार करियर को संभावित रूप से समाप्त करने की बात कही है, और यह इंडियन वेल्स में उनकी आखिरी उपस्थिति हो सकती है।

पूर्व विश्व नंबर 3 राओनिक, जो नडाल की तरह एच्लीस की चोट और पैर की टूटी उंगली के कारण लगभग दो पूर्ण सीज़न (जुलाई 2021 से जून 2023 तक) नहीं खेल पाए, दक्षिणी कैलिफोर्निया में अपनी नौवीं उपस्थिति दर्ज कराएंगे। अपनी बैलिस्टिक सर्विस के कारण 'द मिसाइल' उपनाम से मशहूर कनाडाई खिलाड़ी 2016 में फाइनल के साथ-साथ दो अन्य सेमीफाइनल में पहुंचे और 2011 में इंडियन वेल्स में पदार्पण के बाद से उन्होंने 23-8 का लाइफटाइम रिकॉर्ड बनाया है। शीर्ष वरीयता प्राप्त नोवाक जोकोविच, 2019 के बाद इंडियन वेल्स में अपनी पहली उपस्थिति बना रहे हैं और विश्व नंबर 69 ऑस्ट्रेलियाई अलेक्जेंडर वुकिक या क्वालीफायर के खिलाफ शुरुआत करेंगे। सर्बियाई महान को कैस्पर रुड या ह्यूबर्ट हर्काज़ के साथ संभावित क्वार्टर फाइनल से पहले चौथे दौर में या तो अमेरिकी टॉमी पॉल या नवनिर्मित एटीपी 500 दुबई चैंपियन उगो हम्बर्ट से भिड़ने की संभावना है।

गत चैंपियन और दूसरी वरीयता प्राप्त स्पेन के कार्लोस अल्काराज , जो पीएटीपी लाइव रैंकिंग में नंबर 3 पर टूर्नामेंट शुरू कर रहे हैं, को पहले दौर में नेक्स्टजेनएटीपी फ्रेंचमैन लुका वान एश या 23 वर्षीय इतालवी माटेओ अर्नाल्डी के साथ मुकाबला करना होगा।

स्पैनियार्ड को तीसरे दौर में फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे से, क्वार्टर फाइनल में छठी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव या बैक-टू-बैक एकापुल्को चैंपियन एलेक्स डी मिनौर से और सेमीफाइनल में सिनर से भिड़ने की संभावना है।

# 100 टेस्ट खेलने वाले 17वें इंग्लिश क्रिकेटर बनेंगे जॉनी बेयरस्टो

**धर्मशाला,** 5 मार्च (एजेंसियां)। इंग्लैंड के बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो धर्मशाला में अपना 100वां टेस्ट खेलेंगे। यह उपलब्धि हासिल करने वाले वह 17वें इंग्लिश क्रिकेटर बनेंगे। धर्मशाला टेस्ट से पहले उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि उनके लिए भावुक करने योग्य पल है। बेयरस्टो ने कहा कि यह दुनिया के खूबसूरत ग्राउंड में से एक है। केपटाउन मेरे पसंदीदा मैदानों में से एक है लेकिन धर्मशाला की बात ही कुछ और है। बेयरस्टो के परिजन भी धर्मशाला पहुंच गए हैं और वे मैच शुरु होने से पहले कैप प्रेज़ेंटेशन के दौरान उनके साथ मौजूद रहेंगे। बेयरस्टो के पिता इस दुनिया में नहीं हैं, उन्होंने 1997 में आत्महत्या कर ली थी और तब बेयरस्टो सिर्फ़ आठ वर्ष के थे। पिता के देहांत के बाद उनकी मां जेनट ने ही उनकी और उनकी बहन की देखभाल की। पिता का जब देहांत हुआ था तब उनकी मां ब्रेस्ट कैंसर से जूझ रही थीं और 2012 में एक बार फिर इस बीमारी ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया, जिसके चलते बेयरस्टो को भारत का दौरा बीच में ही छोड़कर स्वदेश लौटना पड़ा था। बेयरस्टो ने अपने करियर के दौरान कई बड़े खिलाड़ियों के साथ ड्रेसिंग रूम साझा किया। उन्होंने तमाम खिलाड़ियों के साथ के अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा कि जब मैंने खेलना शुरु किया था तब स्ट्रॉस, कुक, पीटरसन, बेल, स्वान, एंडरसन, ब्रॉड जैसे खिलाड़ी थे।



### *मैंने अपनी सफलता का उतना आनंद नहीं लिया जितना मुझे लेना चाहिए था : अश्विन*

*नई दिल्ली, 5 मार्च (एजेंसियां)। भारतीय स्पिन लीजेंड रविचंद्रन अश्विन अपना 100वां टेस्ट मैच खेलने के लिए तैयार हैं, लेकिन उन्होंने खुलासा किया कि मैंने अपनी सफलता का उतना आनंद नहीं लिया जितना मुझे लेना चाहिए था क्योंकि वह हर दौरे के बाद एक बेहतर खिलाड़ी बनने के लिए अपने आप में वापस चले जाते हैं। धर्मशाला में इंग्लैंड के खिलाफ 7 मार्च से शुरू होने वाले पांचवें और अंतिम टेस्ट के दौरान, अश्विन खेल के लंबे प्रारूप में अपना 100वां मैच खेलेंगे। राजकोट में चल रही श्रृंखला के तीसरे टेस्ट में, अश्विन 500 टेस्ट विकेट हासिल करने वाले नौवें और अनिल कुंबले के बाद दूसरे भारतीय गेंदबाज बन गए तथा मुथैया मुरलीधरन, शेन वार्न, जेम्स एंडरसन, स्टुअर्ट ब्रॉड, कुंबले, ग्लेन मैकग्रा, कर्टनी वॉल्श और नाथन लियोन जैसे गेंदबाजों के विशिष्ट क्लब में शामिल हो गए।*

*इसके अलावा, उन्होंने घरेलू टेस्ट में 350 विकेट की बाधा को तोड़ दिया और कुंबले को पीछे छोड़ते हुए भारत के शीर्ष विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। अश्विन ने 99 टेस्ट मैचों में 507 विकेट, 116 वनडे में 156 विकेट और 65 टी20 में 72 विकेट लिए हैं।*



# सांसद खेल महाकुंभ 3.0 का भव्य शुभारंभ

## 75 हजार खिलाड़ी लेंगे भाग : अनुराग ठाकुर

**बिलासपुर,** 5 मार्च (देशबन्धु)। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा मामले एवं खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने बिलासपुर स्थित लूहणू क्रिकेट ग्राउंड में सांसद खेल महाकुंभ 3.0 का भव्य शुभारंभ किया। इस अवसर पर भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़, बिलासपुर भाजपा ज़िला अध्यक्ष स्वतंत्र संख्यान, पूर्व सांसद सुरेश चंदेल, नैना देवी विधायक रणधीर शर्मा, बिलासपुर विधायक त्रिलोक जमवाल, झण्डुता विधायक जेआर कटवाल, पूर्व विधायक राजेंद्र गर्ग, हमीरपुर लोकसभा प्रभारी सुमित शर्मा व प्रदेश महामंत्री नरेंद्र अत्री भी मौजूद रहे। खेल महाकुंभ का भव्य आगाज करते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि खेलोगे तभी खिलोगे। इसीलिए सांसद खेल महाकुंभ आयोजन हमीरपुर संसदीय क्षेत्र की प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान कर रहा है और उन्हें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चमकने का भी अवसर दे रहा है। सांसद खेल महाकुंभ के पहले संस्करण में 40,000 और दूसरे संस्करण में 45,000 लोग इसमें शामिल हुए थे। इस बार हमने 75,000 खिलाड़ियों की भागीदारी का लक्ष्य रखा है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि मैंने जब अपने खेल महाकुंभ की प्रेजेंटेशन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दी थी तब उन्होंने कहा था कि जब तुम कर सकते हो तो बाकी सांसद भी इसे अपने-अपने लोकसभा में कर सकते हैं। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ही प्रेरणा है कि आज पूरे देश में लगभग 300 सांसद अपने-अपने क्षेत्र में सांसद खेल महाकुंभ का आयोजन करवा रहे हैं। अनुराग ठाकुर ने बताया कि इस बार खेल महाकुंभ में वॉलीबॉल, कबड्डी, क्रिकेट, बास्केटबॉल और एथलेटिक्स को शामिल किया गया है। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में हो रहे इस भव्य आयोजन को देखकर रोहित शर्मा और राहुल द्रविड़ बेहद खुश नजर आये और उन्होंने युवा प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन भी किया।



## सार संक्षेप

### पाकिस्तानी मुक्केबाज रशीद साथी खिलाडी के बैग से पैसे चुराने के बाद लापता

**रोम।** ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में भाग लेने इटली गए पाकिस्तानी मुक्केबाज जोहेब रशीद अपने ही साथी खिलाड़ी के बैग से पैसे चुराने के बाद से लापता है। पाकिस्तान अमैच्योर मुक्केबाजी महासंघ ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक महासंघ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इटली में पाकिस्तान दूतावास को इस घटना की जानकारी दे दी गई और मामले की पुलिस रिपोर्ट भी की गई है। राष्ट्रीय महासंघ के सचिव कर्नल नसीर अहमद ने कहा कि जोहेब रशीद की यह हरकत महासंघ और देश के लिए बहुत शर्मनाक है। उन्होंने बताया कि जोहेब इटली में ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में भाग ले रही पांच सदस्यीय टीम का हिस्सा था। जोहेब ने उसके कमरे की चाबी फ्रंट डेस्क से लेकर उसके पर्स से विदेशी मुद्रा निकाल ली और इसके बाद वह होटल से गायब हो गया। उन्होंने बताया कि पुलिस को घटना की सूचना दे दी गई है और उसकी तलाश की जा रही है, लेकिन उसने इसबीच किसी से भी संपर्क नहीं किया है।

### मप्र की वैष्णवी ने मास्को में जीता स्वर्ण पदक

**भोपाल।** मास्को में चल रही अंतरराष्ट्रीय मास्को वुशू चैम्पियनशिप 224 में मध्य प्रदेश के सतना जिले की वैष्णवी त्रिपाठी ने स्वर्ण पदक जीता है। राज्य के खेल जगत को मिली इस बड़ी उपलब्धि पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वैष्णवी को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने एक्स पर लिखा है, अंतरराष्टीय मास्को वुशू 224 में सतना की बेटी वैष्णवी त्रिपाठी ने 48 किलोग्राम भार वर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर मध्यप्रदेश और पूरे देश को गौरवान्वित किया है। उन्होंने वैष्णवी की तस्वीर साझा करते हुए लिखा कि बेटी आप आगे भी सफलता के पथ पर ऐसे ही बढ़ते हुए प्रदेश एवं देश की प्रतिष्ठा व सम्मान बढ़ाती रहो, आपको उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं, आशीर्वाद। उल्लेखनीय है कि राज्य से चार खिलाड़ियों का दल रुस के मास्को में आयोजित इस अंतरराष्टीय चैम्पियनशिप में हिस्सा लेने गया है।

### सैफ अंडर16 महिला चैम्पियनशिप में भारत बांग्लादेश से 1-3 से हारा

**काठमांडू (नेपाल)।** सैफ अंडर16 महिला चैम्पियनशिप में भारत की किस्मत को मंगलवार को झटका लगा जब वे नेपाल के ललितपुर में एएनएफए स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में मजबूत बांग्लादेश से 1-3 से हार गए, जबकि जीत ने बांग्लादेश को चार-टीम राउंड-रॉबिन मुकाबलों में दो मैचों में छह अंकों के साथ समूह में शीर्ष पर पहुंचा दिया और उसका फाइनल में स्थान भी लगभग पक्का कर दिया।

# नीदरलैंड्स ने नेपाल को चार विकेट से हराया

**कीर्तिपुर (नेपाल),** 5 मार्च (एजेंसियां)। नीदरलैंड ने मंगलवार को टी.यू इंटरनेशनल क्रिकेट ग्राउंड में फाइनल में नेपाल को चार विकेट से हराकर ट्राई सीरीज जीत ली। सलामी बल्लेबाज माइकल लेविट ने केवल 29 गेंदों पर 54 रनों की शानदार पारी खेलकर डच टीम की कमान संभाली। मध्यक्रम के बल्लेबाज साइब्रांड एंगेलब्रेच ने उनका अच्छा समर्थन किया, जिन्होंने 29 गेंदों में 48 रनों का योगदान दिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए नेपाल ने 8 विकेट के नुकसान पर 184 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। सलामी बल्लेबाज आशिफ शेख ने 37 गेंदों पर 47 रनों की तेज पारी खेलकर प्रतिस्पर्धी स्कोर की नींव रखते हुए ठोस शुरुआत दी। हालांकि, गुलशन झा (24 में से 34), कुशल मल्ला (11 गेंदों में 26) और कप्तान रोहित पौडेल (19 गेंदों में 25) के साहसिक प्रयासों के बावजूद नेपाल ने डेथ ओवरों में अपनी लय खो दी और जल्दी-जल्दी चार महत्वपूर्ण विकेट खो दिए। फ्रेड क्लासेन (2-37), टिम वैन डेर गुगटेन (2-29), माइकल लेविट (2-35) और साइब्रांड एंगेलब्रेक्ट (2-14) के नेतृत्व में नीदरलैंड का गेंदबाजी आक्रमण नेपाल के स्कोरिंग अवसरों को सीमित करने में महत्वपूर्ण साबित हुआ।



ट्राई सीरीज

# चहल का चला जादू, झटके चार विकेट

**मुंबई,** 5 मार्च (एजेंसियां)। भारतीय स्पिनर युजवेंद्र चहल की जादुई गेंदबाजी की बदौलत इनकम टैक्स ने मंगलवार को डीवाई पाटिल यूनिवर्सिटी ग्राउंड में डीवाई पाटिल टी20 कप में केनरा बैंक को 135 रन के बड़े अंतर से हरा दिया। बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद, विशांत मोरे (61) और शेल्डन जैक्सन (32) के बीच दूसरे विकेट के लिए 96 रन की साझेदारी से इनकम टैक्स को अच्छी मदद मिली। बाद में कप्तान महिपाल लोमरोर ने सिर्फ 21 गेंदों पर पांच छक्कों और दो चौकों की मदद से 49 रनों की तेज पारी खेली। अंत में सुमित कुमार ने 18 गेंदों पर चार चौकों और पांच छक्कों की मदद से 53 रनों की बेहतरीन नाबाद पारी खेली। इनकम टैक्स ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 244 रन का विशाल स्कोर बनाया।

इसके जवाब में केनरा बैंक की पारी बिना किसी संघर्ष के सिमट गई और वे 16 ओवर में मात्र 109 रन पर आउट हो गए। गेंद के साथ स्टार चहल (4-22), प्रदीप्त प्रमाणिक (2-24) और सुमित कुमार (2-13) थे। डीवाई पाटिल स्टेडियम में, रिलायंस 1 ने जैन इरिगेशन के खिलाफ 20 ओवर में छह विकेट पर 187 रन बनाए। बल्ले से प्रमुख योगदानकर्ता नमन धीर (55) और तिलक वर्मा (40) थे। जैन के लिए सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज अरशद खान (2-27) और मयंक यादव (2-45) थे।



# सात्विकसाईराज-चिराग, ट्रेसा-गायत्री दूसरे दौर में

**पेरिस,** 5 मार्च (एजेंसियां)। भारतीय शटलर सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने मंगलवार को फ्रेंच ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में मलेशियाई जोड़ी ओंग यू सिन और टीओ ई यी को सीधे गेम में हराकर अगले दौर में प्रवेश किया।

फ्रेंच ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट

फ्रांस की राजधानी में एरेना डे ला चैपल में खेले जा रहे बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 750 इवेंट में भारतीय जोड़ी ने 21-13, 24-22 से जीत हासिल की।



महिला युगल में, ट्रेसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की शीर्ष भारतीय जोड़ी ने हमवतन अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रैस्टो को तीन गेमों के कड़े संघर्ष में 16-21, 21-19, 21-17 से हराकर राउंड 2 में प्रवेश किया। पुरुष एकल में, लक्ष्य सेन जापान के कांता त्सुनेयामा से भिड़ेंगे, जबकि प्रियांशु राजावत दिन के अंत में डेनमार्क के शीर्ष वरीय विक्टर एक्सेलसेन से भिड़ेंगे।

# शाहबाज नदीम ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

**नई दिल्ली,** 5 मार्च (देशबन्धु)। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 500 से अधिक विकेट लेने वाले झारखंड के बाएं हाथ के गेंदबाज शहबाज नदीम ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। नदीम ने कहा कि मैं काफी समय से अपने संन्यास के फैसले पर विचार कर रहा था और अब मैंने यह फैसला किया है कि मैं तीनों प्रारुपों से संन्यास ले रहा हूं। मुझे हमेशा से ऐसा लगता है कि जब आपके पास कोई मोटिवेशन हो तो आप हमेशा खुद को अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करते रहते हैं। हालांकि अब मुझे जब पता है कि भारतीय टीम में मुझे मौका नहीं मिल सकता तो यह बेहतर है कि मैं युवा क्रिकेटरों को मौका दूं। साथ ही अब मैं दुनिया भर की टी-20 लीग में खेलने का भी मन बना रहा हूं।



■ प्रथम श्रेणी क्रिकेट के 140 मैचों में कुल 542 विकेट लिए

नदीम ने भारत के लिए दो टेस्ट मैच खेले। उन्होंने 2019 में रांची में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुकाबले में पर्दापण किया था। इस मैच में उन्होंने चार विकेट लिए थे। इसके बाद उन्हें 2021 में इंग्लैंड के खिलाफ एक मैच खेलने का मौका मिला था। साथ ही आईपीएल में उन्होंने दिल्ली डेयरडेविल्स और सनराइजर्स हैदराबाद की टीम से कुल 72 मैच खेले। उन्होंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट के 140 मैचों में 28.86 की औसत से कुल 542 विकेट लिए हैं। इसके अलावा लिस्ट में 175 और टी20 में उनके नाम 125 विकेट हैं।

उन्होंने कहा कि मैं हमेशा चाहता हूं कि अधिक भावुक होकर कोई फैसला न लिया जाए। मैं 20 साल से झारखंड की टीम से खेल रहा हूं। भले ही हम रणजी ट्रॉफी नहीं जीत पाए हैं लेकिन हमने एक मजबूत टीम की आधारशीला रखी है, जो हर दूसरे-तीसरे वर्ष रणजी या अलग-अलग घरेलू टूर्नामेंट के नॉकआउट में पहुंचती है। आज घरेलू क्रिकेट में कोई भी झारखंड की टीम को हल्के में नहीं लेता है। मुझे ऐसा लगा कि अब मुझे यह काम युवाओं को सौंपना चाहिए और मुझे पूरा विश्वास है कि वह हमारी टीम के लिए आने वाले समय में बड़ी ट्रॉफी जीतेंगे।

नदीम 2015-16 और 2016-17 में रणजी ट्रॉफी के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। इसके अलावा 2018 के विजय हजारे ट्रॉफी में भी वह सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे। साथ ही 2018 के विजय हजारे ट्रॉफी में उन्होंने राजस्थान के खिलाफ सिर्फ 10 रन देकर आठ विकेट लेते हुए विश्व रिकॉर्ड बनाया था। वर्ष 2013 से 2020 तक उन्होंने इंडिया ए के लिए खेलते हुए 28.46 की औसत से सर्वाधिक 83 विकेट भी लिए थे।

# इंडियन वेल्स में डेब्यू करते हुए अंतिम क्वालीफाइंग दौर में पहुंचे सुमित नागल

**इंडियन वेल्स,** 5 मार्च (एजेंसियां)। भारतीय नंबर एक टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने सोमवार को इंडियन वेल्स ओपन के अपने पहले दौर के क्वालीफाइंग मैच में अमेरिकी वाइल्डकार्ड स्टीफन डोस्टानिक पर सीधे सेटों में 6-2, 6-2 से जीत हासिल की और अंतिम क्वालीफाइंग दौर में प्रवेश कर लिया।

इंडियन वेल्स ओपन में अपने पदार्पण पर आठवीं वरीयता प्राप्त नागल ने अद्भुत धैर्य का प्रदर्शन किया और अपने प्रतिद्वंद्वी को पूरे मैच में एक भी ब्रेक प्वाइंट नहीं दिया। अंतिम क्वालीफाइंग दौर में पहुंचते हुए, नागल ने न केवल जीत दर्ज की, बल्कि पुरस्कार राशि में 14,400 अमेरिकी डॉलर भी प्राप्त किए। इंडियन वेल्स में नागल की सफलता उनकी हालिया उपलब्धियों में शामिल है, जिसमें ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में उनकी ऐतिहासिक प्रगति और चेन्नई चैलेंजर्स में उनकी खिताबी जीत शामिल है, जिसने उन्हें शीर्ष 100 रैंकिंग में पहुंचा दिया। मंगलवार को आगामी दूसरे क्वालीफाइंग दौर में नागल का सामना सियोंग-चान होंग से होने वाला है, जो एक रोमांचक मुकाबला होने की उम्मीद है।



# [अर्थ जगत]

**सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| टाटा मोटर्स | 3.52 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 3.06 प्रतिशत |
| एसबीआई | 1.52 प्रतिशत |
| सन फ़ार्मा | 1.41 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 1.26 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| बजाज फिनसर्व | 4.28 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 4.17 प्रतिशत |
| इंफ़ोसिस | 1.93 प्रतिशत |
| टीसीएस | 1.72 प्रतिशत |
| विप्रो | 1.34 प्रतिशत |

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2750-2850 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**शुगर**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3590-3690 |
| चीनी एम | 4150-4250 |
| मिल डिलीवरी | 3470-3570 |
| गुड़ | 4600-4700 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 5500-5600 |
| दाल चना | 6500-6600 |
| मसूर काली | 7350-7450 |
| उड़द दाल | 10000-10100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 12500-12600 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज यथावत रहे। जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

# केंद्र ने 17 राज्यों में शुरू किए 201 सीएनजी स्टेशन

■ भारत की पहली लघु एलएनजी इकाई राष्ट्र को समर्पित
■ हरित अर्थव्यवस्था की दिशा में मोदी सरकार के प्रयास का हिस्सा
■ देशभर में सीएनजी स्टेशनों की कुल संख्या 6,200 से अधिक हो गई



**नई दिल्ली**, 5 मार्च (एजेंसियां)। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को 17 राज्यों में 201 कम्प्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) स्टेशन और मध्य प्रदेश के विजयपुर में भारत की पहली लघु एलएनजी इकाई राष्ट्र को समर्पित की।

यह हरित अर्थव्यवस्था की दिशा में मोदी सरकार के प्रयास का हिस्सा है। ये स्टेशन पारंपरिक ईंधन के हरित विकल्प के रूप में परिवहन क्षेत्र और घरेलू रसोई में सीएनजी के उपयोग को बढ़ावा देंगे और इसे नए क्षेत्रों में उपलब्ध कराएंगे।

स्टेशनों का समर्पण यहां एक समारोह में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया, जिसमें मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी और सार्वजनिक क्षेत्र की प्राकृतिक गैस कंपनी गेल के शीर्ष अधिकारी शामिल हुए। आधिकारिक बयान के मुताबिक, गेल की 15 सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) इकाइयों ने 201 सीएनजी स्टेशन स्थापित किए हैं, जिनमें से 53 स्टेशन गेल गैस लिमिटेड के, 50 इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड के, 43 गेल के और 20 महानगर गैस लिमिटेड के हैं।

बाकी में से चार अवंतिका गैस लिमिटेड के, दो बंगाल गैस कंपनी लिमिटेड के, तीन सेंट्रल यूपी गैस लिमिटेड के, एक गोवा नेचुरल गैस प्राइवेट लिमिटेड के हैं।

ग्रीन गैस लिमिटेड को तीन, हरिद्वार नेचुरल गैस लिमिटेड का एक, पूर्व भारती गैस लिमिटेड के दो, राजस्थान स्टेट गैस प्राइवेट लिमिटेड का एक, त्रिपुरा नेचुरल गैस कंपनी लिमिटेड का एक और एक वडोदरा गैस लिमिटेड का है।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड के 12वें सीजीडी बोली के तहत दिए गए जीए में चल रहे सीजीडी विकास परियोजना के पूरा होने के बाद लगभग पूरे भारत की आबादी और भौगोलिक क्षेत्र को प्राकृतिक गैस तक पहुंच प्राप्त होगी। देशभर में सीएनजी स्टेशनों की कुल संख्या 6,200 से अधिक हो गई है, जबकि घरेलू पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) कनेक्शनों की संख्या लगभग 1.21 करोड़ है।

# आरबीआई ने आईआईएफएल फाइनेंस के शेयर पर लगा लोअर सर्किट

■ अनिश्चितकाल तक रहेगा प्रतिबंध



**नई दिल्ली,5 मार्च (एजेंसियां)।** आरबीआई ने आईआईएफएल फाइनेंस को तत्काल प्रभाव से गोल्ड लोन देने पर रोक लगा दी थी। आरबीआई के आदेश के बाद मंगलवार को आईआईएफएल फाइनेंस के शेयरों में 20 फीसदी का लोअर सर्किट लग गया। शेयर 20 फीसदी गिरावट के साथ 478.50 रुपए पर कारोबार कर रहा है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज ने एक रिपोर्ट में कहा कि हमारा मानना है कि यह आईआईएफएल के लिए एक बड़ा झटका है। इसके गोल्ड लोन का हिस्सा 32 प्रतिशत है और कंपनी द्वारा दिए गए उधार का एक बड़ा हिस्सा गोल्ड लोन में है। चूंकि ये प्रक्रिया-संबंधी खामियां हैं, इसलिए कंपनी गोल्ड लोन पोर्टफोलियो को सुधारने के लिए नियामक के साथ काम कर सकती है। रिपोर्ट में कहा गया, यह प्रतिबंध कब तक प्रभावी रहेगा, इसके बारे में कुछ कहा नहीं जा सकता। आईआईएफएल के मुनाफे पर इस प्रतिबंध का कितना प्रभाव पड़ेगा, यह भी कह पाना मुश्किल है। आरबीआई ने मार्च 2023 तक कंपनी की वित्तीय स्थिति को लेकर किए गए निरीक्षण के निष्कर्षों को भी साझा किया।

## गूगल ने सभी हटाए गए ऐप्स को अस्थायी रूप से किया बहाल

■ सरकार ने की टेक दिग्गज व डिजिटल स्टार्टअप से बातचीत

**नई दिल्ली।** गूगल ने मंगलवार को कहा कि वह सुप्रीम कोर्ट में लंबित अपील वाले डेवलपर्स के सभी डिलिस्टेड ऐप्स को अस्थायी रूप से बहाल कर रहा है, क्योंकि सरकार ने मामले को सुलझाने के लिए टेक दिग्गज और डिजिटल स्टार्टअप से बातचीत की है।

कंपनी के प्रवक्ता ने कहा कि वह विभिन्न अदालतों में स्थापित अपने बिजनेस मॉडल को लागू करने के अपने अधिकार को बरकरार रखे हुई है। उन्होंने कहा कि हम अंतरिम में अपनी पूरी लागू सेवा शुल्क का भुगतान करेंगे और इन कंपनियों के लिए भुगतान की समय-सीमा बढ़ा रहे हैं। सर्च इंजन गूगल ने आगे कहा कि वह सभी पक्षों की जरूरतों का सम्मान करने वाले समाधान खोजने के लिए सहयोगात्मक प्रयास की उम्मीद करता है। इससे पहले दिन में, केंद्रीय आईटी और दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि गूगल इस मुद्दे को हल करने के लिए सहमत हो गया है और 10 कंपनियों से संबंधित सभी ऐप्स को बहाल करेगा।

# खाद्य तेल सहित सभी जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली**,5 मार्च (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर मांग सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मार्च का पाम ऑयल वायदा 23 रिंगिट चढ़कर 4040 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं, मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.23 सेंट की गिरावट के साथ 44.94 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। इस दौरान सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले स्तर पर टिके रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़ी रही।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

# यूपी में फास्ट एंप्लॉयमेंट जेनरेट करने वाला सेक्टर बन रहा एफएमसीजी



■ एफएमसीजी सेक्टर के तहत कई बड़े लीडर्स यूपी के बाजार उतरने के लिए तैयार
■ ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के तहत इस सेक्टर में हजारों करोड़ रुपए के निवेश का दावा

**लखनऊ,** 5 मार्च (एजेंसियां)। फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स (एफएमसीजी) उत्तर प्रदेश में फास्ट एंप्लॉयमेंट जेनरेट करने वाला सेक्टर बनने की राह पर है। एफएमसीजी सेक्टर के तहत देश और दुनिया के कई बड़े लीडर्स उत्तर प्रदेश के बड़े बाजार में खुद को उतारने के लिए तैयार हैं। हाल ही में संपन्न हुई ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी 4.0) के तहत इस सेक्टर में हजारों करोड़ रुपए के निवेश का दावा किया जा रहा है।

सरकार की ओर से मिली जानकारी के अनुसार एफएमसीजी सेक्टर में जो बड़े इन्वेस्टमेंट्स धरातल पर उतरे हैं, उनमें वरुण बेवरेजेज लिमिटेड का प्रोजेक्ट भी शामिल है। इसने पूर्वांचल, बुंदेलखंड और मध्यांचल क्षेत्रों (प्रयागराज, गोरखपुर, अमेठी, चित्रकूट) में फ्रूट पल्प, फ्रूट जूस आधारित ड्रिंक्स, बेवरेजेस पर आधारित सिरप और पैकेजिंग प्रोडक्ट्स के प्रोडक्शन के लिए मैन्युफैक्चरिंग प्लांट विकसित करने के लिए 3,500 करोड़ रुपए का निवेश किया है। इससे 1,500 से अधिक रोजगार के अवसर पैदा होने का अनुमान है।

इसी तरह, मून बेवरेजेज लिमिटेड ने हापुड़ (पश्चिमांचल) में कार्बोनेटेड सॉफ्ट ड्रिंक्स और जूस बनाने के लिए एक इंटीग्रेटेड ग्रीनफील्ड फैक्ट्री स्थापित करने हेतु 756 करोड़ रुपए का निवेश किया है। अत्याधुनिक तकनीक के माध्यम से तैयार किए जाने वाली यह अत्याधुनिक मैन्युफैक्चरिंग फैक्ट्री 752 से अधिक नौकरियां सृजित करेगी। इसके तहत यूपी में लग रहे प्रोजेक्ट्स के अंतर्गत भारतीय बेवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड और रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड के ज्वॉइंट वेंचर्स ने मुजफ्फरनगर (पश्चिमांचल) में 600 करोड़ रुपए का निवेश किया है, इस निवेश से क्षेत्र में 500 से अधिक नौकरियों के अवसर पैदा हो रहे हैं।

वहीं, बालाजी वेफर्स प्राइवेट लिमिटेड ने हरदोई (मध्यांचल) में इंटीग्रेटेड फूड प्रॉसेसिंग यूनिट स्थापित करने के लिए 500 करोड़ रुपए का निवेश धरातल पर उतारा है, जिससे 1,500 नौकरियों के अवसर पैदा होंगे।

**सार संक्षेप**

## फरवरी में कोयला उत्पादन 11.83 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** कोयला मंत्रालय द्वारा मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, देश का कोयला उत्पादन फरवरी में 11.83 प्रतिशत बढ़कर 96.6 मिलियन टन हो गया। पिछले साल इसी महीने में यह आंकड़ा 86.38 मीट्रिक टन था। सार्वजनिक क्षेत्र की दिग्गज कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) का उत्पादन फरवरी 223 में 68.78 मीट्रिक टन से 8.69 प्रतिशत बढ़कर 74.76 मीट्रिक टन हो गया। फरवरी 224 तक चालू वित्तीय वर्ष के 11 महीनों के लिए संचयी कोयला उत्पादन में 12.14 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। वित्त वर्ष 22-23 की समान अवधि के दौरान 785.39 मीट्रिक टन की तुलना में प्रतिशत बढ़कर 88.72 मीट्रिक टन हो गया। कोयला मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, इसके अतिरिक्त, इस साल फरवरी में कोयले के परिवहन में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई, जो फरवरी 223 में दर्ज 74.61 मीट्रिक टन की तुलना में 13.63 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ 84.78 मीट्रिक टन तक पहुंच गया।

## रुपया एक पैसे मजबूत

**मुंबई।** आयातकों और बैंकरों की बिकवाली की बदौलत आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया एक पैसे बढ़कर 82.89 रुपए प्रति डॉलर हो गया। वहीं, इसके पिछले कारोबारी दिवस रुपया 82.9 रुपए प्रति डॉलर रहा था। शुरुआती कारोबार में रुपया 82.9 रुपए प्रति डॉलर पर सपाट खुला सत्र के दौरान लिवाली होने से यह 82.93 रुपए प्रति डॉलर के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, बिकवाली होने से यह 82.86 रुपए प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले दिवस के 82.9 रुपए प्रति डॉलर के मुकाबले एक पैसे बढ़कर 82.89 रुपए प्रति डॉलर हो गया।

## लुब्रिज़ोल ने भावना बिन्द्रा को बनाया प्रबंध निदेशक

**नई दिल्ली।** लुब्रिज़ोल कॉर्पोरेशन ने भावना बिन्द्रा को इंडिया, मिडल ईस्ट एण्ड अफ्रीका का प्रबंध निदेशक नियुक्त किया है। अपनी नई नियुक्ति में भावना बिन्द्रा लुब्रिज़ोल के विकास के लक्ष्यों को पूरा करने में योगदान देंगी। उद्योग में दो दशकों से अधिक अनुभव तथा रेहाउ एवं क्युमिन्स इंडिया के साथ काम करने के बाद सुश्री बिंद्रा अपने नेतृत्व एवं विशेषज्ञता का उपयोग कर क्षेत्र में लुब्रिज़ोल के विकास में योगदान देंगीं।

## लावा ने लॉन्च किया 64 एमपी कैमरा

**नई दिल्ली।** घरेलू स्मार्टफोन ब्रांड लावा ने मंगलवार को एक नया स्मार्टफोन - ब्लेज़ कर्व 5जी लॉन्च किया, जिसमें 64 एमपी कैमरा और 6.67-इंच 12एचजेड 3डी कर्व्ड एमोलेड डिस्प्ले है। 17,999 रुपए से शुरु होने वाला यह स्मार्टफोन दो कलर वेरिएंट - आयरन ग्लास और विरिडियन ग्लास में आता है। यह 11 मार्च से अमेजन.इन, लावा ई-स्टोर और लावा रिटेल नेटवर्क पर खरीदने के लिए उपलब्ध होगा।

# शेयर बाजार में लगातार तीन दिन की तेजी थमी


■ सेंसेक्स 195.16 अंक की गिरावट लेकर 73,677.13 अंक व निफ्टी 49.30 अंक टूटकर 22,356.30 अंक पर बंद
■ बीएसई में कुल 3933 कंपनियों के शेयरों में हुआ कारोबार

**मुंबई**, 5 मार्च (एजेंसियां)। चीनी संसद के वार्षिक सत्र की शुरूआत में किसी बड़ी प्रोत्साहन योजना की घोषणा नहीं होने से विश्व बाजार में आई गिरावट से निराश निवेशकों की स्थानीय स्तर पर एफएमसीजी, आईटी और टेक समेत दस समूहों में हुई बिकवाली के दबाव में आज शेयर बाजार की लगातार तीन दिन की तेजी थम गई।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 195.16 अंक की गिरावट लेकर 73,677.13 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 49.30 अंक टूटकर 22,356.30 अंक रह गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.17 प्रतिशत फिसलकर 39,957.82 अंक और स्मॉलकैप 0.63 प्रतिशत लुढ़ककर 45,206.84 अंक पर बंद हुआ।

इस दौरान बीएसई में कुल 3933 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2579 में बिकवाली जबकि 1262 में लिवाली हुई वहीं 92 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 29 कंपनियों में गिरावट जबकि शेष 21 में तेजी रही।

बीएसई के 10 समूहों में बिकवाली हुई। इससे कमोडिटीज 0.22, एफएमसीजी 1.02, वित्तीय सेवाएं 0.23, हेल्थकेयर 0.14, इंडस्ट्रियल्स 0.44, आईटी 1.61, कैपिटल गुड्स 0.37, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.36, टेक 0.89 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.03 प्रतिशत गिर गए। वहीं, ऊर्जा 0.55, यूटिलिटीज 0.65, ऑटो 1.30, तेल एवं गैस 0.66 और पावर समूह के शेयर 0.47 प्रतिशत मजबूत रहे।



बीएसई सेंसेक्स 5 मार्च 2024

अधिकतम गिरावट

खुला 73,767.42 | बंद 73,677.13 | पिछला बंद 73,872.29 | बदलाव: -195.16 (0.26%)

| | अंतिम भाव ₹ में | % बदलाव |
|---|---|---|
| बजाज फिनसर्व | 1,550.05 | -4.28 |
| बजाज फाइनेंस | 6,325.25 | -4.17 |
| इंफोसिस | 1,606.20 | -1.93 |
| नेस्ले इंडिया | 2,539.30 | -1.88 |
| टीसीएस | 4,011.35 | -1.72 |
| अल्ट्रा टेक | 9,839.20 | -1.45 |
| विप्रो | 513.30 | -1.34 |
| एचसीएल टेक | 1,619.65 | -1.05 |
| एल एंड टी | 3,611.10 | -0.90 |
| टाटा स्टील | 151.85 | -0.82 |

KBK Infographics

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गिरावट का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.32, जर्मनी का डैक्स 0.33, जापान का निक्केई 0.03 और हांगकांग का हैंगसेंग 2.61 प्रतिशत लुढ़क गया जबकि चीन के शंघाई कम्पोजिट में 0.28 प्रतिशत की बढ़त रही।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 105 अंक की गिरावट लेकर 73,767.42 अंक पर खुला और बिकवाली के दबाव में दोपहर से पहले 73,412.25 अंक के निचले स्तर तक टूट गया। वहीं लिवली के बल पर दोपहर बाद यह 73,915.54 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। अंत में पिछले दिवस के 73,872.29 अंक की तुलना में 0.26 प्रतिशत उतरकर 73,677.13 अंक रह गया। इसी तरह निफ्टी 34 अंक फिसलकर 22,371.25 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,269.15 अंक के निचले जबकि 22,416.90 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 22,405.60 अंक के मुकाबले 0.22 प्रतिशत गिरकर 22,356.30 अंक पर आ गया।

इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली प्रमुख कंपनियों में बजाज फिनसर्व 4.28, बजाज फाइनेंस 4.17, इंफ़ोसिस 1.93, टीसीएस 1.72, विप्रो 1.34, एचसीएल टेक 1.05, एलटी 0.90, टाटा स्टील 0.82, टेक महिंद्रा 0.78, आईटीसी 0.73, एक्सिस बैंक 0.52, रिलायंस 0.44, आईसीआईसीआई बैंक 0.34 और जेएसडब्ल्यू स्टील 0.15 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, टाटा मोटर्स 3.52, भारती एयरटेल 3.06,

# एनएआर इंडिया व जीएआर ने किया कार्यक्रम आयोजित



■ देश व दुनिया भर से 1200 से अधिक इंडस्ट्री लीडर्स, दूरदर्शी व एक्सपर्ट्स एक मंच पर हुए इकट्ठा

**नई दिल्ली**,5 मार्च (एजेंसियां)। नार्विगेट 2024 - एक अभूतपूर्व इंडस्ट्रीयल रियल एस्टेट कन्वेंशन और वेयरहाउसिंग कॉन्क्लेव के रूप में एनएआर इंडिया और जीएआर के ऐतिहासिक गठबंधन ने एक अद्वितीय सफलता हासिल की है, जिसका आयोजन गोवा की मनमोहक पृष्ठभूमि पर किया गया। इस कार्यक्रम ने न केवल 16वें एनएआर-इंडिया नेशनल कन्वेंशन को चिन्हित किया बल्कि संगठन की ऐसी शक्ति के रूप में प्रमाणित कर स्थापित किया जो परिवर्तन लाने में सक्षम है। इसमें पूरे भारत और दुनिया भर से 1200 से अधिक इंडस्ट्री लीडर्स, दूरदर्शी और एक्सपर्ट्स एक मंच पर इकट्ठा हुए।

पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश प्रभु ने अपने संबोधन में इस बात पर बल देते हुए कहा कि रियल एस्टेट भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने वाली आधार शिला के रूप में कार्य करता है और एक दूरदर्शी सोच रखने वाली सरकार के साथ उन्नाति और नवाचार, आवश्यक और प्राप्त करने योग्य है। इसके साथ ही उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि इस तरह की सभाएं व्यावसायिक गतिविधियों और क्षेत्र विशेष के लेनदेन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

विशेष अतिथि के रूप में परिवहन मंत्री मॉविन गोडिन्हो ने भी प्रतिभागियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा, गोवा रियल एस्टेट क्षेत्र

# पब्लिशरों ने की कस्टम ड्यूटी माफ करने की मांग



**नई दिल्ली,**5 मार्च (एजेंसियां)। इंडियन न्यूजपेपर सोसाइटी (आईएनएस) ने सरकार से अखबार के लिए इस्तेमाल होने वाले कागज पर 5 प्रतिशत सीमा शुल्क माफ करने का आग्रह किया है। लागत में वृद्धि के कारण प्रकाशक वित्तीय तनाव झेल रहे हैं।

**लागत में वृद्धि के कारण प्रकाशक झेल रहे वित्तीय तनाव**

आईएनएस ने कहा कि भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं, लॉजिस्टिक्स, रुपए के मूल्यह्रास और सीमा शुल्क जैसे कारकों ने कुल मिलाकर अखबार के कागज की कीमत और उपलब्धता को प्रभावित किया है, जिससे प्रकाशकों के लिए एक बड़ा बोझ पैदा हो गया है। आईएनएस प्रेसिडेंट राकेश शर्मा के हवाले से एक बयान में कहा गया कि पश्चिम एशिया में संघर्ष बढ़ने और रूस-यूक्रेन युद्ध ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला पर काफी प्रभाव डाला है। इसमें कहा गया है कि लाल सागर क्षेत्र में जहाजों को लगातार निशाना बनाने से भी स्थिति बिगड़ गई है, जिससे अखबारी कागज सहित आवश्यक वस्तुओं के परिवहन में बाधा पैदा हो रही है।

# स्विगी ने ट्रेनों में भोजन वितरण के लिए आईआरसीटीसी के साथ मिलाया हाथ

■ सेवा का विस्तार 59 सिटी स्टेशनों तक होने की संभावना

**नई दिल्ली**, 5 मार्च (एजेंसियां)। ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म स्विगी ने मंगलवार को कहा कि कंपनी ने ट्रेनों में फूड डिलीवरी सेवा प्रदान करने के लिए भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

समझौता ज्ञापन के मुताबिक, स्विगी बेंगलुरु, भुवनेश्वर, विशाखापत्तनम और विजयवाड़ा से यात्रा करने वाले ट्रेन यात्रियों को भोजन वितरित करेगी। कंपनी ने कहा कि आने वाले हफ्तों में इस सेवा का विस्तार देश भर के 59 अतिरिक्त सिटी स्टेशनों तक होने की संभावना है।

स्विगी के सीईओ रोहित कपूर ने बयान जारी कर कहा कि अगर इन रेल यात्राओं के दौरान, जो राज्यों और जिलों से होकर गुजरती हैं, किसी के पास भारत की पाक विविधता का पता लगाने के लिए भोजन ऑर्डर करने का विकल्प है, तो यह अनुभव को अधिक सुविधाजनक और आनंददायक बना देगा। स्विगी के माध्यम से प्री-ऑर्डर की गई भोजन सेवाओं का लाभ उठाने के लिए यात्रियों को आईआरसीटीसी ऐप पर





**स्विगी के माध्यम से प्री-ऑर्डर की गई भोजन के लिए यात्रियों को आईआरसीटीसी ऐप पर पीएनआर डालना होगा : रोहित कपूर**

पीएनआर डालना होगा। भोजन वितरण के लिए पसंदीदा स्टेशन का चयन करना होगा। ऐप पर रेस्तरां की विस्तृत सूची ब्राउज़ करनी होगी और एक रेस्तरां चुनना होगा जो भोजन वितरित कर रहा हो।

आईआरसीटीसी के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक संजय कुमार जैन ने कहा कि स्विगी के साथ यह साझेदारी हमारे यात्रियों के लिए अधिक सुविधा और भोजन विकल्प लाएगी, जिससे उनकी यात्राएं और अधिक यादगार बन जाएंगी। इसके अलावा, कंपनी ने बताया कि यात्रियों को दिया जाने वाला खाना गर्म और ताजा रखने के लिए इंसुलेटेड स्विगी बैग में पैक किया जाएगा।

## कॉग्निजेंट के सीईओ रवि कुमार एस यूएसआईएसपीएफ निदेशक मंडल में शामिल




**नई दिल्ली।** यूएस-इंडिया स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप फोरम (यूएसआईएसपीएफ) ने मंगलवार को बताया कि कॉग्निजेंट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) रवि कुमार एस. इसके निदेशक मंडल में शामिल हो गए हैं। यूएसआईएसपीएफ गैर-सरकारी और गैर-लाभकारी संगठन है। संगठन के अनुसार, रवि कुमार एस. ट्रांसयूनियन और यूएस चैंबर ऑफ कॉमर्स के निदेशक मंडल के सदस्य भी हैं। इसके अलावा वह न्यूयॉर्क एकेडमी ऑफ साइंसेज के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स में भी हैं।

# को-ऑपरेटिव बैंक बेलतरा में उठाईगिरी के मामले में बिलासपुर पुलिस को मिली बड़ी सफलता

## घटना में प्रयुक्त टीव्हीएस रायडर मोटर सायकल व नगदी रकम 13,500 रूपये बरामद

### मध्यप्रदेश के नट गैंग के तीन आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर**, 5 मार्च (देशबन्धु)। जिला सहकारी बैंक बेलतरा से 50 हजार रूपये नगदी रकम निकालकर जा रहे ग्रामीण किसान के मोटर साईकिल के डिक्की से उठाईगिरी करने वाले गिरोह के 03 सदस्यों को गिरफ्तार करने में बिलासपुर पुलिस को सफलता मिली है। गिरोह के अन्य 03 सदस्य फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। पुलिस ने बताया कि प्राथी शंकर सिंह टेकाम पिता स्व. टूलसिंह टेकाम उम्र 55 वर्ष निवासी धौरामुड़ा थाना रतनपुर के द्वारा थाना रतनपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 20.02.2022 को जिला सहकारी बैंक बेलतरा से 50 हजार रूपये नगदी रकम निकालकर कपड़ा खरीदने दुकान में गया था तभी अज्ञात अरोपियों द्वारा प्रार्थी के मो.सा. के डिक्की को तोड़कर डिक्की में रखे 50000 रूपये को चोरी कर लिया गया है। मामले में थाना रतनपुर में अपराध क्र. 154/2024 धारा 379, 34 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ किया गया। पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह से प्राप्त निर्देश के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्रीमती अर्चना झा, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कोटा सिद्धार्थ बघेल, नोडल अधिकारी सायबर सेल कृष्ण कुमार पटेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रतनपुर प्रशिक्षु आईपीएस अजय कुमार के नेतृत्व में विशेष टीम के द्वारा उठाईगिरी के मामले में अज्ञात आरोपियों की तलाश प्रारंभ की गई। ारोपी जितेन्द्र उर्फ जित्तु कंजर पिता जगदीश प्रसाद कंजर उम्र 35 वर्ष निवासी चुवाही छान्दा थाना मझोली जिला सीधी (म.प्र.),रवि कंजर पिता जगदीश प्रसाद कंजर उम्र 27 वर्ष निवासी चुवाही छान्दा थाना मझोली जिला सीधी (म.प्र.)रन्नो उर्फ रंजीत कंजर पिता रामसेवक कंजर उम्र 40 वर्ष निवासी भोलगढ़ थाना अनुपपुर जिला अनुपपुर (म.प्र.) को पकड़ा गया। घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल एवं नगदी रकम 13500 रूपये जब्त मामले में आरोपीगण ने बताया है कि ग्रामीण से उठाईगिरी किये गये रकम में से प्रत्येक व्यक्ति को आठ हजार रूपये हिस्सा मिला था। जिनमें से कुछ रकम खर्च कर दिये है। आरोपी जितेन्द्र कंजर से घटना में प्रयुक्त 01 टीव्हीएस रायडर मो.सा. नगदी 5000 रूपये आरोपी रवि कंजर से 4500 रूपये एवं रंजित उर्फ रन्नो से 4000 रूपये कुल 13500 रूपये जप्त किया गया है। शेष फरार आरोपियों की तलास की जा रही है। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक देवेश राठौर, प्रभारी एसीसीयू उप निरीक्षक कृष्णा साहू, प्र.आर. देवमुन पुहुप, बलबीर सिंह, आर. सरफराज खान, बोधुराम कुम्हार, विरेन्द्र गंधर्व, निखिल राव जाधव, सुरेन्द्र सिंह पोर्ते, प्रशान्त राठौर, विकास राम, थाना रतनपुर से प्र.आर. विकास सेंगर, आर. दीपक मरावी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।



**150 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए**

को-ऑपरेटिव बैंक में लगे सीसीटीव्ही कैमरों के अवलोकन पर पाया गया कि 02 आरोपी ग्रामीण वेशभूषा में बैंक के अंदर बैठे हुए हैं, अन्य 04 आरोपी दो अलग-अलग मोटर साईकिलों में बैंक के आसपास घूम रहें है, जैसे ही प्रार्थी बैंक से रकम आहरण कर बैंक से बाहर निकलता है, अंदर ग्रामीण वेशभूषा में बैठे हुए आरोपियों से कुछ इशारा मिलते ही मोटर साईकिल सवार आरोपी ग्रामीण के पीछे जाते हुए दिखाई देते हैं। घटना स्थल के आसपास अन्य कैमरे न होने से आरोपीगण का पता नहीं चल सका किंतु बैंक से प्राप्त सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर घटना स्थल के पास से निकलने वाले सभी रास्तों पर लगभग 20 किमी. एरिया में लगे सभी सीसीटीव्ही कैमरों के फुटेज चेक किए गए, पाया गया कि आरोपीगण खण्डोवा मंदिर, कलमीटार, जोगीपुर होकर कोटा की ओर गए हैं। इस आधार पर रास्ते में सभी सीसीटीव्ही कैमरों की चेकिंग की गई, किंतु हर रास्ता आगे जाकर तीन या चार रास्तों में विभक्त हो जाता है, जिससे टीम को सभी रास्तों के कैमरों को चेक करना पड़ा अंततः आरोपीगण को-ऑपरेटिव बैंक, कोटा के पास भी रेकी करते हुए मिले, किंतु आगे कैमरा न होने से आरोपीगण आगे किस रास्ते से होकर भागे पता नही चल पाया। टीम के सदस्यों द्वारा मुंगेली एवं गौरेला-पेन्ड्रा की ओर जाने वाले रास्तों पर लगे कैमरों की चेकिंग की गई पर आरोपीगण का पता नहीं चल पाया।

**सोशल मीडिया पर वायरल किए गए वीडियो से हुई आरोपियों की पहचान**

पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के निर्देश पर को-ऑपरेटिव बैंक, बेलतरा में आरोपीगण का प्राप्त फुटेज को सायबर सेल द्वारा विभिन्न जिलों के साईबर सेल एवं नेशनल सायबर क्राईम ग्रुप में वायरल किया गया था, वीडियो को देखकर ग्रुप के सदस्यों द्वारा आरोपीगण को थाना मझौली जिला सीधी म.प्र. एवं थाना व्यौहारी जिला शहडोल म.प्र. निवासरत् नट गिरोह के होने की संभावना जाहिर किया गया था। इस संभावना के आधार पर टीम द्वारा स्थानीय मुखबिरों को सीसीटीव्ही फुटेज भेजकर पहचान कराया गया तब थाना मझौली क्षेत्र के स्थानीय मुखबिर ने आरोपी जितेन्द्र कुमार उर्फ जीतू कंजर की पहचान की गई।

**आरोपियों को शहडोल से हिरासत में लिया गया**

मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना मझौली एवं थाना व्यौहारी क्षेत्र में जाकर आरोपीगण की तलाश किया जा रहा था किंतु आरोपीगण शातिर किस्म के हैं। घटना घटित करने के बाद किराये के मकान या रिस्तेदारों के घर में रहते हैं, जिससे पुलिस टीम को आरोपीगण के तलाश में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ा तीन दिन तक कैंप कर आरोपीगण की तलास की गई। अन्ततः तीन आरोपीगण को पकड़ने में सफलता मिली।

**6आरोपियों ने गिरोह बनाकर घटना को दिया अंजाम**

पूछताछ में अरोपीगण ने बताया कि जितेन्द्र उर्फ जितु कंजर गिरोह का मुखिया है जिसका भाई रवि कंजर, दोस्त उमेश, रंजित उर्फ रन्नो, लहरू एंव मखाडू गिरोह के सदस्य है। जिस स्थान पर घटना घटित करना होता है, वहां रजित उर्फ रन्नों एवं रवि कंजर ग्रामीण के वेश भूषा में बैंक के अन्दर जाकर रकम निकाल रहे ग्राहको की रेकी करते है, रवि कंजर, उमेश, लहरू, मखाडू मोटर सायकल में पीछा करते है और जहां मौका मिलता है वहां से रकम उठाईगिरी कर भाग जाते है।

**ग्रामीण परिवेश के लोगो को बनाते थे निशाना**

आरोपीगण ने पूछताछ पर बताया कि उठाईगिरी करने के लिए बैंको के आसपास रेकी कर सबसे पहले सीधे साधे एवं ग्रामीण परिवेश के लोगो की पहचान करते है और जो व्यक्ति भोला भाला प्रतीत होता है उसका पीछा कर मौका मिलते ही रकम लेकर फरार हो जाते है।

# साहित्य एवं प्रकृति एक दूसरे के पूरक हैं- कुलपति



### सीयू में हिंदी विभाग के नवीन भारतेंदु भवन प्रांगण में हुआ पौधारोपण कार्यक्रम

**बिलासपुर**, 5 मार्च (देशबन्धु)। गुरू घासीदास विश्वविद्यालय (केन्द्रीय विश्वविद्यालय) के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल ने हिंदी विभाग को प्रदत्त नवीन भारतेंदु भवन के प्रांगण में पौधारोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि साहित्य और प्रकृति एक दूसरे के पूरक होने के साथ ही मानव सभ्यता के लिए परम आवश्यक हैं।

भारतेंदु भवन में प्रथम कदम के रूप में दिनांक 05 मार्च, 2024 को कुलपति प्रोफेसर चक्रवाल द्वारा वसंत के प्रतीक मंजरियों से युक्त आम के पौधों का रोपण किया गया। उन्होंने कहा कि जिस तरह फलों में आम राजा है, उसी तरह हिंदी साहित्य में भारतेंदु हरिश्चंद्र का नाम है। वे आधुनिक हिंदी साहित्य के स्तंभ हैं। कुलपति प्रोफेसर चक्रवाल ने हिंदी के प्रति अपने अनुराग को व्यक्त करते हुए बताया कि हिंदी हिंदुस्तान की प्रतिनिधि भाषा है। इसमें सबको समाहित करने ही अपार संभावना है। भारतेंदु हरिश्चंद्र के नाम पर स्थापित यह हिंदी भवन निश्चित ही हिंदी साहित्य के क्षेत्र में प्रखर साहित्यकारों की कर्मस्थली बनेगा।

उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा पौधोरपण कर प्राकृतिक वातावरण का निर्माण करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाहन करें साथ ही वृक्षों में निहित परोपकार की भावना को आत्मसात करें।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. मनीष श्रीवास्तव, प्रो. अतनु महापात्रा समन्वयक आईक्यूएसी केन्द्रीय विश्वविद्यालय गुजरात, हिंदी विभाग की अध्यक्ष डॉ. गौरी त्रिपाठी, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. शैलेन्द्र कुमार, प्रो. भारती अहिरवार, प्रो. अनुराग चौहान तथा हिंदी विभाग के शिक्षकों व विद्यार्थियों ने भी पौधारोपण किया।उल्लेखनीय है कि केन्द्रीय ग्रंथालय के सामने स्थित भवन को हिंदी विभाग को प्रदान किया गया है। जिसका नामकरण प्रख्यात साहित्यकार, आधुनिक हिंदी के जनक भारतेंदु हरिश्चंद्र के नाम पर (भारतेंदु भवन) किया गया है।

## सार-संक्षेप

### श्रीसूर्या पुष्पा फाउंडेशन ने वृद्धाश्रम में काटा केक



**बिलासपुर,** 5 मार्च (देशबन्धु)। श्रीसुर्या पुष्पा फाउंडेशन के छत्तीसगढ़ प्रेसीडेंट बनाये गए डॉक्टर रमेश वैष्णव साथ ही वृद्धाआश्रम में जन्मदिन भी मनाया गया। फाउंडेशन लगातार तीसरे साल प्रवेश कर गया है और 400 से ज्यादा अलग अलग सोशल एक्टविविटी कर चुका है जिसमे 3000 पौधरोपण रक्तदान शिविर हेल्थ कैम्प बिलासपुर पुलिस के साथ मिलकर निजात अभियान महिला कमांडो की स्थापना महिला सशक्तिकरण पर जोर ओर बच्चों को मोबाइल से दूर करने का अभियान शामिल और फाउंडेशन की स्थापना वृद्धाश्रम का निर्माण करना है जो पहली प्राथमिकता है ।इसी कड़ी में आज फाउंडेशन के छत्तीसगढ़ प्रेसीडेंट डॉक्टर रमेश वैष्णव को बनाया गया साथ जन्मदिन में केक काटकर सेलिब्रेट किया गया ओर बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त हुआ। जैसा कि सभी को मालूम होगा फाउंडेशन के डायरेक्टर गौरव शुक्ला द्वारा सभी मेम्बर का जन्मदिन वृद्धाश्रम में मनाते है ।ताकि बुजुर्गों को अच्छा लगे उनसे आशीर्वाद मिले ये उनकी हमेशा पहल रहती है। इसके साथ ही 4 लोगो को फाउंडेशन मे जोड़ा गया रवि यादव , नरेन्द्र प्रजापति, रामानंद कौशिक, सत्येन्द्र प्रजापति आज के प्रोगम में जो शामिल हुये उसमे फाउंडेशन के डायरेक्टर गौरव शुक्ला राधव साहू छत्तीसगढ़ प्रेसिडेंट रमेश वैष्णव मौजूद थे।

### शांता फाउंडेशन दे रहा निशुल्क हर्बल गुलाल बनाने का प्रशिक्षण



**बिलासपुर** , 5 मार्च (देशबन्धु)। शांता फाउंडेशन की नई पहल स्वावलंबी योजना के तहत जरूरतमंद महिलाओं को स्वालंबी बनाए जाने हेतु शांता फाउंडेशन के वरिष्ठ सदस्य डी विनीता राव के माध्यम से हर्बल गुलाल बनाने की निःशुल्क प्रशिक्षण दिनाँक 06.03.2024 स्थान-आनंद चिल्ड्रन हॉस्पिटल के पास मेंन रोड तोरवा में रखा गया। शांता फाउंडेशन के संस्थापक समाजसेवी,गौसेवक नीरज गेमनानी का कहना है की शांता फाउंडेशन हमेशा से किसी न किसी पर्व में जरूरतमंद महिलाओं एवं पुरुषों को स्वालंबन योजना के तहत स्वालंबी बनाने के लिए विशेष अभियान चलाते रहते हैं । इसी अभियान के क्रम में हर्बल गुलाल होली के पर्व को देखते हुए जरूरतमंद महिलाओं को प्रशिक्षण प्रदान करवाया गया। शांता फाउंडेशन परिवार से सृष्टि सिंह उपस्थित रही।

### जे पी वर्मा के विद्यार्थियों द्वारा एनटीपीसी प्लांट विजिट

**बिलासपुर,** 5 मार्च (देशबन्धु)। शासकीय जे पी वर्मा महाविद्यालय बिलासपुर में प्राचार्य डा एस एल निराला के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में तथा विभागाध्यक्ष डॉ. के के भंडारी कि प्रेरणा से निरंतर विद्यार्थी हित मे अभिनव कार्य किए जा रहे है। इसी कड़ी मे महाविद्यालय के कॉमर्स एंड मैनेजमेंट डिपार्टमेंट के विद्यार्थियों के द्वारा दिनांक 29 फरवरी, 2024 को एनटीपीसी प्लांट सीपत का इंडस्ट्रियल/ एजुकेशनल विजिट किया गया। इस विजिट में विद्यार्थियों ने प्लांट के मैनेजमेंट कार्य विधियों एवं प्लांट के संचालन प्र याओं का अवलोकन किया। एनटीपीसी सीपत प्लांट के क्षेत्रीय ज्ञानार्जन केंद्र मे जनरल मैनेजर श्री आलोक त्रिपाठी जी ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के द्वारा एनटीपीसी के सम्पूर्ण क्रियाओं से विद्यार्थियों को परिचित कराया।

# आत्मानंद स्कूल में छात्रों को फोटोकॉपी प्रश्न पेपर बांटा

### एनसयूआई ने कलेक्टर को सौपा ज्ञापन

**बिलासपुर,** 5 मार्च (देशबन्धु)। खपरगंज स्थित आत्मानंद लाला लाजपतराय स्कूल में आज 11वीं कक्षा की परीक्षा आयोजित की गई थी, जिस परीक्षा में छात्रों को हाथ से लिखा हुआ पेपर की फोटोकॉपी प्रश्न पत्र का वितरण किया गया। जो की स्कूल प्रबंधन की लापरवाही है, इस पर किया जा रहा है,आत्मानंद स्कूल में विभिन्न प्रकार के मद होते जिसके माध्यम से यहां खर्च किया जाता है, लेकिन छात्रों के लिए प्रश्न पत्र छपवाने के लिए खर्च नहीं किया जा रहा है। पहले आत्मनन्द स्कूलो का संचालन कलेक्टर की निगरानी में होता था। लेकिन अब जिला शिक्षा अधिकारी कर रहे है. यही वजह है की स्कूलो के प्राचार्य और शिक्षकों द्वारा घोर अनियमितता की जा रही है. इस पर प्रशासन द्वारा कारवाई नहीं की गई तो



एनसयूआई के प्रदेश महासचिव अर्पित केशरवानी के नेतृत्व में कलेक्टर को ज्ञापन सौपा है और सख्त कारवाई करने मांग की है ।इन्होने कहा की प्राचार्य के द्वारा गोपनीयता का उल्लघंन किया गया है। जो की छात्रों के भविष्य के साथ सीधे तोर पर खिलवाड़ एनसयूआई सड़क पर उतरकर उग्र आंदोलन करेंगी आज के इस कार्यक्रम में प्रदेश सचिव देवाशीष सिंह,जिला उपाध्यक्ष गौरव सिंह परिहार, जिला सचिव रिहान रात्रे,सचिव रिहान अली, अमित पांडेय, तौफीक खान व अन्य छात्र उपस्थित रहे।

# पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन 14 तक

**बिलासपुर,** 5 मार्च (देशबन्धु)। जिले के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के ऐसे विद्यार्थी जो पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते है, उनके लिए पुनः पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति पोर्टल ऑन हुआ है। ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने अपना आवेदन नही किया है वे 14 मार्च 2024 तक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। इसी प्रकार जो विद्यार्थी बिलासपुर जिले के निवासी है और छत्तीसगढ़ राज्य के बाहर पढ़ाई कर रहे हैं वे 15 मार्च से 26 मार्च तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं (नया एवं नवीनीकरण)। इसी प्रकार ड्राफ्ट प्रोपोजल लॉक करने की अंतिम तिथि 19 फरवरी से 28 मार्च 2024 तक एवं सेक्शन ऑर्डर लॉक करने की अंतिम तिथि 19 फरवरी से 30 मार्च 2024 तक है। यह पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति जिले में संचालित सभी शासकीय, अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग, मेडिकल एवं नर्सिंग कॉलेजों, आईटीआई, पालीटेक्निक के विद्यार्थियों के लिए है। शिक्षा सत्र 23-24 हेतु ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं से उच्चतर) के पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही वेबसाइट पर की जा रही है।

# दुर्घटना रहित कार्य ही पहली प्राथमिकता- मुख्य अभियंता

### बिलासपुर क्षेत्र के 10 लाइन कर्मियों को किया गया सम्मानित

### विद्युत कंपनी ने मनाया लाइनमैन दिवस

**बिलासपुर,** 5 मार्च (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड बिलासपुर क्षेत्र, द्वारा तिफरा स्थित कल्याण भवन में लाईनमैन दिवस मनाया गया। जिसमें विभिन्न मैदानी कार्यालयों में कार्यरत 60 लाइनकर्मी उपस्थित हुये। जिन्हे प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया ।



लाइनमैन दिवस के अवसर पर तिफरा स्थित कल्याण भवन में एक दिवसीय सम्मान समारोह एवं दुर्घटना रहित कार्यशैली विषय पर वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कोरबा वृत्त, बिलासपुर वृत्त एव नगर वृत्त बिलासपुर के मैदानी स्तर पर कार्यरत लाईन कर्मी उपस्थित हुये। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य अभियंता डी.के.भोजक ने मैदानी अमले को सुरक्षा उपकरणों जैसे सेफ्टी बेल्ट, हेलमेट, दस्ताने, टेस्टर, डिस्चार्ज रॉड आदि का उपयोग करते हुए कार्य करने के साथ ही सुरक्षा उपकरणों की नियमित तौर से जांच करने एवं खराब होने पर उन्हे तत्काल बदलने के निर्देश दिये। सुरक्षा उपकरणों के सुरक्षात्मक उपयोग के बारे में विस्तार से बताते हुए कर्मचारियों के द्वारा किस प्रकार इनका उपयोग करना है इसकी जानकारी दी गई। बिलासपुर क्षेत्र के मुख्य अभियंता ए.के.धर ने कर्मियों से सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए कार्य करने के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। साथ ही श्री धर ने कहा कि ज्यादातर हादसे कर्मियों की छोटी-छोटी लापरवाही से होते हैं, इसलिए बचाव के साधनों का पूरा उपयोग करते हुए ही बिजली का कार्य करना चाहिये। उन्होंने कहा सुरक्षा का मूलमंत्र है, कि एक सेफ्टी जोन बनाकर कार्य करें। साथ ही समस्त तकनीकी कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरणों एवं उपायों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश भी दिये। विद्युत सुरक्षा के बुनियादी सिद्धांतों को समझकर तथा पालन करके ही विद्युत संबंधी दुर्घटनाएं रोकी जा सकती हैं। कार्यक्रम के दौरान तकनीकी कर्मचारियों द्वारा अपने सुरक्षा संबंधित अनुभव एवं कार्य के दौरान आने वाले परेशानियों को भी साझा किया गया। कार्यक्रम के अंत में बिलासपुर क्षेत्र अंतर्गत मैदानी स्तर पर कार्यरत 10 कर्मियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता सुरेश जांगड़े कार्यपालन अभियंता एच.के.मंगेशकर सहायक अभियंता गिरीश श्रीवास्तव एवं प्रकाशन अधिकारी मुकेश माथुर उपस्थित रहे।

# परिश्रम से मिली सफलता बेशकीमती होती है - धर्मजीत सिंह

**बिलासपुर,** 5 मार्च (देशबन्धु)। स्थानीय डी.पी. विप्र महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के प्रथम दिवस में मुख्य अतिथि धर्मजीत सिंह विधायक तखतपुर विधानसभा क्षेत्र, विशिष्ट अतिथि सुशांत शुक्ला बेलतरा विधानसभा क्षेत्र, विशिष्ट अतिथि रजनेश सिंह, पुलिस अधीक्षक बिलासपुर, प्राचार्य, डॉ. (श्रीमती) अंजू शुक्ला, अविनाश सेठी अध्यक्ष, एलुमिनी कमेटी एवं अभिनव तिवारी उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि धर्मजीत सिंह ने अपने वक्तव्य में में कहा कि विद्यार्थियों के लिए महाविद्यालय का समय जिन्दगी का अविस्मणीय क्षण होता है। यही आपका शिक्षा, बौद्धिक एवं सांस्कृतिक विकास होता है। असफलता से कभी आपको निराश नहीं होना चाहिए बल्कि उससे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहिए। यह महाविद्यालय संघर्ष की गाथा के साथ निरंतर सफलता को प्राप्त कर रहा है। सुशांत शुक्ला ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। युवाओं के अंदर एक जज्बा होता है कि वे अपने तार्किक तथ्यों के साथ अपनी बातों को मनवा सके। छात्र-छात्राएं अपने शैक्षणिक एवं सांस्कृतिम माध्यमों से अनुभवों को ग्रहण कर आगे बढ़े। श्री





रजनेश सिंह जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि सामाजिक मूल्यों गिरावट के पीछे नशा सबसे मुख्य कारण है। छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा भारत युवाओं का देश होने के नाते इस समस्या से ग्रसित होने के कारण विकास नहीं कर पा रहा है। 'आपरेशन प्रहार' के माध्यम से विद्यार्थियों से पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की बात कही। साथ ही अच्छी सोच और अच्छे विचारों को उपर रखकर कुविचारों को छोड़ने की बात कही। डॉ.(श्रीमती) अंजू शुक्ला ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारे महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं स्वयं अनुशासन स्थापित कर हर कार्यक्रम सफल बनाते हैं।

जिसका परिणाम महाविद्यालय के विद्यार्थी, शिक्षक, एन.सी.सी., एन. एस. एस., विज्ञान प्रर्दशनी में उत्कृष्ट प्रदर्शन के रूप में देखा जा सकता है। फल की चिंता किए बगैर कर्म करना विद्यार्थियों का कर्तव्य होता है। अविनाश सेठी ने छात्र-छात्राओं एवं महाविद्यालयीन प्रगति का उल्लेख करते हुए महाविद्यालीयन विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। और बताया कि महाविद्यालय के 10 मॉडल पेंटेंट और 15 प्रोसेस में है। टिकेश प्रताप ने कहा कि महाविद्यालय के लिए यह बहुत गौरव का समय है कि महाविद्यालय लगातार दो बार ए ग्रेड और यू.जी.सी. द्वारा आटोनॉमस की दर्ज उपलब्ध करायी है। और साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि आगे भविष्य में यह डीम्बड विश्वविद्यालय भी बनेगा। इस अवसर पर महाविद्यालय द्वारा 2021-22 में विश्वविद्यालय में प्रावीण्य सूची एवं साईनेक्स मिलेनियम में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. एम.एस. तम्बोली एवं आभार प्रदर्शन अरूण नथानी नें किया। इस अवसर पर रंगानादम, लक्ष्मी यादव, वीरेन्द्र साहू, जित्तू ठाकुर, गोविन्द सेठी, शिवा गेंदले, आशीष चतुर्वेदी, चित्रकांत निरडवार, परिवेश दीवान, विकास सिंह, मनीष मिश्रा, आशीष मिश्रा, उमेश साहू, बृजेश बोले, बलराम जायसवाल, हिमेश साहू, मनोज मेंसराम, अरूण नथानी, यश मिरानी, सुरेन्द्र अहिरवार, सचिन सूर्या, सन सूर्या, नीरज गोस्वामी,विक्रान्त श्रीवास्तव, प्रवीण देवांगन, यजूर तिवारी डॉ. मनीष तिवारी, डॉ. विवेक अम्बलर, तोरण यादव, एन.सी.सी., एन.एस.एस. एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राएँ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# गर्ल्स कालेज की छात्राओं ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**बिलासपुर,** 5 मार्च (देशबन्धु)। शासकीय बिलासा कन्या सातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, बिलासपुर के भूगोल विभाग द्वारा 5 दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण रहा। भौगौलिक भ्रमण के अन्तगत कुल्लू-मनाली, सोनांग वैली सुंदर नगर, रेहली आदि स्थानों का भ्रमण किया । छात्राओं ने पहले मनाली में हिडिम्बा मन्दिर, वष्शिठ आश्रम, वन विहार के साथ-साथ मालरोड़ के मार्केटिंग का आनंद लिया। यात्रा के दूसरे दिन सोलांग वैली का भ्रमण करते हुए बर्फबारी के बीच साहसिक खेलों में सहभागिता दी।

## NECC

| 04.03.2024 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 470 | 60 | 185 |
| चिल्हर | 6.00 | 75 | 210 |

डिलीवरी 485 सैकड़ा

दर्जन अंडा 70 रु.

मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.

CSPFA

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188